मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 205 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 22 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया हैरिटेज पार्क का उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्तरी दिल्ली नगर निगम द्वारा पुरानी दिल्ली में लाल किले के सामने बनाए गए हैरिटेज पार्क का उद्घाटन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, हैंडीक्राफ्ट म्यूजियम और चांदनी चौक की चाट के साथ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने लाल किले के सामने और जामा मस्जिद के समीप अनूठे चरतीलाल गोयल हैरिटेज पार्क का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति द्वारा उदघाटन करते ही हैरिटेज पार्क रोशनी में नहा गया और विशेष रूप से बनाए गए ओपन ऑडिटोरियम में अदिति मंगलदास का कत्थक प्रस्तुतिकरण शुरू हो गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पहले नामपट का उद्घाटन किया और फिर दिल्ली के पहले विधानसभा अध्यक्ष चरती लाल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। राष्ट्रपति कोविंद के साथ चरतीलाल गोयल के पुत्र पूर्व केंद्रीय मंत्री और गांधी स्मृति एवं गांधी दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल थे। इस अवसर पर उपराज्यपाल अनिल बैजल, उत्तरी दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर संजय गोयल, डिप्टी कमिश्नर विजय कुमार देव, मेयर राजा इकबाल सिंह, आर्किटेक्ट कपिल अग्रवाल, कई राजनीतिक हस्तियां उपस्थित थे। इस हैरिटेज पार्क की 2017 में कल्पना करने वाले विजय गोयल ने बताया कि यह हैरिटेज पार्क देश-विदेश के



पर्यटकों के लिए बहुत बड़ा आकर्षण का केंद्र बनेगा और चांदनी चौक में आने वाले पर्यटकों को यहां के व्यंजन, कलाकृतियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम एक साथ देखने को मिलेगा। गोयल ने कहा कि इस पार्क को बनाने वाले आर्किटेक्ट कपिल अग्रवाल उत्तरी दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर संजय गोयल की टीम ने इसको पूर्ण करने के लिए बहुत मेहनत की है। राष्ट्रपति ने पूरे पार्क को घूमकर देखा, कई जगह फोटो खिंचवाए, सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक देखी और वे बहुत आनंदित हुए। राष्ट्रपति और चरती लाल ने किसी समय में एक साथ भारतीय जनता पार्टी में काम किया था। गोयल ने कहा कि इसके रख-रखाव के लिए टिकट बहुत जरूरी है और प्राइवेट संस्थाओं को भी सामने आना होगा ताकि यहां पर लगातार कार्यक्रम होते रहें। गोयल ने कहा कि शीघ्र ही इसके दूसरे चरण का काम शुरू होगा। जिसके लिए और फंड की जरूरत होगी एवं कई अतिक्रमण हटाने होंगे।

परेड ग्राउंड के नजदीक बनाए गए इस पार्क में पुरानी दिल्ली की झलक देखने को मिलेगी। पार्क में बेंच और रेलिंग के डिजाइन को पुरानी दिल्ली की हवेलियों की तर्ज पर विकसित किया गया है। उत्तरी दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार लाल किले और जामा मस्जिद के बीच हैरिटेज पार्क की कल्पना 2017 में राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने की थी। हैरिटेज पार्क में लाल पत्थर, दिल्ली क्वार्टजाइट पत्थर और लोहे की ग्रिल में समृद्ध नक्काशी के साथ सुंदर चारदीवारी शामिल है। पार्क में लोगों के लिए वॉक-वे, ओपन एयर थिएटर, पैनोरमा जैसी आधुनिक सुविधाएं आम जनता के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। निगम अधिकारियों का मानना है कि सार्वजनिक सुविधाओं जैसे शौचालय, पार्किंग, शॉपिंग काउंटर, डिजाइनर लैंप पोस्ट और फोकस लाइट के साथ हैरिटेज पार्क आने वाले दिनों में पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन जाएगा क्योंकि यह आधुनिक सुविधाओं और प्राकृतिक सुविधाओं के साथ विरासत का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## हमारे गुरुकुल के विद्यार्थियों के परिवारों की सामूहिक शक्ति को आजादी का अमृत महोत्सव में एक जुट करें : पीएम

- भारत में गुरुकुल परम्परा को पुनः प्रस्थापित कर भारत को श्रेष्ठ बनाएँ : मुख्यमंत्री
- SGVP में 'धर्मजीवन गाथा' ग्रंथ के विमोचन कार्यक्रम में मोदी रहें वर्चुअली उपस्थित, पटेल हुए सहभागी

अहमदाबाद, एजेंसी अहमदाबाद के सरखेज-गांधीनगर राजमार्ग पर स्थित एसजीवीपी गुरुकुल में आयोजित भाववंदना पर्व को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनके द्वारा दिया गया ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ण के सूत्र के मूल में पूज्य शास्त्रीजी-स्वामी धर्मजीवनदासजी के विचार शामिल है। इस अवसर पर स्वामी श्री माधवप्रियदासजी लिखित ह्यधर्म जीवन गाथाह्ण ग्रंथ का विमोचन के असवर पर भारी भीड़ को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामिनारायण संप्रदाय के सभी सत्संगी स्वदेशी के विचार को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। उन्होंने संतों को सत्संगियों के परिवारजनों की सामूहिक शक्ति को जोड़कर



आजादी का अमृत महोत्सव में योगदान देने के लिए अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छ भारत के निर्माण में सत्संगियों की सामूहिक शक्ति बहुत उपयोगी हो सकती है। इस अवसर पर स्वामी श्री माधवप्रियदासजी लिखित ह्यधर्मजीवन गाथाह्ण ग्रंथ की प्रथम प्रति मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंपी गई।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी श्री धर्मजीवनदासजी ने भगवान स्वामिनारायण द्वारा प्रचारित शिक्षापत्री के संदेश को जीवन में उतारकर समाज के निर्माण का कार्य किया है। इस असवर पर मुख्यमंत्री ने भारत के गुरुकुल परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुकुल परम्परा को पुनः स्थापित कर हम ह्यश्रेष्ठ भारतह्ण की परिकल्पना को साकार कर सकते है। मुख्यमंत्री ने इस असवर पर समाज को व्यसनमुक्त बनाने में स्वामिनारायण संप्रदाय द्वारा निभाई गई भूमिका की भी सराहना की।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला, अहमदाबाद शहर के महापौर किरीट परमार, कृषि मंत्री राघवजी पटेल, दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश डी. एन. पटेल तथा स्वामिनारायण संप्रदाय के संत तथा विशाल संख्या में हरिभक्त उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन में हो रही जनहानि के लिए रूस जवाबदेह : स्कॉट मॉरीसन

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने भारत के अपने समकक्ष नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल शिखर वार्ता में सोमवार को कहा रूस के यूक्रेन में ह्यभयानकह्ण आक्रमण करने के बाद युद्धग्रस्त देश में हुई जनहानि के लिए रूस को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। मॉरिसन ने यूक्रेन संकट पर क्वाड देशों के नेताओं की हाल में हुई बैठक का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इससे हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए मौजूदा घटनाक्रम के असर और परिणामों पर चर्चा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि हम यूरोप में भयानक स्थिति से व्यथित हैं, हालांकि हमारा ध्यान हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर अधिक केंद्रित है। वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में विविध क्षेत्रों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंधों में काफी प्रगति देखी गई है। उन्होंने कहा कि वृहद आर्थिक सहयोग समझौते के लिए वार्ता के नतीजे पर पहुंचना आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिहाज से बेहद अहम होगा। उन्होंने कहा कि हमारी भागीदारी मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए प्रतिबद्धता को दशार्ती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खनिज, जल प्रबंधन और अक्षय ऊर्जा के अहम क्षेत्रों में तीव्र गति से सहयोग बढ़ रहा है। उन्होंने कहा मैं खुश हूं कि हम दो देशों के बीच वार्षिक शिखर वार्ता का तंत्र स्थापित कर रहे हैं।

### यूपी में 25 मार्च को शपथ लेंगे योगी, मोदी भी शपथग्रहण में लेंगे हिस्सा

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के 25 मार्च को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों में जुटा हुआ है। शपथ ग्रहण समारोह 25 मार्च की शाम चार बजे राजधानी में शहीद पथ स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में किया जाएगा। भाजपा ने शपथ ग्रहण में भाग लेने वाले अपने कार्यकताओं के लिए कुछ निर्देश जारी किए हैं। भाजपा ने कहा है कि शपथ ग्रहण के दिन कार्यकर्ता सुबह 8 बजे से 10 बजे तक भगवान की पूजा करें। भाजपा के निर्देश में यह भी कहा गया है कि सभी अपनी अपनी विधानसभा क्षेत्र से शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हों। इसके अलवा यह भी कहा गया है कि जो लोग गाड़ी से आ रहे हैं, वे अपनी गाड़ी पर भाजपा का झंड़ा लगाएं। अपर मुख्य सचिव (सूचना) नवनीत सहगल ने इकाना स्टेडियम का दौरा किया और स्टेडियम प्रबंधन के साथ शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों पर विस्तार में चर्चा की। सहगल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां मुख्य सचिव डीएस मिश्रा के नेतृत्व में की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में करीब 75 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के तटस्थ रुख को क्वाड देशों ने सराहा

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस-यूक्रेन जंग को लेकर भारत के तटस्थ रुख की क्वाड देशों के समूह ने प्रशंसा की है। आस्ट्रेलिया ने कहा कि ह्यक्वाडह्ण के सदस्य देशों ने यूक्रेन में रूस के हमलों पर भारत के रुख को स्वीकार किया है। साथ ही, इस युद्धग्रस्त देश (यूक्रेन) में संघर्ष को खत्म करने की अपील करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने संपर्कों का उपयोग करने से कोई भी देश नाखुश नहीं होगा। इससे अलग, कूटनीतिक सूत्रों ने कहा कि यूक्रेन में रूसी हमलों पर भारत का रुख 1957 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा अपनाई गई उस नीति से प्रेरित नजर आता है, जिसके मुताबिक भारत निंदा करने का काम नहीं करता है और यह टकराव के समाधान की गुंजाइश बनाने पर ध्यान केंद्रित करता है।



यूक्रेन में रूस के हमले पर भारत के रुख को लेकर पश्चिमी देशों में कुछ बेचैनी होने के बीच सोमवार को मोदी की उनके आस्ट्रेलियाई समकक्ष स्कॉट मॉरिसन के साथ होने वाली डिजिटल शिखर बैठक में यूक्रेन संकट पर चर्चा होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि भारत ने यूक्रेन पर रूस के हमले की निंदा नहीं की है, जबकि क्वाड के अन्य सदस्य देशों--अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया--ने मास्को की इस सैन्य कार्रवाई की निंदा की है। वहीं, भारत का यह कहना है कि संकट का हल वार्ता और कूटनीति के जरिए किया जाना चाहिए। भारत में नियुक्त आस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बैरी ओ फारेल ने संवाददाताओं से कहा, ह्यक्वाड देशों ने भारत के रुख को स्वीकार किया है। हम समझते हैं कि हर देश का एक द्विपक्षीय संबंध है और यह विदेश मंत्रालय तथा प्रधानमंत्री मोदी की खुद की इन टिप्पणियों से स्पष्ट है कि उन्होंने संकट को खत्म करने की अपील करने के लिए अपने संपर्कों का उपयोग किया है। और कोई भी देश इससे नाखुश नहीं होगा।' दरअसल, यूक्रेन में रूसी आक्रमण पर भारत के रुख और इसके (भारत के) द्वारा रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदने पर पश्चिमी देशों में बेचैनी बढ़ने के बारे में आस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त से सवाल किया गया था।

एक सूत्र ने कहा, ह्ययूक्रेन में जो कुछ हो रहा है उसका समर्थन करने का भारत पर किसी ने आरोप नहीं लगाया है। भारत जो कुछ करने की कोशिश करता नजर आ रहा है वह 65 साल पहले नेहरू द्वारा तैयार की गई नीति के अंतर्गत ही है।ह्ण रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को एक स्वतंत्र एवं खुली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कायम रखने के लिए मनाने में मोदी से सहयोग का जापानी प्रधानमंत्री फुमिया किशिदा द्वारा आग्रह किये जाने का जिक्र करते हुए सूत्रों ने कहा कि यह भारत के महत्व और उससे उम्मीदों को प्रदर्शित करता है। शनिवार को किशिदा और मोदी के बीच शिखर वार्ता में यूक्रेन का मुद्दा प्रमुखता से उठा था। क्वाड के सदस्य देशों में भारत, जापान, आस्ट्रेलिया और अमेरिका शामिल हैं।

## राज्यसभा मे उठा मार्च माह से गर्मी का प्रकोप शुरू होने का मुद्दा

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा में सोमवार को सदस्यों ने मार्च महीने से ही गर्मी का प्रकोप शुरू होने, कोविड-19 रोधी टीकों की एहतियाती खुराक को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश न होने और ऑनलाइन खेलों के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताई और सरकार से इन विषयों को लेकर आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। शून्यकाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विकास महात्मे ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा कुछ राज्यों में लू को लेकर जारी की गई चेतावनी का उल्लेख करते हुए कहा मार्च के महीने में ही लोग प्रचंड गर्मी का प्रकोप झेल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इससे गरीब और किसान सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा सिर्फ चेतावनी जारी करना ही काफी नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह राज्यों को एक दिशा-निर्देश जारी करे कि उन्हें बचाव के क्या-क्या उपाय करने चाहिए। सरकार को सभी राज्यों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया भी जारी करनी चाहिए। सभापमि एम वेंकैया नायडू ने भी मौसम में अचानक से आए इस बदलाव पर चिंता जताई और कहा कि यह एक गंभीर मामला है। उन्होंने कहा मार्च में इतनी गर्मी है तो आगे क्या होगा? उन्होंने राज्यसभा में भाजपा के उपनेता मुख्तार अब्बास नकवी से कहा कि सरकार को इस दिशा में आवश्यक कदम उठाने चाहिए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की वंदना चव्हाण ने भी मौसम के इस रुख पर चिंता जताई। शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने 60 साल से कम उम्र के लोगों के लिए कोविड-19 रोधी टीकों की एहतियाती खुराक लेने को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं होने पर चिंता जताई और कहा कि सरकार ने इस बारे में अभी तक कोई नीति निर्धारित नहीं की है।

उन्होंने कहा इसके अभाव में विदेश जाने भारतीयों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई यूरोपीय देशों में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं और ऐसे में भारत में बूस्टर खुराक को लेकर एक नीति होनी चाहिए। चतुर्वेदी ने कहा कि देश में हमने वह दौर भी देखा है, जब टीकों की कमी थी और लोग समय पर टीका नहीं लगा पा रहे थे। उन्होंने कहा अब तक टीके भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं लेकिन इसके बावजूद 60 वर्ष से नीचे के लोगों को एहतियाती खुराम देने के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री को एक स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करना चाहिए, ताकि 60 वर्ष के कम उम्र के लोगों को बूस्टर खुराक लग सके।

## पाक अधिकृत कश्मीर को आजाद कराने के लिए केंद्र सरकार कृतसंकल्प : जितेंद्र सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कठुआ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि मोदी सरकार ने अपने पिछले दो कार्यकाल में कई ऐसे बड़े कदम उठाएं हैं, जो सालों से विवादों में थे। मोदी सरकार ने अपनी सूझबूझ से इन राजनीतिक मुद्दों को हमेशा के लिए सुलझा दिया है। इन मुद्दों पर सालों तक राजनीति होती रही और राजनीतिक पार्टियों ने इसको ढाल बनाकर खूब चुनाव प्रचार किया। चाहे वह 30 सालों से उलझा राम मंदिर का मुद्दा हो या फिर कश्मीर में लगी धारा 370, सरकार ने कुछ ऐतिहासिक कदम उठाए और विवाद को खत्म किया।

आज जम्मू कश्मीर के हालात काफी अच्छे हो गए हैं, वहीं राम मंदिर का मुद्दा सलझने से लोग इतने खुश है कि योगी सरकार को प्रचंड बहुमत से एक बार फिर से राज्य में लेकर आ गए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में 5 राज्यों में से 4 राज्यों में भाजपा को बहुमत मिला है। जो यह दशार्ता है कि मोदी सरकार पर लोग विश्वास करते हैं। अब पीओके को लेकर मोदी सरकार के मंत्री ने जो बात कहीं हैं, वह भारतीयों को गर्व से भर देगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को भारतीय क्षेत्र में फिर एकीकृत करने के अपने लक्ष्य के प्रति दृढ़ है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में महाराजा गुलाब सिंह की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा 1994 में प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारतीय संसद द्वारा एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद की एकमात्र वजह पीओके है। सिंह ने जोर देकर कहा, यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि जम्मू-कश्मीर का वह हिस्सा, जो अभी भी पाकिस्तान के अवैध कब्जे में है, भारतीय क्षेत्र में फिर से एकीकृत हो गया है।

## चीन में प्लेन क्रैश: सभी 132 लोगों की मौत की आशंका, जिनपिंग ने दिया जांच का आदेश

बीजिंग, एजेंसी। चीन में सोमवार दोपहर को हुए प्लेन क्रैश में विमान में सवार सभी 132 लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल चीनी अथॉरिटीज ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। हादसा इतना भीषण था कि जहां विमान गिरा, उस पहाड़ पर आग लग गई। चीनी मीडिया का कहना है कि इस हादसे में किसी का भी जिंदा बच पाना मुश्किल लग रहा है। इस घटना पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गहरा दुख जताया है और मामले की जांच का आदेश दिया है। यह विमान चीन के युन्नान प्रांत की राजधानी कुनमिंग से उड़ान भरकर ग्वांगझू के लिए रवाना हुआ था, जो हॉन्गकॉन्ग के नजदीक है। अब तक इस हादसे के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है कि इसकी वजह क्या थी। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट राडार 24 के मुताबिक यह विमान 31,000 फुट प्रति मिनट की रफ्तार से नीचे गिरा था। एक बयान में चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने कहा कि यही पुष्टि की जा सकती है कि विमान क्रैश हो गया। फिलहाल इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि विमान के परखच्चे उड़ गए और बांस के पेड़ों में भीषण आग



लग गई। फिलहाल मलबे में लोगों को तलाशा जा रहा है, लेकिन किसी के भी जीवित पाए जाने की संभावना नहीं है।

एयरलाइन कंपनी और चीन के उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि विमान जब वुझोउ शहर के ऊपर था, तब उससे संपर्क टूट गया था। इस विमान ने दोपहर 1:11 बजे उड़ान भरी थी और उसे 3 बजकर 5 मिनट पर ग्वांगझू में लैंड करना था। लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि वह इस हादसे की खबर से हैरान और दुखी हैं। उन्होंने घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच का आदेश दे दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों को बचाने की हर संभावना पर काम होना चाहिए और यह भी पता लगाना जरूरी है कि आखिर यह घटना क्यों हुई।

## चौथी लहर को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है एक्सपटर्स

### चीन और यूरोप में मचा हुआ है हाहाकार

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना वायरस की चौथी लहर को लहर को लेकर भारतीय एक्सपटर्स ज्यादा चिंतित नहीं है। वहीं चीन और यूरोप में हाहाकार मचा हुआ है। ओमिक्रोन का सब-वेरिएंट बीए2 के चलते दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और यूरोप के कई देशों में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में इजाफा देखा जा रहा है। भारत की स्थिति को देखें, तो जानकार यहां चौथी लहर को लेकर ज्यादा चिंतित नजर नहीं आ रहे हैं। इसके लिए वे टीकाकरण और इम्युनिटी समेत कई कारण गिनाते हैं। फिलहाल, कुछ दिनों से देश में संक्रमण के दैनिक मामलों की संख्या लगातार कम रही है।

जाने-माने वायरोलाजिस्ट और वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कालेज (सीएमसी) के पूर्व प्रोफेसर डा टी जैकब जान ने कहा कि कोरोना महामारी की चौथी लहर के आने की संभावना बहुत कम है, लेकिन सतर्क रहने की जरूरत है। डा जान



ने कहा कि फिलहाल न तो वैज्ञानिक और न ही महामारी विज्ञान से जुड़े कोई कारण नजर आ रहे हैं, जिससे यह कहा जा सके कि कोरोना महामारी की चौथी लहर आएगी। परंतु, कोई भी यह भविष्यवाणी नहीं कर सकता है कि यह आएगी ही नहीं। उन्होंने कहा कि भले ही चौथी लहर की संभावना बहुत कम है, लेकिन हमें सतर्क रहने की जरूरत है। वायरस और उसमें होने वाले बदलाव पर नजर बनाए रखना आवश्यक है। प्रोफेसर डा टी जैकब जान ने कहा कि नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग कराते रहना भी जरूरी है, ताकि किसी नए वैरिएंट के उभरने की समय रहते जानकारी मिल सके। यह भी देखते रहना होगा कि स्थानीय स्तर पर ओमिक्रोन के मामले तो नहीं बढ़ रहे हैं। केंद्र ने राज्यों से निगरानी बढ़ाने को कहा दक्षिण पूर्वी एशिया के कुछ देशों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र ने राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से सतर्क रहने और इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और सांस के गंभीर संक्रमण पर निगरानी रखने को कहा है। सरकार ने कहा है कि इन बीमारियों से ग्रसित मरीजों की कोरोना जांच की जाए और संक्रमित पाए जाने पर उनके नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग भी कराई जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोरोना के बारे में सतर्कता बरतने को कहा है। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों और यूरोपीय देशों में कोरोना केस बढ़ने के मद्देनजर यह सतर्कता संदेश भेजे गए हैं। भारत में रविवार को 1,761 केस आए और 127 मौतें दर्ज की गईं। कोरोना के खिलाफ देश में अब तक वैक्सीन की 1,81,21,11,675 डोज दी जा चुकी हैं।

इसका असर भी कोविड संक्रमण दर पर दिख रहा है। भारत में अभी कोरोना के कुल एक्टिव केस 26,240 हैं। अब तक देश में कोविड-19 के 4,30,07,841 मामले आ चुके हैं। वहीं कोरोना ने 5,16,479 लोगों की जान ली है। हालांकि 4,24,65,122 केस में रिकवरी भी हुई है। देश में 27 मार्च से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें फिर शुरू होने वाली हैं। जानकारी के अनुसार, भूषण ने राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया कि आर्थिक और अन्य सार्वजनिक गतिविधियां बढ़ने के बीच कोरोना के मामले में सावधानी भी उतनी ही जरूरी है। इसलिए कोरोना संबंधी नियमों और उपायों के बारे में लोगों को जागरूक करें। नियमों का पालन कराएं।

## कांग्रेस की हार शीर्ष नेतृत्व ही नहीं पार्टी का हर नेता इसके लिए जिम्मेदार: वी. नारायणसामी

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस पार्टी में मचे घमासान के बीच पुडुचेरी से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी. नारायणसामी का बयान आया है। उन्होंने रविवार को कहा कि हाल ही में हुए 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में



कांग्रेस को जो हार मिली है, उसके लिए पार्टी के सभी लोग जिम्मेदार हैं। वर्चुअल प्रेम मीट में नारायणसामी ने कहा कि, 'यह कहना सही नहीं है कि पांच राज्यों में पार्टी का खराब प्रदर्शन पार्टी नेतृत्व के कारण हुआ है। हर कोई किसी न किसी तरह से कांग्रेस की हार के लिए जिम्मेदार हैं। नारायणसामी यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि 'पांच राज्यों में कांग्रेस की हार से पार्टी के नेता और कार्यकताओं को निराश नहीं होना चाहिए। विफलताएं सफलता की सीढ़ियां हैं और इसलिए कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनावों में विजयी होने की रणनीति विकसित करनी चाहिए, हालांकि 5 राज्यों के चुनावों के परिणाम निराश करने वाले थे। श्री नारायणसामी ने यह भी कहा कि, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी यह सुनिश्चित करें कि वित्त वर्ष 2022-2023 के लिए एक पूर्ण बजट विधानसभा के पटल पर पेश किया जाए, क्योंकि अगले वित्त वर्ष के लिए केवल अंतरिम बजट (लेखानुदान) की संभावना है। उन्होंने कहा, 'जब रंगासामी एनडीए सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जिसमें बीजेपी भी शामिल है, तो वह केंद्र में एनडीए सरकार से पर्याप्त धन प्राप्त कर सकते हैं। श्री नारायणसामी रोजगार के मुद्दे पर भी बोले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करे कि सरकारी विभागों में विभिन्न पदों पर उम्मीदवारों का उचित चयन हो। इसमें कहीं से कोई गड़बड़ी न हो।

# अगर केजरीवाल में हिम्मत होती तो पंजाब चुनाव से पहले आंगनबाड़ी महिलाओं को बर्खास्त करते: आदेश गुप्ता



नई दिल्ली। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार द्वारा आंगनबाड़ी महिलाओं को बर्खास्त करना मानवीयता को शर्मसार करने वाली निंदनीय घटना है। भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली की समस्याओं को लेकर 23 मार्च को विधानसभा के बाहर प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेंगे। नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ हुए आज एक संयुक्त प्रेसवार्ता में श्री गुप्ता ने कहा कि खुद को दिल्ली का बेटा कहने वाले केजरीवाल ने पंजाब चुनाव से पहले 1000 रुपये महिलाओं को प्रतिमाह भत्ता देने की बात कही थी और दिल्ली में आंगनवाड़ी महिलाओं को बर्खास्त करने का काम कर रहे हैं। अगर केजरीवाल में हिम्मत होती तो वे महिलाओं को पंजाब चुनाव से पहले बर्खास्त करके दिखाते।

श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उपराज्यपाल के पास आंगनबाड़ी महिलाओं की समस्याओं को लेकर जाएगा जिसमें आंगनबाड़ी महिलाओं के मानदेय को बढ़ाने, आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) को हटाने एवं उनके टर्मिनेशन को वापस करने की तीन सूत्रीय मांगें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सभी आंगनबाड़ी महिलाओं के साथ खड़ी है और जब तक उनका टर्मिनेशन लेटर वापस नहीं लिया जाता तब तक केजरीवाल सरकार के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आंगनबाड़ी महिलाओं के ऊपर पूरी दिल्ली निर्भर है। गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच, विटामीन मिल रहा है या नहीं एवं अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का वहन आंगनवाड़ी महिलाएं करती हैं एवं ऐसी महिलाओं के प्रति अन्याय एवं शोषण का काम केजरीवाल सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रित तरीके से उठाए गए आवाज को कैसे दबाया जाए इसका पहला उदाहरण दिल्ली सरकार द्वारा आंगनबाड़ी बहनों को बर्खास्तगी है। कोरोना काल में जिन बहनों ने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान गंवाई उन्हें पुरस्कार देने की जगह नौकरी से निकाल दिया गया।

नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल से मांग करते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार जिन 991 आंगनबाड़ी कार्यकताओं को नौकरी से बर्खास्त किया है, उन्हें तत्काल प्रभाव से वापस लें एवं न्यूनतम वेतन कम से कम 20,000 रुपये देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को होने वाले विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाजपा के सभी विधायक शामिल होंगे और दिल्ली की सभी समस्याओं को लेकर आवाज बुलंद करेंगे।

श्री बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल सरकार आंगनबाड़ी वर्कर्स को 9600 रुपये और हेल्पर 4800 रुपये दिए जाते हैं और ठीक इसी तरह गेस्ट टीचर को नियमित करने एवं उनकी सैलरी में बढ़ोतरी करने की बात उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया कह चुके हैं, लेकिन आज तक नहीं हो पाया है। वोकेशनल टीचर जिन्हें केजरीवाल सरकार 16000 रुपये तनख्वाह देती है जबकि अन्य राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो वहां 32000 रुपये दिए जाते हैं। जबकि आशा वर्कर्स को केवल 4000 रुपये दिल्ली सरकार दे रही है। कुशल श्रमिक (स्कील्ड वर्कर्स) को सिर्फ 19443 रुपये तय किया गया है, जो कि न्यूनतम वेतन भी नहीं है। इन सभी मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। आज हुए संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजन तिवारी, मीडिया सह-प्रमुख श्री हरिहर रघुवंशी एवं प्रदेश प्रवक्ता श्री आदित्य झा सहित आंगनबाड़ी की महिलाएं भी उपस्थित थीं।

# एसडीएम नहीं मेरे बेटे हो तुम: पार्वती चटर्जी बुजुर्ग महिला



» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

लक्ष्मी नगर के एक घर में रहने वाली बुजुर्ग महिला पार्वती चटर्जी की उम्र 63 साल है उनकी अचानक तबियत खराब हो गई उनके पड़ोसी उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए जहाँ उन्हें इलाज नहीं मिला बल्कि जीबी पंत रेफर कर दिया गया और मल्टीपल बीमारियां बताइ, जब पड़ोसियों ने पंत

हॉस्पिटल में बात की तो उन्होंने कहा कि गेस्टोलोजी की इमेरजेंसी नही है। फिर लोग शनिवार को पार्वती को घर लेकर आ गए।इसी बीच क्षेत्रीय एसडीम ( प्रीत विहार ) राजेंद्र कुमार को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने डीएम सोनिका सिंह से चर्चा की उन्होंने बिना समय गवाएँ त्वरित कार्यवाही करने का आदेश दिया और रविवार की सुबह सिविल डिफेंस की टीम उनकी सहायता के लिए उनके घर पर पहुंच गई। सिविल डिफेंस की टीम के अवतार सिंह और कविता भल्ला पार्वती को एम्बुलेंस में लोक नायक हॉस्पिटल ले गएजहां उन्हें दाखिल करने से मना कर दिया उसके बाद प्रिंसिपल हेल्थ सेक्रेट्री मनीषा सक्सेना और स्पेशल हैल्थ सेक्रेटरी कुलानंद जोशी ने अपने अथक प्रयासों से उन्हें लोक नायक अस्पताल में भर्ती करवाया ।रविवार की शाम 4:00 बजे जब एसडीएम राजेंद्र कुमार बुजुर्ग महिला पार्वती का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुंचे तो बुजुर्ग महिला की आंखों से आसुँ बहने लगे और वह भर्राए गले से एसडीएम से बोलीं की तुम एसडीएम नहीं मेरे बेटे हो ।इस घटना से जनता में यही बात हो रही है कि आज के दौर में भी इंसानियत जिंदा है तो सिर्फ इस तरह के ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की वजह से ।

## संक्षिप्त समाचार

### 19 नट्सम्राट नाट्योत्सव का हुआ समापन



अभिषेक मानव, दिल्ली । वरूण शर्मा के निर्देशन में निर्देशित नाटक एक रूका हुआ फैसला नाटक के मंचन के साथ 19वें नट्सम्राट नाट्योत्सव का समापन राजधानी के पूर्वी दिल्ली स्थित नरेज्यान स्टूडियो में हुआ । इस नाटक में अंकित धवन,उत्कर्ष गौड़, शिवम् उज्जवल, अनुराग यादव,निशांत, गौरव राणा,सोनू, सौरव, ईशान जैन, संभव गुप्ता,नमन और श्रवण जैसे वरिष्ठ रंगकर्मियों की अभिनय क्षमता को सराहा गया । नाटक में प्रकाश परिकल्पना की जिम्मेदारी आदर्श ने निभाई तो संगीत देव ने दिया । इस अवसर पर नट्सम्राट समूह के निर्देशक श्याम कुमार ने कहा कि हमारे आयोजन का उद्देश्य भारतीय रंगमंच को नमी ऊंचाई प्रदान करना है ।

### कोरोना के नए केस में 12 प्रतिशत की कमी पिछले 24 घंटे के दौरान देश में आए 1549 नए मामले

नई दिल्ली, एजेंसी । भारत में बीते 24 घंटों में कोविड-19 के 1,549 नए मामले सामने आने के बाद देश में कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,30,09,390 हो गई । वहीं इस वक्त देश में कोरोना के स्क्रिय मामले 25,106 हो गए हैं । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में बीते एक दिन में 31 लोगों ने अपनी जान गवांई है जिसके बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 5 लाख 16 हजार 510 हो गई है । केंद्र-शासित प्रदेश अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 का कोई नया मामला सामने नहीं आया है । स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि द्वीप समूह में संक्रमितों की संख्या 10,029 पर बनी हुई है । अधिकारी के मुताबिक, केंद्र-शासित प्रदेश में वर्तमान में केवल दो उपचाराधीन मरीज मौजूद हैं, जबकि पिछले 24 घंटों में दो मरीज सहित अब तक कुल 9,898 लोग कोरोना वायरस के संक्रमण से उबर चुके हैं । उन्होंने कहा कि बीते घंटों में संक्रमण से किसी की मृत्यु न होने से मृतक संख्या 129 पर बनी हुई है । अंडमान एवं निकोबार में रविवार को भी कोविड-19 का कोई मामला नहीं दर्ज किया गया था । अधिकारी के अनुसार, द्वीप समूह में अब तक कुल 6,09,219 लोगों को कोविड-19 रोधी टीके की खुराक दी जा चुक है । उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अब तक 7,07,915 नमूनों की कोरोना जांच की जा चुकी है ।

# पंजाब की जीत व होली मिलन कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया !

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र टैगोर गार्डन वार्ड 005- एस, स्थित आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष लवजीत शर्मा द्वारा पंजाब के चुनाव में पार्टी की जीत की विजय प्राप्त होने कि खुशी व होली के अवसर पर होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया! इस रंगारंग कार्यक्रम में गायक व गायिका ने आए हुए सभी लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया, सारा वातावरण फूलों का गुलाबों महक से सुगंधित हो गया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनेंद्र भारद्वाज व शैलेंद्र पांडे रहे ! इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारद्वाज ने खुशी के मौके पर रंगो व फूलों के साथ आए हुए सभी लोगों को पंजाब की जीत तथा होली की बहुत-बहुत बधाई दी ! कार्यक्रम में इस रंगों के त्यौहार को रंगीन बनाते हुए अपने स्वभाव से शैलेंद्र पांडे ने कहा, आप जनता के कार्यों को करें, जनता आपको ताज पहना देगी, सभी आए लोगों को पंजाब की ऐतिहासिक जीत पर बधाई देते हुए कहा आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से जो वादे किए, उसे पूरा किया है ! इस खुशी के माहौल में, आम आदमी पार्टी के नेता सिम्मी लवजीत शर्मा ने सभी आए साथियों के साथ रंगों और फूलों की होली खेली आए सभी लोगों को सिम्मी लवजीत शर्मा ने गुलदस्ता देकर व गुलाल लगा कर व गले में शॉल पहनाकर जोरदार स्वागत किया ! इस रंगारंग कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के संगठन मंत्री सुमन मिश्रा, श्रीमती परनीत कोचर, इंद्रजीत सिंह कोचर (मोंटी) आर०पी०एस०

चौहान, सुरेंद्र फूल वाला, विक्की सिंह, किरण मल्होत्रा के अलावा अनेकों लोगों का इस रंगारंग कार्यक्रम में आए सभी लोगों को धन्यवाद तथा होली की शुभकामनाएं सिम्मी लवजीत शर्मा ने दी !





# धर्म व जाति के आधार पर लोगों को लड़ाते हैं सियासी दल, कांग्रेस भी इसकी अपवाद नहीं : आजाद

## गुलाम नबी ने दिए राजनीति से संन्यास लेने के संकेत

श्रीनगर, एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने कहा कि उन्हें वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए राजनीतिक दलों की क्षमता को लेकर गंभीर आपत्ति है। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में नागरिक समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपने संबोधन में सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने के संकेत भी दिए। गुलाम नबी आजाद ने कहा अब अक्सर मेरा मन राजनीति से संन्यास लेकर समाज सेवा में सक्रिय होने का करता है। जम्मू में एक कार्यक्रम के दौरान नागरिक समाज के सदस्यों को संबोधित करते हुए, आजाद ने कहा कि हमको समाज में एक बदलाव लाना है। कभी कभी मैं सोचता हू और यह कोई बड़ी बात नहीं होगी कि अचानक आप लोगों को पता चले कि मैं सक्रिय राजनीति से रिटायर हो गया और समाज सेवा के कार्य में जुट गया हूं। जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता एमके भारद्वाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने 35 मिनट के संबोधन की शुरूआत में ही आजाद ने स्पष्ट कर दिया कि वह इस मंच पर कोई राजनीतिक चर्चा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा भारत में राजनीति इतनी बदसूरत हो गई है कि कभी-कभी संदेह होता है कि हम इंसान हैं भी या नहीं। उन्होंने कहा हम सब अगर एक शहर को, एक प्रांत को ठीक करेंगे, तो पूरा हिंदुस्तान ठीक होगा। उन्होंने कहा कि मैं अपने आप को अपनी व्यक्तिगत क्षमता में, एक इंसान की क्षमता में उस असली काम के लिए, सेवा के लिए, इंसान के लिए, समर्पित करता हूं। जब भी आप चाहेंगे, मेरे को आप अपने साथ पाएंगे।

गुलाम नबी आजाद ने कहा कि राजनीतिक दल धर्म, जाति और अन्य चीजों के आधार पर लोगों के बीच 247 विभाजन पैदा करते हैं। मैं कांग्रेस सहित किसी भी पार्टी को माफ नहीं कर रहा। नागरिक समाज को एक साथ रहना चाहिए। जाति, धर्म को देखे बगैर सभी को न्याय दिया जाना चाहिए। महात्मा गांधी सबसे बड़े हिंदू और धर्मनिरपेक्ष थे. जम्मू-कश्मीर में जो हुआ उसके लिए पाकिस्तान और उग्रवाद जिम्मेदार हैं। इसने जम्मू-कश्मीर में हिंदुओं, कश्मीरी पंडितों, मुसलमानों, डोगराओं सहित सभी को प्रभावित किया है।

# भाजपा सांसद ने गडकरी को बताया 'स्पाइडरमैन'

## विपक्ष बोला, सड़क हादसों पर ध्यान देने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा में ह्वर्ष 2022-23 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के लिए नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगोंह्ल पर गत बुधवार को आरंभ हुई चर्चा को आगे बढ़ाते कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के सांसद तापिर गाव ने सड़क निर्माण के लिए सरकार की सराहना करते हुए सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को देश में सड़कों का जाल बिछाने वाले ह्वस्पाइडरमैनह्ल बताया। वाईएसआर कांगेस पार्टी के एम भारत ने कहा कि आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम में अमरावती और हैदराबाद के बीच सड़क संपर्क को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। ऐसे में सरकार को बताना चाहिए कि इसमें क्या प्रगति हुई है। कांग्रेस के एमके विष्णु प्रसाद ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने सड़क निर्माण में जो काम किया था, उस कारण आज सड़कों के मामले में भारत दुनिया में नंबर दो पर है। उन्होंने कहा कि सड़कों की गुणवत्ता में जर्मनी नंबर एक है, लेकिन भारत का 44वां स्थान है। सरकार सड़कों की गुणवत्ता पर पूरा ध्यान नहीं दे रही है।

प्रसाद ने कहा, ह्वसड़क सुरक्षा पर आवंटित बजट का करीब दो प्रतिशत ही खर्च हो रहा है, जबकि अमेरिका में बजट का छह फीसदी खर्च होता है ह्ल उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि सड़क सुरक्षा पर उसे गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के तापिर गाव ने कहा, मैंने नितिन गडकरी का नाम ह्वस्पाइडरमैनह्ल रख दिया है क्योंकि जैसे मकड़ा जाल बिछा देता है उसी तरह उन्होंने सड़कों का जाल बिछा दिया है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद चीन से लगी सीमा के निकट सड़कों का निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। अरुणाचल प्रदेश से लोकसभा सदस्य ने अपने राज्य में कई सड़कों के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा, ह्वमोदी है तो मुमकिन है, गडकरी है तो मुमकिन है ह्ल गाव ने कहा, ह्वमैं आशा करता हूं कि ह्वस्पाइडरमैनह्ल जिस गति से सड़कें बना रहे हैं, उसे आगे बढ़ाते रहेंगे।

# हरियाणा की राजनीति का केंद्र बिंदु जींद रहा है, जींद को राजधानी का दर्जा जल्दी मिलना चाहिये: टेकराम केन्डेला

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। सर्व जातीय खाप पंचायतों के राष्ट्रीय संयोजक,जन कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष व किसान नेता चौ. टेकराम कंडेला ने कहा कि जींद जिला करीब सन 1987 से राजनीति का केंद्र बिंदु रहा है । आज तक हरियाणा में जितनी भी सरकार बनी है उन सभी को चुनने में जींद जिले का विशेष योगदान रहा है। यहां पर सभी राजनीतिक दलों के लोग अपने राजनीतिक व निजी स्वार्थ के लिए राजनीति करते रहे हैं ।श्री कंडेला ने कहा कि बड़े-बड़े राजनीति जींद की भोली-भाली जनता को झूठे सपने दिखा कर वोट लेने के लिए आ जाते हैं और सरकार बनते ही जनता को भूल जाते हैं । सरकार बनने से पहले बड़े-बड़े वादे करते हैं कि जींद का विकास करेंगे,जींद में बड़े उद्योग लगाएंगे,लोगों को रोजगार देंगे और जींद को राजधानी बनाएंगे आदि अनेक झूठे वादे जनता को करके जाते हैं और अपनी राजनीति की रात ।लेकिन तब से लेकर आज तक किसी भी पार्टी, मुख्यमंत्री या नेता ने जींद के विकास के बारे में, लोगों को रोजगार के देने के बारे में या यहां पर कोई बड़ा उद्योग लगाने के बारे में कोई भी कार्य नहीं किया है। इसके बावजूद उन सभी राजनेताओं ने जींद में आकर अपनी राजनीति रोटियां सेंककर अपना और अपने परिवार का विकास जरूर किया है । जींद जिले से या जींद की जनता के कारण मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश के केबिनेट मंत्री बने । हरियाणा में जो भी मुख्यमंत्री बने वो सभी अपने जिलों तक ही सीमित रहे, अन्य जिलों के लिए कुछ नहीं किया। जींद जिले से दो-दो बार केंद्रीय मंत्री, दो-दो बार एमपी, वित्त मंत्री शिक्षा मंत्री आदि रह चुके हैं । लेकिन प्रदेश के खजाने की चाबी होते हुए भी उन लोगों ने जींद के विकास के लिए कुछ नहीं किया । पिछले चुनावों मे एक नेता कहता था कि मेरा राज ले आओ 7 पीढ़ी की जड़ गाड़ दूंगा, उसने जींद के बारे में तो कुछ सोचा नहीं अपनी सात पीढ़ियों की जड़ जरूर गाड़ी ली । जिले से जो भी मंत्री रहे या एमपी रहे या केंद्रीय मंत्री रहे उनके पास पहले कुछ एक को छोड़कर सभी के पास नाममात्र की जमीन ज्यादा होती थी ।आज उनके पास हजारों एकड़ जमीन है, स्कूल है, कालेज हैं पेट्रोल पंप हैं, बड़े कारखाने हैं,दूसरे प्रदेशों में हजारों एकड़ जमीन है। श्री कंडेला ने कहा कि हल्के से लगातार दो बार इनेलो से विधायक रहे, अब उन्हीं का पुत्र बीजेपी से दो बार विधायक हैं । जींद से हुए उपचुनाव में कैथल से एक नेता मुख्य मंत्री बनने की चाह में चुनाव लडने आए और चुनाव में आकर वादे किए की मुझे मौका दो मै जींद का विकास करूंगा। लेकिन शायद वह भूल गए कि कांग्रेस सरकार में उनके पिताजी दो-दो बारी मंत्री रहे थे। आज तक सरकार में रहते हुए भी किसी ने भी जींद की जनता की भलाई,विकास, रोजगार, शिक्षा आदि जरूरी किसी भी सुविधा के लिए नहीं सोचा । प्रदेश का सबसे पुराना जिला होने के बावजूद भी जींद सबसे पिछड़े जिलों में गिना जाता है ।यहां पर कोई भी बड़ा उद्योग नहीं है,कोई रोजगार के साधन ही हैं,सड़कें टूटी-फूटी पड़ी हैं,गांव में तालाब व गंदे नाले टूटे-फूटे पड़े हुए हैं। जींद जिले में 306 गांव हैं, इनमें से 150 गावों में सिंचाई के लिए उपयुक्त पानी नहीं है।

# कमजोर होते अकाली दल को देख सिख बुद्धिजीवी चिंतित

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली , 21 मार्च : पंजाब विधानसभा चुनाव में शिरोमणि अकाली दल की हुई करारी हार के बाद सिख बुद्धिजीवी चिंतित हैं । सभी परेशान हैं कि 100 साल से भी ज्यादा पुरानी पार्टी का जनाधार कैसे घट रहा है । इसे लेकर लुधियाना में प्रसिद्ध सिख धार्मिक विशेषज्ञ , इतिहासकार , बुद्धिजीवी और पंथक नेताओं की बैठक हुई । इस बैठक में सामूहिक प्रयासों से शिरोमणि अकाली दल को फिर उसी ऊचाईयों पर ले जाने का आह्वान किया गया । इस बैठक में प्रो . पृथ्वीपाल सिंह कपूर , डॉ . एस . पी . सिंह , प्रो . गुरतेज सिंह , डॉ . गुरदर्शन सिंह ढिल्लों , एसजीपीसी सदस्य बीबी किरणजोत कौर , एस . बीर दविंदर सिंह , डॉ . स्वर्ण सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे । बैठक के दौरान सिख बुद्धिजीवियों ने 100 साल से अधिक पुराने शिरोमणि अकाली दल के घटते प्रभाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की । इस कॉन्क्लेव के संबंध में सोमवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान पंथक नेता परमजीत सिंह सरना ने कहा कि लोगों के बीच अकाली दल का जनाधार तेजी से घट रहा है । बादल परिवार ने शिरोमणि अकाली दल को गंभीर संकट में डाल दिया है । 20 फरवरी को हुए पंजाब विधानसभा चुनाव के परिणाम यही बता रहे हैं । यह गंभीर चिंताजनक बात है । उन्होंने कहा कि शिअद के घटते प्रभाव के कारण सिखों ने पंजाब , राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी राजनीतिक आवाज खो दी है । डीएसजीएमसी चुनाव में पंजाबी बाग वार्ड से बादल के सहयोगी एम एस सिरसा को हराने वाले हरविंदर सिंह सरना ने कहा कि राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं और हितों के साथ कोई भी राजनीतिक दल सिख और पंथक मुद्दों को ईमानदारी से उठा नहीं सकता , उनका हल नहीं निकलवा सकता । डीएसजीएमसी के पूर्व अध्यक्ष ने कहा पंजाब विधानसभा चुनाव के परिणाम स्पष्ट कहते हैं कि पंजाब या पंजाब के बाहर रह रहे सिखों को मिलकर मूल शिरोमणि अकाली दल को फिर से जीवित करना कहना होगा । हमें मूल शिरोमणि अकाली दल से बादल परिवार को अलग कर फिर से खड़ा करना होगा । शिरोमणि अकाली दल पूरी तरह से पंथ के लिए प्रतिबद्ध है न कि सत्ता की राजनीति के लिए । पंथक नेताओं ने कहा कि सिख राजनीतिक आवाज के अभाव में बड़ी ताकतों के शोषण का शिकार हो सकती है । ये बड़ी ताकतें अपने फायदे के लिए कुछ भी कर सकते हैं ।



एसएडीडी महासचिव ने कहा कि समझौता कर चुके एक परिवार ने पहले ही पंजाब और उसके बाहर पंथक हितों को भारी नुकसान पहुंचाया है । शिअद के घटते प्रभाव के कारण सिख जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की राजनीति से दूर हो सकते हैं । साम्र विचारकों की ओर से सरना ने गुरु पंथ से अपील की कि वह नए पंथक प्रेरणों के साथ मिलकर पंथक कारणों को आगे बढ़ाने के लिए शिरोमणि अकाली दल को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेजी से प्रयास करें । सरना ने सिरसा - कालका की जोड़ी पर हमला करते हुए कहा कि इन्होंने शहर के शीर्ष सिख धार्मिक प्रशासन पर गलत तरीके से कब्जा किया है । हरमीत सिंह कालका , सिरसा और अन्य गैंगस्टर कुख्यात जमीन और संपत्ति हड़पने वाले हैं । इन्हीं हथकंडों को अपनाकर उन्होंने डीएसजीएमसी की सत्ता हासिल की है । इसमें सिरसा के साथ कालका का भी हाथ है । दोनों ने मिलकर यह काम किया है । वे गुरु की गुलक को लूटने के लिए गुरु की संगत को धोखा दे रहे हैं ।सरना ने कालका और सिरसा को चुनौती दी कि अगर उनमें थोड़ी सी भी ईमानदारी है तो वह फिर से दिल्ली की संगत के लिए नए सिरे से जनादेश मांगे । ह्ल क्या वे ऐसा कर सकते हैं ? हम उन्हें चुनौती देते हैं कि वे डीएसजीएमसी के लिए नए चुनाव करवाए और अपने चुनाव चिन्हों के साथ चुनाव लड़े , न कि किसी पार्टी के प्रतिनिधि के रूप में । सरना ने संवाददाताओं से कहा कि जो लोग गुलक लूट में शामिल रहे हैं , वे डीएसजीएमसी कार्यालयों में रहकर कुछ भी गलत कर सकते हैं । ह्ल वे जानते हैं कि एक बार उन्हें बाहर निकाल दो उनके सभी राज का पदार्फाश हो जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे । यह उनकी सोच बन गई है कि वे हर बार अपने इरादों में सफल हो जाएंगे । हमें उन्हें जल्द ही सलाखों के पीछे डाल देंगे और हम यह कर के रहेंगे ।

संक्षिप्त समाचार

## करहल में अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का हंटर



अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/करहल। सीएम योगी आदित्यनाथ के शपथ ग्रहण से पहले ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विधानसभा क्षेत्र करहल में अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन ने कार्यवाही शुरू कर दी है । सोमवार को उपजिलाधिकारी आरएन वर्मा के नेतृत्व में ईओ प्रभात रंजन यादव , क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार और इंस्पेक्टर मदनलाल ने कस्वे में सड़क पर हुए अतिक्रमण को हटवाया और अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी । उपजिलाधिकारी आरएन वर्मा ने कहा कि दुकानदार सड़क पर अतिक्रमण करने से बाज आये । इस अवसर पर मौके पर वरिष्ठ लिपिक अजमत राहत , अवलेन्द्र , दयानन्द समेत नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे ।

## जिला में (माता शीतला पूजन)बासोड़ा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला में बासोड़ा (माता शीतला पूजन) पर्व की धूम मची हुई है। होली के बाद चल रहे इस पर्व पर जिला के मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। महिलाऐं सज संवरकर पारम्परिक पोशाकों में अपने अराध्य की पूजा अर्चना कर पुरोहित समाज से आशीर्वाद ले रही हैं। जिला के तावडू उप मण्डल स्थित प्राचीन देवीभवन में महिला भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर में रोजाना की तर्ज पर पूजन करने आ रहे भक्तजन अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। मंदिर के पुरोहित पंडित विनोद शर्मा ने बताया कि होली के बाद से बासोड़ा पर्व पूजन का दौर शुरू हो जाता हैं। उन्होंने बताया कि रात के बने भोजन को अगले दिन माता पूजन के बाद पूरे दिन उसी भोजन को खाते हैं। पूजन को लेकर आज श्रद्वालूओं की अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक भीड़ थी। सोमवार भगवान शिव का दिन होने से इस पर्व का महत्व और अधिक हो गया। उधर दूसरी तरफ पारम्परिक उत्सव के दौरान महिला श्रद्वालू नियमों को ताक में रखकर जगह-जगह पकवान व अन्य सामग्री डालकर मंदिर प्रबंधन की परेशानी और बढ़ा रही थी। जबकि मंदिर प्रबंधन ने पूजन के बने नियमों के पोस्टर भी चस्पा कर रखे थे। दरअसल, मंदिर के पुरोहित द्वारा श्रद्वालूओं को नियमों के तहत पूजन करने व सफाई का विशेष ख्याल रखने के फरमान का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है और पुरोहित भी और अधिक कुछ कहने के लिए बचते नजर आ रहे थे। ऐसे ही नूंह के वाल्मिकी मोहल्लें, माता गडजीत पथवारी मंदिर, राम मंदिर माता मंदिर, गोंदाराम चौक माता स्थली आदि पर महिलाऐं पूजन के लिए उमड़ रही हैं।

## जिला के बाजारों में महंगाई का पूरा असर देखने को मिल रहा



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद एकाएक महंगाई बढने की सोशल मीडिया पर हो रही बात सार्वजनिक होने से जिला के बाजारों में महंगाई का पूरा असर देखने को मिल रहा है। क्षेत्र मे नवरात्र व रमजान का पाक माह दो अप्रैल से शुरू होने जा रहा हैं। हिन्दु व मुस्लिमों में इन पर्वों के प्रति प्रगाढ़ आस्था रहती हैं। लेकिन त्योहारी सीजन शुरू होने से पूर्व जिला के बाजारों में खादय व अन्य रोजमर्रा की वस्तुओं पर महंगाई का पूरा असर दिखाई दे रहा हैं। धोलू, रमेश चंद, शिव दत, पूरन, गिरिराज, सोनू, ममतेश, कोमल, मंजीत, राजरानी आदि ने बताया कि जिला के बाजारों में महंगाई का पूरा असर देखने को मिल रहा है। क्षेत्र मे नवरात्र व रमजान का पाक माह दो अप्रैल से शुरू होने जा रहा हैं। लेकिन पांच राज्यों के चुनाव के बाद महंगाई की बात सामने आने से दुकानदारों ने पहले ही खादय सामग्री का स्टोर कर रखा है और मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि तेल, रिफाईंड, साबुन, मसाले, दवाईयां आदि सभी पर महंगाई की पूरी मार पड़ रही हैं। लोग बड़ा थैला व काफी पैसे लेकर बाजार जा रहे हैं लेकिन सामान नाममात्र का आ रहा है। जिससे इस महंगाई के जमाने में परिवार का पेट पालना मुश्किल हो चला हैं।

## क्षेत्रीय सब्जियों की आवक जोरों पर, वाजिब दाम नहीं मिल पा रहे

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। जिला की सब्जी मंडियों में क्षेत्रीय सब्जियों की आवक जोरों पर हैं लेकिन सब्जी उत्पादकों को उपज के वाजिब दाम ना मिलने से कई बार तो भाड़े तक के दाम ना मिलने से वह अपने उत्पाद को मंडी में ही छोडकर वापिस आ जाते हैं। हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ शुरू की गई फसल भावांतर योजना का भी किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा हैं और इसके लिए वह मंडी व स्थानीय प्रशासन के यहां ऐडिया घिस रहे हैं। शंकर, दलिप सिंह, कालू, तारा कश्यप, राजेन्द्र, मदनलाल, खलील, गुलशन, इलियास, ज्ञानचंद, अंकित, इमरान व अलीजान आदि ने बताया कि जिला की सब्जी मंडियों में क्षेत्रीय सब्जियों की आवक जोरों पर हैं लेकिन सब्जी उत्पादकों को उपज के वाजिब दाम ना मिलने से कई बार तो भाड़े तक के दाम ना मिलने से वह अपने उत्पाद को मंडी में ही छोडकर वापिस आ जाते हैं।

# हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने सर्किट हाउस नूंह में सुनी महिलाओं की समस्याएं

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमति रेनू भाटिया सोमवार को सर्किट हाउस नूंह में पहुंच कर जिला की महिलाओं संबंधित 16 रजिस्टर्ड शिकायतों का निवारण किया व मौके पर अन्य लोगों की समस्याएं सुनी। इससे पूर्व उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होते हुए उनके द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई योजनाएं प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हुई हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी पहचान कायम की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, वूमैन हेल्पलाईन, महिला थाना जैसी योजनाएं वरदान साबित हुई हैं। धरातल स्तर पर इन योजनाओं का और अधिक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है, जिससे ज्यादा से ज्यादा से महिलाएं लाभान्वित हों।

उन्होंने कहा कि देश में 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है। महिलाओं को पूरी तरह सशक्त करने से ही ये राष्ट्र के निर्माण में अपनी और महत्ती भूमिका निभा पाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को शिक्षित कर ही सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ फर्ज को भी समझना होगा। इतना ही नहीं महिला कल्याण के क्षेत्र में वर्तमान सरकार में नए कानून भी पारित हुए हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं से संबंधित साईबर क्राईम पर अंकुश लगाने के लिए और कार्य किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पानीपत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना शुरू की थी। उन्होंने आमजन विशेषकर महिलाओं अधिकारियों से अपील की है कि वे महिला कल्याण से संबंधित योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करे और महिलाओं को आगे बढने.के लिए प्रेरित करें। निश्चित रूप से महिलाओं का राष्ट्र की प्रगति में पुरूषों से ज्यादा योगदान होगा।

चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि बेटियों को आगे बढने से रोकने वालों पर आयोग सख्त कार्यवाही करेगा। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया जाएगा। चेयरपर्सन ने कहा कि आयोग यह सुनिश्चित करता है किसी बेगुनहा को सजा न मिले। इस अवसर पर उन्होंने साकरस गांव की सामाजिक कार्यकर्ता शहनाज को महिलाओं को जागरुक करने पर सम्मानित भी किया। साथ ही जल्द उन सभी सगी छ बहनों को राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन रेखा शर्मा से मुलाकात कर सम्मानित करवाया जाएगा। उन्होंने शहनाज को इस अवसर पर महिला आयोग की एक टीशर्ट भेंट की और कहा कि इसे हमेशा घर से बाहर निकलते समय पहना करें ताकि समाज में एक संदेश जा सके। रेनू भाटिया ने एक अन्य पीड़ित को नारी निकेतन में हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ जिस क्षेत्र में भी वह महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बना चाहती है, महिला आयोग हरियाणा उसकी हर संभव मदद करेगा। इस अवसर पर महिला एएसपी उषा, डीएसपी शमशेर सिंह, सुरेश भडाना डीएसपी, पुलिस सैल की इंचार्ज राजबाला, एसएचओ बिजेन्द्र सीटी नूंह, प्रोटेक्शन अधिकारी मधू जैन, जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री, आयोग की लीगल सहायक पूजा, पुष्पा, अन्जू व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पटेल आदि मौजूद रहे।

दहेज की बलि फिर चढ़ी एक विवाहिता

## औंछा पुलिस स्टाफ के लोगो ने की पीड़ित परिवार के ही साथ की अभृता

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/औंछा। क्षेत्र के गाँव नगला रामसिंह में दहेज की मांग पूरी न होंने पर विवाहिता को जिंदा जला दिया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीश चंद्र पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम हिम्मत और पोस्ट बलारपुर थाना बिछवा तहसील कुरावली जनपद मैनपुरी के रहने वाले हैं उनकी पुत्री सोनम की जिसकी शादी *29/6/2020 को सुरदीप पुत्र राजेश यादव निवासी नगला रामसिंह थाना औंछा जनपद मैनपुरी के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी शादी के बाद से सोनम के ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे शादी के बाद से लगातार छोटी-छोटी बातों को लेकर दहेज के लिए उत्पीड़न करते थे कई बार हम लोगों ने जाकर समझाया बुझाया कुछ दिन बाद पुने प्रतिताडित करने लगे इसके बाद जनवरी 2022 मैं 1,50एक लाख पच्चास रुपया नगद भी दे दिया था इससे भी संतुष्ट नहीं हुए दिनांक 18 /1/2022 को प्रडित या तथा ससुराल जनों पति सुदीप और जेठ सुरजीत जेठानी रिंकी पत्नी सुरजीत ब ससुर राजेश वाह सास ने मिलकर दिनांक 19/3/2022 को समय लगभग 9:00 बजे दिन के घर में बंद करके मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी जिसमें मेरी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका उपचार सैफई हॉस्पिटल मैं चला और शाम के लगभग 6:00 बजे उसकी मौत हो हो गई।



## अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्त-शिल्प मेले में मंच संचालन करके अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जिला नूँह का नाम रोशन कर रहे हैं अशरफ मेवाती



» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवम्पर्यटन विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन में मशहूर शायर एवम् जिला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक व टाँई गाँव निवासी तथा गांधी ग्राम घासेड़ा में इतिहास प्राध्यापक के पद पर कार्यरत अशरफ मेवाती ने अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्त-शिल्प मेले में मंच संचालन करके अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जिला नूँह का नाम रोशन किया है। 19 नवम्बर 2022 को राज्यपाल हरियाणा बंडारू दत्तात्रेय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में 35 वें अन्तर्राष्ट्रीय सूरजकुंड हस्त-शिल्प मेले का उद्घाटन किया है और इस बार मेले का थीम केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवम्कश्मीर है। इस मेले में 30 देश भाग ले रहे हैं। इससे पहले भी वर्ष 2017 में अशरफ मेवाती लालकिले पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस मुशायरे में अपनी गजल पढकर मेवात का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुके हैं।

## मेवाती महिलाएं पुरूष प्रधान समाज व रूढीवादी सोच की चक्की में पिसती जा रही है, महिला अपराधों की जिला में बाढ़ सी आई हुई है

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। प्रदेश के सबसे पिछड़े जिला नूंह(मेवात) में महिलाओं की हालत चिंताजनक हैं और यहां रोज घरेलू हिंसा, दहेज प्रताडना, दहेज हत्या, तीन तलाक, दुष्कर्म, अपहरण, छेड़छाड़ आदि के मामलों की बाढ़ सी आई हुई हैं, जबकि सोमवार को हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन श्रीमति रेनू भाटिया ने जिला नूंह में पहुंचकर महिलाओं की समस्याएं सुनी जिससे महिलाएं इस पहल से आशावान हुई हैं और महिलाओं के लिए एक उम्मीद की किरण जगी है, परन्तु कार्रवाई स्थानीय पुलिस को ही करनी है जिससे उनको फिर से अफसरशाही की जटिल कागजी कार्रवाई से गुजरना होगा और अंजाम तक पहुंचते-पहुंचते वह शायद थक जाऐं। मेवाती महिलाएं पुरूष प्रधान समाज व रूढीवादी सोच की चक्की में पिसती जा रही है। असल तथ्य यह है कि यहां महिलाओं की आवाज दबाई जाती है और यहां पति द्वारा शराब के नशे में या फिर अन्य घरेलू कारणों से महिला को तीन तलाक देने के मामलें विभिन्न थानों में सबसे अधिक दर्ज हो रहे हैं। ज्यादातर मामलें गांव के ठोंडाओं के दबाव व लोकलाज के कारण थाना, न्यायालय तक नहीं पहुंच पाते और जो पहुंच पाते हैं उनको पुलिस की लचर शैली या दबाव के चलते बीच में ही खत्म कर दिया जाता है। मेवात में बेटी को बोझ नहीं समझा जाता लेकिन शादी के बाद उसके सुख-दुख की कोई गांरटी नही हैं और पिता कर्जा लेकर अपनी लाडली की शादी तो कर देता है लेकिन उसकी कमर जब टूट जाती है जब उसकी लाड़ली को अधिक दहेज, तीन तलाक के कारण निकाल दिया जाता है। जिला में दहेज हत्याओं के बढ़ रहे मामलों में देखा जाये तो पुलिस पति के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम देती है लेकिन कथिततौर से अन्य दोषियों को तफतीश में निकालने के लिए तत्तपर रहती है। पीड़ित पक्ष के न्याय पाने के लिए चप्पले घिस जाती है। ताजा आए मामलों में शिकायतकर्ता आरस्तून पत्नी जुनैद निवासी गांव जेवंत थाना पुन्हाना ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसके पति ने अधिक दहेज के कारण उसको तीन तलाक देकर निकाह से आजाद करके घर से निकाल दिया और बगैर मांग पूरी किए बगैर आने पर जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे छानबीन श्शुरू कर दी। इस मामलें के आरोपी फरार हैं। जबकि अन्य पीड़िता रिजवाना पत्नी परवेज पुत्री मजीद निवासी गांव अगोन थाना फिरोजपुर झिरका ने भी अपने ससुराल वालों पर दहेज प्रताडना, मारपीट,घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए परेवज आलम पुत्र रईस खां ,रईस खां, मुबीना निवासियान दिल्ली को नामजद किया हैं। इस मामलें के आरोपी फरार हैं।

इस बारे में पुलिस का कहना है कि महिला संबंधित अपराधों पर विशेष ध्यान दिया जाता है और प्रमुखता से मामलें दर्ज किये जा रहे हैं।

# मांजरा गांव में लाखों रुपए की लागत से भव्य ईश्वर भवन का उद्घाटन बहिन लक्ष्मी ने किया

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी / माजरा। अपने दादा के साथ सैनी मौहल्ला जवाहर ने मिलने गया तो मेरे पिता ने कहां कि कितने भाग्यशाली है। इन्होने घर के बाहर अपने पिता व दादा का नाम लिखाया हैं ।

मैनें उसी दिन मन ठान ली की , ऐसा कार्य जीवन में करु जिसका फायदा समाज को मिलें । इस कार्य में सभी बंसल परिजनों का सहयोग मिलने व क्षेत्र के लोगों का आभार जताया। यह कहना है समाजसेवी साधूराम बंसल ने बताया कि दान देने से घन कम नही होता है ।

गांव माजरा में बंसल परिजनों ने अपना पैतृक आवास पर एक नया भव्य ईश्वर भवन निर्माण करके प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय पंजाब जोन निर्देशक बहिन लक्ष्मी ने उद्घाटन किया। समारोह शुरू होने पहले बहिन लक्ष्मी ने ध्वज फहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री निवास गोयल उकालना ने की। समारोह में हांसी ,नारनौंद ,हिसार ,आदमपुर ,भटटू ,जीन्द तक के लोग पहुँचे ।

इस अवसर पर बहिन सुनीता ,उमा ,रेणु ,योद्धाप्रसाद बंसल ,महावीर प्रसाद ,वरिष्ठ पत्रकार राजीव बंसल ,हरियाणा दक्षिण विधुत प्रसारण निगम के अण्डर सैकट्री राम तिलक बंसल ,जेई सुनील बंसल, बैबी सिंगला के अलावा क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थें ।

बहिन सुनीता ने कहां कि जीवन में कुछ साथ नही जाता केवल ईश्वर की भक्ति ही काम आती है। राजयोग लक्ष्मी , पिछलें 50 वर्षो से प्रजापिता के प्रचार प्रसार में लगी हुई है । डबल एमए व नौकरी छोड़कर वे समाज सेवा कार्य में लगी है । आज हर्ष का विषय है कि वे पंजाब जोन सोनीपत निर्देशक बनी है । उनको बधाई ।

जोन पंजाब निर्देशक लक्ष्मी ने बताया कि जीवन में ध्यान कक्षा लगाने से एक सकात्मक सोच बनती है क भगवान शिव की पूजा श्री राम ने लंका चढ़ाई से पूर्व गोली पीड़ी बनाकर रामेश्वर में की थी । महाभारत युद्ध में श्री कृष्ण पांडव ने भगवान शंकर की थानेश्वर में पूजा अराधना की।

उन्होने कहां कि संस्था के 10 हजार मेडिसन सैन्टर चल रहे है । तीन बाते सच है जाना जरूर है ,कभी भी जा सकते है ,रवाली हाथ जाएगें । केवल सफैद कफन पहना दिया जाएगा वे उतार दिया जाएगा ।

बहिन लक्ष्मी ने कहां जीवन में केवल दुआ व पूण्य कार्य भी जाएगें । बंसल परिजनों ने सैन्टर का निर्माण करके एक पूण्य का अध्याय लिखा है । हमें मीटा बोल बोलने से दुआ मिलती है । ये जिन्दगी में काम आती है । जिस घर में सद्भावना ,प्रेम ,शांति है वही स्वर्ग है । कौन अपने घर को स्वर्ग बनाना चाहते है वे हाथ उठाओं । सभी ने हाथ उठाया ।

दीदी लक्ष्मी ने कहा कि आप यदि क्षमा मांग लेते है तो जीवन में आनन्द आ गया और दूसरे को क्षमादान करने के बाद एक नया सवेरा आएगा । घन कमाओं और लोगों से दुआ लों । समारोह की अध्यक्षता करते हुए भाजपा नेता श्रीनिवास ने कहां कि आज यहां बंसल परिवार मिलन समारोह है । मेरा तो नानका मांजरा गांव है । 1991 लोकसभा हिसार से भाजपा टिकट से चुनाव लड़ा था उस समय इस गांव ने मुझे भरपूर सहयोग दिया । जिसका मैं दिल से आभार जताया ।

## नामांकन के दौरान भिड़े भाजपा और सपा समर्थक, सपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र छीनने का आरोप



» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट में सपा प्रत्याशी उदयवीर सिंह का नामांकन पत्र छीनने का आरोप लगाया गया, जिसके बाद भाजपा और सपा समर्थक आमने-सामने आ गए।

एटा-कासगंज-मथुरा-मैनपुरी के स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र एमएलसी (सदस्य विधान परिषद) चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कलेक्ट्रेट में भाजपा और सपा समर्थक भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर लात-घूसे चले। सपा प्रत्याशी उदयवीर सिंह का नामांकन पत्र छीनने का आरोप लगाया गया, जिसके बाद भाजपा और सपा समर्थक आमने-सामने आ गए। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के सामने ही मारपीट होने लगी।

एमएलसी चुनाव प्रकिया के तहत आज नामांकन का आखिरी दिन है। मथुरा-कासगंज-मैनपुरी और एटा के स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र के एमएलसी चुनाव के लिए 15 मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू की गई थी। इस सीट पर दो सदस्य चुने जाते हैं। 15 और 16 मार्च को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र भरकर जमा नहीं किया। जबकि 17 से 19 तक होली और 20 को रविवार का अवकाश रहा था। इसे देखते हुए नामांकन की तिथि 21 मार्च तक बढ़ाई गई थी।

## स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन के तहत रिक्त दो सीटों पर कुल पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

» मदरलैंड संवाददाता



एटा। स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन के लिए दो सीटों से संबंधित कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया है जिनमें दो भाजपा दो सपा और एक निर्दलीय ने नामांकन किया है। जिसके तहत मथुरा एटा मैनपुरी स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र अरविंद प्रताप की पदावधि समाप्त होने के परिपेक्ष्य में रिक्त होने वाले स्थान की पूर्ति के लिए राकेश यादव पुत्र मुलायम सिंह यादव ;समाजवादी पार्टी, आशीष कुमार यादव पुत्र रमेश यादव ;भारतीय जनता पार्टी, अनुज कुमार पुत्र रामदेव सिंह ;सुभास पार्टी तथा मथुरा.एटा.मैनपुरी स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र उदयवीर सिंह की पदावधि समाप्त होने के परिपेक्ष्य में रिक्त होने वाले स्थान की पूर्ती के लिए उदयवीर सिंह ;समाजवादी पार्टी, ओमप्रकाश पुत्र शिवलाल भारतीय जनता पार्टी ने रिटर्निंग ऑफीसर अंकित कुमार अग्रवाल के समक्ष प्रस्तुत होकर नामांकन किया।

नामांकन के अवसर पर प्रेक्षक नागेन्द्र प्रताप, सहायक निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार सिंह, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, एडीईओ सुधाकर मैथिल आदि मौजूद रहे।

## इसौली में सैकड़ों वर्षो से चले आ रहे होली पर तीज मेला का हुआ आयोजन



» मदरलैंड संवाददाता

एटा। शकरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत गाँव इसौली में पिछले सैकड़ों सालों से होली के बाद तीज पर मेले का आयोजन किया जाता है। हर साल की तरह इस साल भी इसौली तीज मेला का जलेसर विधायक संजीव दिवाकर ने फीता काटकर उदघाटन किया। साथ में जलेसर चेयरमैन विकास मित्तल भी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान अनिल प्रताप सिंह बना साहब और मौजूदा प्रधान राजबीर सिंह, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा अरविन्द पाल सिंह पप्पू, भाजपा कार्यकताओं के साथ सैकड़ो क्षेत्रीय लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर जलेसर विधायक संजीव दिवाकर और चेयरमैन विकास मित्तल का जोरदार स्वागत किया। संजीव दिवाकर ने क्षेत्रीय जनता का आभार व्यक्त करते हुए योगी सरकार में भरपूर विकास करने की बात कही है। मौके पर नीटू सिंह, रामप्रताप सिंह रामू, सुबोध प्रताप सिंह, रमेश पाल सिंह, विवेक प्रताप सिंह, अखिल ठाकुर, पवन पाठक,पुष्पेन्द्र बघेल समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी डॉ. पवन शर्मा ने फिर पेश की समाज सेवा की एक और मिसाल

देहरादून, एजेंसी। प्रख्यात मनोवैज्ञानिक और समाजसेवी डॉ. पवन शर्मा ने आज फिर समाज सेवा की एक मिसाल कायम की। उन्होंने दून मेडिकल कॉलेज के एनाटोमी विभाग में अपनी देहदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. पवन शर्मा सालों से मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने देश विदेश के कई लोगों को मानसिक विकारों से बचाकर एक स्वस्थ जीवन जीने में मदद की है। डॉ. पवन शर्मा समय-समय पर रक्तदान करके भी जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं। इस अवसर पर उनका मानना है कि एक व्यक्ति द्वारा अंगदान करके जरूरतमंद लोगों की मदद कर सकता है, इसीलिए उन्होंने इस बात का एक उदाहरण पेश करते हुए आज अपने देहदान का संकल्प पत्र भरा है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा करने की प्रेरणा उन्हें अपने माता पिता से मिली थी। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन किसी दूसरे मनुष्य के काम आना है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में उन्होंने फोरगिवनेस फाउंडेशन सोसायटी की स्थापना की, जोकि मानसिक स्वास्थ्य के लिए कार्य करने वाली एक अग्रणी और विश्वसनीय संस्था है।

### नवनिर्वाचित विधायकों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

देहरादून, एजेंसी। पांचवीं विधानसभा में नवनिर्वाचित विधायकों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली और अनुच्छेद 188 के तहत प्रोटेम स्पीकर ने विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर भाजपा के 47 कांग्रेस के 19 बसपा के दो और दो निर्दलीय विधायकों को प्रोटेम स्पीकर ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित सभी नवनिर्वाचित विधायक शामिल रहे। इस दौरान एक दूसरे को जीत की बधाई भी दी गई।

### बंशीधर भगत ने ली प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने प्रातः 10 बजे राजभवन में विधान सभा के नव निर्वाचित वरिष्ठ सदस्य बंशीधर भगत को प्रोटेम स्पीकर के पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू, प्रमुख सचिव आनंद वर्धन, राज्यपाल के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

### नव निर्वाचित विधायक विक्रम सिंह नेगी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

देहरादून, एजेंसी। प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक विक्रम सिंह नेगी शपथ लेने से पहले प्रातः 10 बजे भद्री चैक बंगाली कोठी बंजारावाला चैक पर उत्तराखंड आंदोलनकारी शहीद गिरीश भद्री को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विधानसभा पहुंचकर पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर प्रताप नगर विधानसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित विधायक विक्रम सिंह नेगी शपथ लेने से पहले उत्तराखंड के आंदोलनकारी शहीद गिरीश भद्री को श्रद्धांजलि दी और उत्तराखंड के शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण आंदोलनकारियों के हितों के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति के केंद्रीय प्रवक्ता महेश जोशी, कांग्रेस नेता त्रिलोक सिंह सजवान, पूर्व पार्षद ललित भद्री, बिरेंद्र पंवार आदि ने शहीद गिरीश भद्री को श्रद्धांजलि दी और शहीदों के सपनों का उत्तराखंड बनाने का संकल्प लिया। कहा कि इसके लिए कांग्रेस व्यापक स्तर पर कार्य करेगी।

### आज से शुरू होगा दून का प्रसिद्ध झंडा मेला

देहरादून, एजेंसी। श्री गुरु राम राय दरबार में मंगलवार को नये झंडा साहिब चढ़ाये जायेंगे। इसके बाद झंडा मेला आरंभ हो जायेगा। इसी उपलक्ष्य में देश विदेश की संगत देहरादून पहुंचनी आरम्भ हो गई हैं जिसके चलते गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार की रिहाइस फुल हो चुकी हैं। आज गुरुद्वारा प्रधान गुरबक्श सिंह राजन एवं जनरल सेक्रेटरी गुलजार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रबंधक कमेटी ने संगत के लिये रिहाइस, लंगर, चाय पानी आदि कि सुव्यवस्था की गई है। संगत के लिये तीनों टाईम लंगर, चाय पानी की व्यवस्था की गई है। गुरुद्वारा साहिब की रिहाइस, परिसर, पार्किंग स्थल बैसमेंट आदि सब फुल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां जिसको जगह मिल रही है वह वहीं आराम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संगत को रहने की परेशानी न हो इसके लिए गुरुद्वारा श्री गुरु नानक निवास, सुभाष रोड पर भी कमरे दिये गए हैं, वहीं गुरुद्वारा साहिब की होम्योपैथिक डिस्पेंसरी अपनी सेवाएं दे रही है।

### एक व्यक्ति ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

देहरादून, एजेंसी। थाना रायपुर पुलिस ने बताया कि चैकी बालावाला पर सूचना प्राप्त हुई एक व्यक्ति द्वारा बांसवाड़ा सौंग नदी बालावाला में पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने बताया कि सूचना पर चैकी प्रभारी बालावाला उप निरीक्षक राजीव धारीवाल मय चीता कर्मचारियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों ने शव को नीचे उतारकर मृतक की पहचान कराई गई तो मृतक की पहचान श्याम लाल मंडल निवासी ग्राम गोरिया टोली पोस्ट डोकरिया जिला किशनगंज, बिहार उम्र 40 वर्ष के रूप में हुई।

# मुख्यमंत्री पद पर पुष्कर सिंह धामी की फिर हुई वापसी



- मुख्यमंत्री के गुहार को माँ नयना देवी, शिव जी व गोल्ज्यू देवता समेत सभी धार्मिक स्थलों के परमात्मा का मिल गया आशीर्वाद

देहरादून, एजेंसी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक बार फिर उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री बन गए हैं। आज भाजपा प्रदेश मुख्यालय में हुई विधानमण्डल दल की बैठक में सर्वसम्मति से पुष्कर सिंह धामी को प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री घोषित किया गया। बता दें कि सरोवर नगरी नैनीताल में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा पार्टी की जीत के लिए मन्दिरों व धार्मिक स्थलों में गुहार लगाने जगह-जगह पहुंचे थे। मुख्यमंत्री के गुहार को मां नयना देवी, शिव जी व गोल्ज्यू देवता समेत सभी धार्मिक स्थलों के परमात्मा का आशीर्वाद मिल गया। जहां भगवान ने मुख्यमंत्री धामी की गुहार स्वीकार कर ली, पर वह अपनी सीट नहीं बचा पाये। पार्टी की जीत के लिए मां नन्दा देवी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने शिवलिंग में जल, दूध से स्नान कराया। वहीं उन्होंने घोड़ाखाल गोल्ज्यू मन्दिर में भी भाजपा पार्टी व अपनी जीत के लिए गुहार लगाई थी। भाजपा पार्टी को तो बहुमत के साथ ले आये, पर अपनी सीट नहीं बचा पाये। वहीं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पुनः मुख्यमंत्री की ताजपोशी कर दी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकताओं के साथ साथ नैनीताल वासियों में भी खुशी की लहर दौड़ पड़ी है, जबकि मुख्यमंत्री के पास अभी बड़ी चुनौती है।

## बिजनौर को उत्तराखण्ड में शामिल करने की मांग

हरिद्वार, एजेंसी। महात्मा विदुर बिजनौरी समाज की बैठक सम्पन्न अध्यक्ष इंजीनियर मधुसूदन अग्रवाल ने अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हरिद्वार में लगभग डेढ़ लाख लोग बिजनौर के निवास करते हैं। जिन्होंने बैठक में सर्वसम्मति से मांग रखी की बिजनौर को उत्तराखंड में शामिल किया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि उत्तराखंड में मैदानी क्षेत्र के नेताओं को भी मुख्यमंत्री का पद दिया जाय। अखिल भारतीय बिजनौरी महासभा के अध्यक्ष बलराम सिंह चैहान ने कहा कि सीमा पर मौजूद गांव के लोग रोजी रोटी कमाने उत्तराखंड जाते हैं। इसलिए हम मांग कर रहे हैं कि हमें इसी राज्य में शामिल कर लिया। अगर जरूरत पड़ी तो इसके लिए अनशन पर भी बैठने के लिए तैयार हैं, हमारे बिजनौर में बहुत बड़े बड़े राजनीतिज्ञ विद्वान साहित्यिक शिक्षाविद हुए हैं। युवा अध्यक्ष मयंक चैहान ने भी बिजनौर को उत्तराखंड में मिलने की पूरजोर मांग करते हुए कहा कि बिजनौर जनपद को उत्तराखंड में शामिल करने से की उन्नति के साथ साथ उत्तराखण्ड प्रदेश को लाभ भी मिलेगा। डबल इंजन की सरकार को चाहिए की बिजनौर को उत्तराखंड में शामिल किया जाए। बैठक में चैधरी चरण सिंह, अधीर कौशिक, सुरेंद्र ठाकुर, एडवोकेट गोपाल शर्मा, एडवोकेट शिवकुमार शर्मा, वीरेंद्र बिश्नोई, सुरेश बिश्नोई, देश दीपक गुप्ता, परशुराम चैहान, अशोक गिरी, मनोज गिरी, सतीश चंद्र अग्रवाल, पीके शर्मा, प्रभात कुमार गुप्ता, घनश्याम दास गुप्ता, अश्वनी चैहान, सुरेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## आम जनमानस को रूह अफजा शरबत का किया वितरण

देहरादून, एजेंसी। ऑगेर्नाइजेशन रिलीजन एंड नॉलेज (वर्क) के कार्यकताओं ने पलटन बाजार जामा मस्जिद के सामने गर्मियों के शुरू होने पर सभी आम जनमानस को रूह अफजा शरबत का वितरण किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के मोहम्मद दानिश अफजल ने कहा कि यह प्रोग्राम दोपहर दो बजे से शुरू होकर शाम लगभग सांय साढे. चार बजे तक लगातार चला जिसमें आसपास के लोग और हर आने जाने वाले औरत आदमी और बच्चों ने ठंडे शरबत को ग्रहण कर राहत की सांस ली वहीं प्रोग्राम को भी सराहा। इस अवसर पर ट्रस्ट के मोहम्मद दानिश अफजल ने कहा कि हमें खुदा ने इंसान बनाकर पैदा किया है उसका हम पर बहुत बड़ा एहसान है हमें उसका शुक्र भेजना चाहिए। और अपने अंदर की बुराइयों को दूर कर मानव जाति की भलाई के लिये काम करना चाहिये। ऐसे ही कार्यों से सतयुग की शुरूआत होगी। जब सतयुग आयेगा तो हमारा भारत देश विश्वगुरु बन कर उभरेगा और हमारा सपना साकार होगा। इस अवसर पर आरिफ हुसैन वारसी ने कहा कि वर्क ट्रस्ट इस प्रकार के काम लगातार कर रहा है जिन कामों से देश में एकता अखंडता बनी रहे। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एकता, भाईचारा कायम रहे और हर आमजन तक अच्छाई, सच्चाई और इंसानियत का पैगाम पहुंचे। गरीब, असहाय, भूखें प्यासे जरूरतमंद की जरूरत का सामान उस तक पहुंच सके। इस अवसर पर शर्बत वितरण कार्यक्रम में मोहम्मद दानिश अफजल, आरिफ हुसैन वारसी, इल्यास कुरेशी, फैजान अहमद, फरमान, ओम, इशांत, राहुल सोनकर मास्टर उजैर वारसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मृतक के परिजनों ने किया जिला अस्पताल में हंगामा

## परिजन मरीज को पेट दर्द की शिकायत पर लेकर पहुंचे थे




हरिद्वार, एजेंसी। पेट में दर्द की शिकायत पर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे मरीज की अचानक तबीयत बिगड़ने मौत हो गयी। घटना से अस्पताल में हड़कम्प मच गया। परिजनों ने व्यवस्था को लेकर हंगामा किया। चिकित्सकों ने मरीज की मौत की वास्तविकता की जानकारी देते हुए शांत कराया। जिसके बाद परिजन शव लेकर लौट गये। चिकित्सकों ने मरीज की मौत हार्ट अटैक बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती देर रात पेट में दर्द की शिकायत पर परिजन मरीज उत्तमदेव नाथ पुत्र अमरदेव नाथ (43) निवासी बंगाली बस्ती ब्रह्मपुरी हरिद्वार को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि एमरजेंसी वार्ड में मौजूद चिकित्सक ने इंजेक्शन लगवा कर वापस यह कहते हुए भेज दिया कि सुबह आ जाना। परिजन मरीज को लेकर कुछ तकलीफ होने पर दोबारा जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर मरीज का आधार कार्ड लाने को बोला गया। बताया जा रहा है कि जब मरीज का बेटा शुभम घर से आधार कार्ड लेकर अस्पताल पहुंचा, तो उसके पिता इमरजेंसी वार्ड के सामने बैठे मिले। जब शुभम ओपीडी पर्चा बनाने गया और वापस लौटा तो उसके पिता वहां नहीं मिले। परिजनों ने पूरे अस्पताल में मरीज की तलाश की मगर नहीं मिले, तभी मरीज का बेट शुभम शौचालय में देखने गया तो अंदर से बंद शौचालय में उसके पिता अचेत हालत में पड़े थे। जिसके शोर मचाने पर अस्पताल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ कर मरीज को बाहर निकाला गया। चिकित्सकों ने मरीज को चैक किया तो उसकी सांसे रूक चुकी थी। जिसकी जानकारी लगते ही मरीज के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। जिन्होंने जिला अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल खडे करते हुए हंगामा किया। मृतक के बेटे शुभम ने आरोप लगाया कि चिकित्सकों ने उसके पिता को नहीं देखा कभी आधार कार्ड तो कभी कुछ कहते हुए उनको दौड़ाये रखा। जिस कारण उसके पिता की तबीयत बिगडने पर मौत हो गयी। इमरजेंसी वार्ड इएमओ डॉ. विकास दीप ने बताया कि जब मरीज को शौचालय से इमरजेंसी में लाया गया था, तो वह मृत था, मरीज की मौत हार्ट अटैक से हुई है। चिकित्सकों ने मृतकों के परिजनों को मौत की वास्तविकता की जानकारी देते हुए शांत कराया। जिसके बाद परिजन शव को लेकर चले गये।

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है होली: पुष्पक ज्योति

## फूलों की होली रही कार्यक्रम की भव्यता

देहरादून, एजेंसी। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है होली का पर्व यह बात आईजी पुष्पक ज्योति ने देहरादून के निकट थानों में आयोजित होली मिलन समारोह में कही। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पूरे उत्तराखंड से आए कायस्थ समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर होली मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए पुष्पक ज्योति ने कहा कि होलिका में बुराइयों का दहन करने के बाद दूसरे दिन होली का पर्व इस बात का प्रतीक है की हमेशा जीत सत्य की ही होती है। उन्होंने कहा सत्य विचलित भले हो लेकिन कभी पराजित नहीं हो सकता इसलिए हमेशा सत्य के साथ रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा की आज का त्योहार असत्य पर जीत के साथ भाई चारे का पर्व भी है जब हम अपने सभी नाराजगी को भुला कर अपनों के गले लगते हैं जिससे दिल के सभी गिले सिकवे दूर हो जाते हैं।




उन्होंने प्रदेश से आए सभी समाज के लोगों का अभिनंदन और स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने सम्बोधित करते हुए सबको फिर वही नारा याद दिलाया की कायस्थ समाज के हर संगठन को एक साथ एक मंच पर आकर हमारे नारे का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने सबसे कहा कि कोई रूठे नहीं कोई छूटे नहीं को याद रखें और सबको साथ लेकर चलें तभी हम अपनी पुरानी मान प्रतिष्ठा प्राप्त कर पाएंगे। सीकर होम रिजोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में हल्द्वानी से आए प्रदेश संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जो सपना बीस वर्ष पहले देखा था वह आज पूरा होता नजर आ रहा है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि सभी संगठन एक साथ एक मंच पर आकर अपनी ताकत का अहसास कराए। इस अवसर पर कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ कई पारिवारिक गेम भी खेले गए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय भजन गायक गोपाल भटनागर की प्रस्तुति से समा बांधे रखा। कार्यक्रम में हल्द्वानी, रूद्रपुर, ऋषिकेश, मसूरी सहित देहरादून से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में कायस्थ परिवार के बच्चों ने कई प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, कमल भटनागर, रवि सरन महासचिव सर्वेश माथुर, संगठन मंत्री मुरारी प्रसाद, सह संगठन मंत्री सुशील सक्सेना, महिला अध्यक्ष अनिता सक्सेना, कोषाध्यक्ष हितेंद्र सक्सेना, महिला महासचिव वंदना श्रीवास्तव, महिला संगठन मंत्री नीतू श्रीवास्तव, युवा अध्यक्ष सौरभ सक्सेना, महासचिव नितिन दयाल जिला अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पीके कलश्रेस्ठ, रूद्रपुर इकाई से कमल सक्सेना, ऋषिकेश के अध्यक्ष डा विनोद श्रीवास्तव, सुरेश, हरिद्वार इकाई से मनोज सिन्हा, ऋचा जौहरी, अभय श्रीवास्तव, विक्रम श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, अभिषेक सिन्हा, अजय श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, शैलेंद्र, तरुण सक्सेना, गोविंद बांधवा सहित पूरे प्रदेश से सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की भव्यता फूलों की होली रही। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन पीयूष निगम और राजीव जौहरी ने संयुक्त रूप से किया।

# ऋषिकुल जम्बो सेंटर में वैक्सीन लगाने का सिलसिला जारी

## सेंटर में 12-14 वर्ष को प्रथम डोज और प्रीकोशन डोज भी लग रही

हरिद्वार, एजेंसी। कोविड-19 वैक्सीनेशन के तहत 15 से अधिक आयु वर्ग, प्रीकॉशन डोज के पात्र लाभार्थियों के साथ-साथ 12 से 14 आयु वर्ग के लाभार्थियों को भी कोविड-19 वैक्सीन की प्रथम डोज ऋषिकुल जम्बो साइट पर अभियान विशेष जोर शोर से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऋषिकुल जम्बो साइट पर 15 से 18 आयु वर्ग के लाभार्थियों को को-वैक्सीन की प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाई जा रही है तथा 18 से अधिक आयु वर्ग के सभी पात्र लाभार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय डोज को-वैक्सीन अथवा कोविशील्ड भी लगाई जा रही है साथ ही साथ प्रीकोशन डोज (बूस्टर डोज) के पात्र लाभार्थियों को भी को-वैक्सीन अथवा कोविशील्ड लगाई जा रही है एवं 12 से 14 आयु वर्ग के लाभार्थियों को कोरबीवैक्स की प्रथम डोज लगाई जा रही है। आज नगर पुलिस अधीक्षक स्वतंत्र कुमार ने ऋषिकुल जम्बो साइट पर पहुंचकर अपने पुत्र सक्षम सिंह को भी कोविड-19 वैक्सीन की कोरबीवैक्स की प्रथम डोज लगवाई तथा ऋषिकुल जम्बो साइट की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं



के लिये रेड क्रास सचिव व नोडल अधिकारी डा. नरेश चैधरी की विशेष सराहना करते हुए कहा कि 12 से 14 आयु वर्ग के लाभार्थियों के अभिभावकों में वैक्सीन लगवाने के लिये विशेष उत्सुकता थी कि जल्दी से जल्दी उक्त आयु वर्ग के लाभार्थियों को कोविड-19 वैक्सीन की डोज लगाई जा सके और वे सब भी कोविड-19 बीमारी से स्वयं को सुरक्षित करते हुए अपने अपने स्कूलों में पूर्व की भांति सुचारू रूप से शिक्षा ग्रहण कर सकें। इसी के तहत मेरे बेटे को भी कोविड-19 की प्रथम डोज लगवाकर उत्साहित होकर स्वयं को कोरोना से सुरक्षित महसूस कर रहा है। नगर पुलिस अधीक्षक ने सेन्टर पर उपस्थित अन्य अभिभावकों एवं बच्चों से अपील की कि आप सब 12 से 14 आयु वर्ग के सभी लाभार्थियों को कोविड-19 वैक्सीन लगवाने के लिये जागरूक करते हुए प्रेरित करें कि वे सभी शीघ्रातिशीघ्र कोविड-19 वैक्सीन लगवाएं। रेडक्रॉस सचिव डा. नरेश चैधारी ने अवगत कराया कि ऋषिकुल जम्बो साइट पर 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी पात्र लाभार्थियों के लिये सभी तरह की वैक्सीन सुविधा उपलब्ध है जिस किसी भी लाभार्थी को जो भी वैक्सीन की डोज अभी नहीं लगी है वो किसी भी समय अपनी वैक्सीन की डोज लगवा सकता है साथ ही साथ महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड ले.ज. (सेनि) गुरमीत सिंह के मार्गदर्शन में अस्वस्थय, चलने फिरने में असमर्थ, दिव्यांग अथवा अति वरिष्ठ नागरिक पात्र लाभार्थियों को रेडक्रॉस की तरफ से मोबाइल काल पर घर जाकर ही वैक्सीन लगाने का अभियान भी लगातार जारी है उक्त श्रेणी के किसी भी पात्र लाभार्थी को कोविड-19 वैक्सीन लगवानी है तो वह मो. न. 9837352202, 9412999707 पर 24 व 7 सम्पर्क कर सकता है जिसके उपरांत लाभार्थी को उनकी सुविधानुसार वैक्सीन लगवाकर रजिस्ट्रेशन करने के उपरान्त वैक्सीनेशन प्रमाण पत्र भी घर पर ही उपलब्ध कराने की सुविधा भी दी जा रही है। वैक्सीनेशन अभियान में समर्पित भावना से उत्कृष्ट कार्य करने के लिये नोडल अधिकारी डा. नरेश चैधरी की सम्पूर्ण जन समाज विशेष सराहना कर रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

## पंजाब के मुख्य मंत्री से करी अपील समाज सेवक रवि सिंह उब्बू ने शहीद भगत सिंह की सोच पर पहरा देने की



हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना : समाज सेवक रवि सिंह उब्बू ने आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि फिर से पंजाब में शहीद भगत सिंह की सोच पर पहरा देने वाली पार्टी आ गई है आम आदमी पार्टी के मुख्य मंत्री भगवंत मान से अपील करी की प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा कसा जाए लोक डाउन से सभी पेरेंट्स फिसो को लेकर बहुत परेशान हैं और ईधर उधर भटक रहे हैं सभी पेरेंट्स को भगवंत मान से उम्मीद है कि वो इन बच्चो का भविष्य सुरक्षित रख सके रवि सिंह ने कहा कि अब वक्त आ गया है शहीद भगत सिंह की सोच पर पहरा देने का जो उन्होंने देश को आजाद कराने के अपनी कुबार्नी दी है मगर किसी भी सरकार ने उस पर अमल नहीं किया उब्बू ने कहा कि हर गांव में जाकर भगत सिंह जैसी सोच रखने वाले युवाओं को आगे लाने की जरूरत है शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस पर साइकिल रैली सुबह दुगरी से जगराओं पुल तक निकाली जाएगी जिसने सभी यूथ हिस्सा लेंगे

## बुधवार को मनाया जा रहा है बासौड़ा पर्व

मदरलैंड संवाददाता, कनीना। कनीना क्षेत्र में सोमवार को बासौड़ा का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व पुराने समय से मनाया जाता आ रहा है। इस पर्व के प्रति लोगों में गहन आस्था है। बुधवार को शीतला मां की पूजा करने के बाद समस्त परिवार बासी भोजन करेगा। करीब आधा दर्जन गांवों में बासौड़ा के छोटे मेले लगते हैं।

इस पर्व के तहत लोग रात को भोजन बनाकर रख देते हैं और सुबह होने पर माता स्थल पर ले जाकर उसकी पूजा करते हैं और फिर इसे ग्रहण किया जाता है। बासौढ़ा का त्यौहार क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाता है। उतर भारत का प्रसिद्ध त्यौहार बासौढ़ा बासौड़ा, शीतला, पूजन तथा शीतला अष्टमी आदि नामों से जाना जाता है। चैत्र माह के रंगों के त्योहार होली के बाद अकसर शनिवार या बुधवार को भोजन बनाकर रखा जाता है। पूरा परिवार ही बासी भोजन खाता है। बासौढ़ा त्योहार मनाने के पीछे पुत्र कामना तथा शीतला रोगों से बचना माना जाता है। पुराने वक्त में चेचक या शीतला रोग अधिक होता था जिसमें लाखों व्यक्तियों की प्रतिवर्ष मृत्यु हो जाती थी। स्त्रियां शीतला माता की पूजा करके परिवार को रोगों से बचाने की प्रार्थना करती थी। तभी से यह त्योहार चला आ रहा है। त्योहार से एक दिन पूर्व विभिन्न पकवान बनाकर रख दिये जाते हैं। जिसमें चावल प्रमुख होता है। अगली रोज सुबह सवेरे उठ स्नान व शीतला माता की पूजा कर, जीवों को भोजन खिलाकर पूरा परिवार ही बासी भोजन करता है। पुराने वक्त में बासी भोजन खाने के पीछे एक दंतकथा भी प्रचलित है जिसके अनुसार एक बुढिया गांव से बाहर झोपड़ी में रहती थी। वह बासी भोजन करती थी जो ग्रामवासी देते थे। एक बार भयंकर शीतला रोग फैला। ग्रामीण रोग पीड़ित हो गए परन्तु बुढिया खुश व रोग रहित थी। ग्रामीणों ने बुढिया से रोग रहित होने का कारण पूछा। बुढिया ने बताया की वह बासी भोजन करती है, तभी से ग्रामीणों ने उनके पदचिह्नों पर चलना शुरू कर दिया। परम्परा वर्तमान में भी चली आ रही है। बासौढ़ा के दिन चावल पकाकर आपसी आदान प्रदान करने की परम्परा भी चली आ रही है। इस परम्परा को कंडवारी नाम से जाना जाता है। पुत्रवती माता चावल पकाकर घर-घर बंटवाती है। प्रत्येक घर परिवार में यह प्रथा चली आ रही है बासी भोजन के पीछे वैज्ञानिक आधार भी माना जाता है। वर्तमान में भी कई रोगों से बचने के लिए बासी रोटी बताई जाती है। प्रत्येक गांव में माता स्थल बने हुये हैं जहां पूजा होती है।

## 1150 किलोमीटर लंबी बाइक यात्रा की शुरूआत 22 मार्च से



मदरलैंड संवाददाता, कनीना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगिहार में अंग्रेजी के प्रवक्ता व ग्राम झगड़ोली निवासी मदन मोहन कौशिक 22 मार्च को प्रात: 5 बजे अपनी सातवीं शहीद स्मारकों की 1150 किलोमीटर लंबी बाइक यात्रा की शुरूआत करेंगे। उनकी यह यात्रा महेंद्रगढ़ के राव तुलाराम चौक से शुरू होकर दादरी, रोहतक, पानीपत, कुरुक्षेत्र, अंबाला, सरहिंद, भगत सिंह के पैतृक गांव खटकड़ कलां, चमकौर साहिब, आनंदपुर साहिब होते हुए शाम को अमृतसर पहुंचेगी। वहां स्वर्ण मंदिर व जलियांवाला बाग के दर्शन के अलावा अटारी बॉर्डर पर बीएसएफ की परेड का भी अवलोकन किया जाएगा। यात्रा के दूसरे दिन 23 मार्च को यात्रा अमृतसर से शुरू होकर प्रात: नौ बजे फिरोजपुर पहुंचेगी तथा भारत-पाकिस्तान बार्डर पर अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह राजगुरु व सुखदेव बटुकेश्वर दत्त तथा भगत सिंह की माता की समाधि पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। शाम को हुसैनीवाला बार्डर पर बीएसएफ की परेड का भी अवलोकन करेंगे। इस तिरंगा यात्रा में उनके साथ गांव पाली से मास्टर सुरेंद्र पाल तथा मुंडिया खेड़ा से भूगोल के प्रवक्ता सूर्य प्रकाश यादव भी शामिल होंगे। उन्होंने विगत वर्ष भी यह यात्रा पूरी की थी।

# हरियाणा टीबी मुक्त अभियान के तहत नांगल रामपुरा में कैंप आयोजित

### कैंप में लगभग 35 मरीजों की जांच व 26 मरीजों के किए एक्स-रे

» अशोक सैनी, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। जिला में चलाए जा रहे हरियाणा टीबी मुक्त अभियान के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा में कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लगभग 35 मरीजों की जांच व 26 मरीजों के एक्स-रे किए, 11 मरीजों की सीबीएनएएटी की जांच के लिए लिखा गया।

सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार ने बताया कि टीबी मुक्त हरियाणा मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग महेन्द्रगढ एवं मेदान्ता अस्पताल गुरुग्राम के सहयोग से जिला की जिन संस्थाओ में एक्स-रे जांच की सुविधाए नहीं हैं उन संस्थाओं पर टीबी के रोगियों के पहचान के लिए कैम्प लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि टीबी के बहुत से मरीज जिला क्षयरोग केन्द्र नारनौल या नागरिक अस्पताल नारनौल नहीं पहुंच पाते हैं। टीबी की जांच के लिए एक्स-रे व बलगम की जांच आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिले की अधिकतर संस्थाओं में एक्स-रे की सुविधाएं नहीं है जिस कारण टीबी की जांच एवं ईलाज में देरी होती है व मरीज गंभीर अवस्था में टीबी के ईलाज के लिए पहुंचता हैं।

उन्होंने बताया कि इन कैंपों में संभावित टीबी मरीजों की जांच, एक्स-रे व सीबीएनएएटी मशीन से बिगड़ी हुई टीबी की जांचे मुफ्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो मरीज टीबी से ग्रस्त पाया जाएगा उनका डॉटस प्रणाली के तहत मुफ्त ईलाज किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 22 मार्च को सिहमा, 24 को बाछौद, 25 मार्च को कांटी व 26 मार्च को बिगोपुर में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मेदांता टीम के साथ एसटीएलएस मनोज कुमार, एसटीएस मनीष कुमार व हेमन्त मौजूद थे।

# एमसीएम ने वार्षिक एलुमनी व्याख्यान 2022 का आयोजन किया

» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। एसोसिएशन ऑफ एमसीएम डीएवी एलुमनी, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ ने मिश्रित मोड में 'विमन, कम्यूनिटी एंड लीडरशिपझ विषय पर वार्षिक पूर्व छात्र व्याख्यान का आयोजन किया। इस सत्र की वक्ता बहुमुखी प्रतिभा की धनी पूर्व छात्रा सुश्री नयना भंडारी थीं। वह एक कार्यकर्ता, कलाकार, सांस्कृतिक सलाहकार, सामाजिक प्रभाव निमार्ता, सामुदायिक प्रसारणकर्ता और रचनात्मक निदेशक भी हैं। ऑस्ट्रेलियाई दक्षिण एशियाई समुदायों के साथ उनके काम के लिए उन्हें वर्ष 2017 के ह्यूम सिटीजन से सम्मानित किया गया। व्याख्यान का उद्घाटन करते हुए, प्राचार्या डॉ. निशा भार्गव ने अलमाटर और पूर्व छात्रों के बीच एक मजबूत बंधन बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी क्षमता पर विश्वास करने और विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका निभाने कर समुदाय में सकारात्मक बदलाव के अग्रदूत बनने के लिए उत्साहित किया। सुश्री नयना ने सकारात्मकता के साथ सत्र का शुभारम्भ करते हुए युवाओं को करियर और जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में निरंतर, तीव्र और दयालु रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को ₹अपनी रचनात्मक क्षमता के साथ किसी भी पेशे का नेतृत्व करने₹ के लिए प्रोत्साहित किया। सुश्री नयना ने 2008 में ऑस्ट्रेलिया पहुंचने पर संघर्षों और चुनौतियों की अपनी व्यक्तिगत यात्रा को भी साझा किया, और उनकी प्रस्तुति ने एक प्रवासी भारतीय महिला के रूप में उनकी यात्रा को दशार्या जो अपने समुदाय के प्रति सेवाभाव रखती हैं। सत्र में 270 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी स्पीकर के व्यक्तिगत अनुभवों से लाभान्वित हुए।प्रमुख वक्ता ने एक संभावित करियर विकल्प के रूप में सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में उनका मार्गदर्शन किया। इस सत्र में छात्रों की उत्साही भागीदारी रही और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सुश्री नयना द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया।

# चुनाव अधिकारी ने नवनिर्वाचित प्रधान को सौंपा चार्ज

» मदरलैंड संवाददाता



महेंद्रगढ़। ब्राह्मण सभा (रजि.) महेन्द्रगढ़ के त्रिवार्षिक चुनाव कार्यक्रम हुआ सम्पन्न। चुनाव अधिकारी राकेश महता एडवोकेट ने नवनिर्वाचित प्रधान दिनेश चंद्र वैध को विधिवत रूप से सौपा चार्ज। चुनाव कार्यक्रम में सहयोग करने वाले लोगो को भी किया गया सम्मानित।

ब्राह्मण सभा महेन्द्रगढ़ के नये प्रधान के लिए त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष 2022-25 करवाने के लिए तत्कालीन कार्यकारिणी ने राकेश महता एडवोकेट को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया था। जिसके बाद मैहता ने निष्पक्षता से नियमो की पालना करते हुए चुनाव करवाने के लिये सभा की आम सभा की पहली बैठक 23 जनवरी को बुलाई थी। जिसमे कोरम पूरा नही होने की वजह इसे एडजोरन करना पड़ा। फिर अगली बैठक 27 फरवरी को बुलाई जिसमे कोरम पूरा था। जिसमे उन्होंने आजीवन मतदाता की सूची को फाइनल किया और प्रधान के चुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। जिसमें 3 मार्च को नामांकन से लेकर 20 मार्च को मतदान तक पूरा शेड्यूल जारी किया गया। इसी दौरान तीन प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किए। जिनमे दयाशंकर तिवाडी, दिनेश चंद्र वैध व भवानी दत्त शर्मा शामिल थे। फिर नामांकन वापसी की 13 मार्च को पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने अपने निवास पर इन तीनो उम्मीदवारों का आपस मे सामंजस्य बैठाते हुए दिनेश चंद्र वैध को प्रधान के लिए फाइनल किया और बाकी दोनों ने अपने नाम वापस ले लिया इस प्रकार दिनेश वैध निर्विरोध प्रधान घोषित हुए। उस समय यह भी निर्णय हुआ कि दयाशंकर तिवाडी सभा के मुख्य संरक्षक व भवानी शर्मा महामंत्री पद पर आसीन होंगे। इस प्रकार से 20 मार्च को चुनाव कार्यक्रम पूरी तरह से सम्पन्न होने पर चुनाव अधिकारी राकेश मेहता ने सभा की बैठक बुलाकर नवनिर्वाचित प्रधान दिनेश चंद्र वैध को निर्वाचन पत्र देकर उन्हें उनका दायित्व सौंप दिया।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान दयाशंकर तिवाडी, राजेश दीवान, महाबीर भांडोरिया, मुकेश लवानिया, सुधीर दीवान, भवानी शर्मा, मास्टर महाबीर झगडोली वाले, सागर दत्त शर्मा, संतलाल शर्मा, दिनेश दत्त, राजेश दिल्लीवान, मनोज गौतम, लक्ष्मीकांत शर्मा, सतीश लाटा, अशोक बुचोली, राधेश्याम दिल्लीवान, प्रवीण गौड़ सुभाष तिवाडी, जितेंद्र शर्मा, बालकिशन शर्मा व प्रवीण दीवान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्कालरशिप परीक्षा में पहुंचे एक हजार विद्यार्थी

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। एसडी स्कूल खेड़ी तलवाना में आयोजित स्कालरशिप परीक्षा में परीक्षार्थियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। अभिभावक अपने बच्चों को उत्साह के साथ स्कालरशिप परीक्षा दिलवाने पहुंचे। विद्यालय में परीक्षा देने आए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का विद्यालय स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया।

परीक्षा के दौरान अभिभावकों के बैठने के लिए भी विशेष प्रबंध किया गया। संगीत टीम ने सभी अभिभावकों को अपने मधुर गीत-संगीत के माध्यम से बांधे रखा। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय के बच्चों की उपलब्धियों से अभिभावकों को अवगत कराया।विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि 93.2 प्रतिशत बच्चों ने स्कॉलरशिप परीक्षा दी और 1000 बच्चों का पंजीकरण हुआ था। जो बहुत ही प्रशंसनीय व सराहनीय है।

निदेशक महोदय ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज स्कूल अभिभावकों के विश्वास पर पूर्ण कायम है। इसी का नतीजा है कि आज विद्यालय के बच्चे शिक्षा ही नहीं खेल, कल्चरल व अन्य हर क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

पहले जहां क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी एजुकेशन के लिए दूरदराज भेजने को मजबूर थे परंतु अब दूरदराज के अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी एजूकेशन के लिए महेंद्रगढ़ भेज रहे हैं यह हम सब के लिए गौरव का विषय है। अभिभावकों के विश्वास के कारण आज महेंद्रगढ़ शिक्षा का हब बन चुका है यहां कम खर्चे में अभिभावक अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवा रहे हैं।

उप प्रधानाचार्या शोभा राव खरसाणीयां ने स्कॉलरशिप परीक्षा दिलवाने आए सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए बताया कि इस बार सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में पहले ही प्रयास में 10 में से 7 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की।उन्होंने बताया कि परीक्षा में विशेष मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार प्रत्येक कक्षा में दाखिले के समय विशेष छूट दी जाएगी। परीक्षा परिणाम तैयार होने पर प्रत्येक अभिभावक के मोबाइल पर भेजा जाएगा परिणाम जारी होने के बाद अभिभावक विद्यालय में भी फोन करके अपने बच्चे का परीक्षा परिणाम पूछ सकेंगे। परीक्षा के सफल आयोजन में कोच प्रदीप कुमार, सुजीत कुमार, पूनम, कृष्ण, नवीन, सुनीता सहित समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# मामूली से खर्चे में प्राप्त करो पीएचडी की डिग्री और लिखो डॉक्टर अपने नाम के साथ

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। ग्रामीण कहावत है- हल्दी लगे ना फिटकरी और रंग आये चौखा। अर्थात कुछ मेहनत भी नहीं और अच्छा रंग आये। यह कहावत शत प्रतिशत पीएचडी पाने वाले उन लोगों पर लागू होती है जो आनरेरी डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। विदित हो पीएचडी करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, कम से कम 4 साल लगते हैं। अनेकों बार विश्वविद्यालय जाना पड़ता है, लाखों रुपये फीस जमा की जाती है, इंटरव्यू भी देना पड़ता है, साक्षात्कार देने के बाद ही कहीं अनेकों कठिनाइयां एवं अध्ययन कर पीएचडी की डिग्री हासिल होती है किंतु इन परेशानियों को झेलने की बजाय अब आनरेरी डिग्री देने का सिलसिला पूरे ही देश में जारी है। पांच हजार से लेकर लाखों रुपये ऐंठकर इस प्रकार की आनरेरी पीएचडी थमा दी जाती है। इस प्रकार की डिग्री पाने वाला झटपट अपने आपको डाक्टर लिखने लग जाता है। आश्चर्यजनक तथ्य है कि कोई भी विश्वविद्यालय के बगैर पीएचडी की डिग्री नहीं दे सकता किंतु विभिन्न संस्थाएं है या कुछ लोग भी इस प्रकार की डिग्रियां दे रहे हैं। चाहे वे स्वयं बहुत कम पढ़े लिखे हो किंतु लोगों को पीएचडी की डिग्री दे रहे हैं।

पीएचडी की डिग्री पाने वाले भी लोग इन डिग्रियों को हासिल कर अपने नाम के साथ डॉक्टर लिखने लग गए हैं। अगर समुचित जांच की जाए तो आने को डॉक्टर लिखने वाले या तो डॉक्टर लिखना बंद कर देंगे या कैद की सलाखों के पीछे भी जा सकते हैं। कहने को तो आनरेरी डिग्री है किंतु पैसे ऐंठने इसकी आड़ में पैसे झूठ लेते हैं। यहां तक कि नेपाल से भी कई संस्थाएं इस प्रकार की डिग्रियां दे रही है। विभिन्न सोशल माध्यमों से डिग्री लेने के लिए दिए गए नंबरों पर संपर्क करने की बात कहते हैं। इस संबंध में जब ऐसी संस्थाओं से कई जगह बात ही अलग अलग स्थानों से अलग अलग रेट में पीएचडी की डिग्री देने की बात चली परंतु न तो वे विश्वविद्यालय से संबंध रखते है और न विश्वविद्यालय है बल्कि अपनी संस्थाएं बनाकर इस प्रकार की डिग्रियां दे रहे हैं। इससे पीएचडी की कड़ी मेहनत करके डिग्री पाने वाले बेहद मायूस हैं।

# 'सही पोषण-देश रोशन' की थीम पर राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा की डीसी ने की शुरूआत

» मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। उपायुक्त श्याम लाल पुनिया ने कहा कि कुपोषण जैसी समस्या से निजात दिलाने के लिए केवल एक व्यक्ति, विभाग या सरकार नहीं बल्कि हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। इसके लिए हमें केवल पखवाड़े तक सीमित नहीं रहना है। यह पूरे साल भर तक चलने वाला अभियान है। इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देना। श्री पुनिया आज सभागार भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 'सही पोषणझदेश रोशन' की थीम पर आयोजित राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने परिवार में लिंग के आधार पर भेदभाव ना करें। सबके साथ समानता होनी चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि हमें बहू और बेटी को समान दृष्टि से देखना चाहिए। खाने पीने को लेकर होने वाली इसी विषमता को मिटा कर आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ और निरोगी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मामले में जिला महेंद्रगढ़ ने ऊंचाइयों को छुआ है। इसी प्रकार हमें इस पोषण अभियान के माध्यम से जिला को एनीमिया मुक्त करना है।

डीसी ने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से विभिन्न योजनाएं चला रही है। स्वास्थ्य के साथ-साथ बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के लिए सरकार ने फैसला किया है कि इस वर्ष एक अप्रैल से प्ले स्कूल चलाए जाएं। जिला में 1 अप्रैल से 142 प्ले स्कूल शुरू किए जा रहे हैं। सभी अभिभावकों से अपील है कि वे इन सरकारी प्ले स्कूल में अपने बच्चों का दाखिला करवाएं। यहां पर उन्हें पोषण आहार के साथ-साथ खेल खेल में बेहतरीन शिक्षा दी जाएगी।

श्री पुनिया ने हड़ताल पर चल रही कुछ आंगनवाड़ी कार्यकताओं से भी आह्वान किया कि बच्चों के भविष्य के लिए आंदोलन को समाप्त करके अपनी मांग कानूनी तरीके से सरकार के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि सरकार सकारात्मक कदम उठा रही है। ऐसे में बच्चों की भलाई के लिए वे हड़ताल छोड़ कर काम पर लौटे।

उपायुक्त ने कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित जनों को अपने बच्चों को सही तरीके से पोषण देने की शपथ दिलाई। इस मौके पर कुलदीप एंड पार्टी ने पोषण पर आधारित एक नाटक पेश किया।

कार्यक्रम से पहले उपायुक्त ने पौधारोपण भी किया। वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को पौधा देकर सम्मानित किया। छात्रा कल्पना ने मुख्य अतिथि का गीत के माध्यम से स्वागत किया।

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त निदेशक राजबाला कटारिया ने कार्यक्रम में उपस्थित जनों से अपील की कि पोषण अभियान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई कोर कसर न छोड़ें। उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान को सफल बनाने के लिए जन सहयोग की भागीदारी जरूरी है। जागरूकता वह हथियार है जिसके माध्यम से हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सक्षम युवाओं से कहा कि पोषण अभियान के प्रत्येक पहलू की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं।

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ अजीत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सरिता शर्मा, सीडीपीओ सरला यादव, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक वंदना यादव के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

# उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम दिनेश ने किया बिजली बोर्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण

» जय प्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता

- निरीक्षण के दौरान विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी पाए अनुपस्थित
- अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश

महेंद्रगढ़। आम नागरिकों की तरफ से बिजली बोर्ड की शिकायत मिलने पर उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम दिनेश ने बिजली बोर्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता कार्यालय से 15 कर्मचारी व अधिकारी, सिटी कार्यालय बिजली बोर्ड के 9 कर्मचारी व अधिकारी, अर्बन कार्यालय बिजली बोर्ड के 4 कर्मचारी व आउटसोर्सिंग के 6 कर्मचारी अपनी ड्यूटी से नदारद मिले। इसके अलावा जहां बिजली के बिल भरे जाते हैं वहां साढ़े नौ बजे तक ताला लगा हुआ था। आमजन वहां बिल भरने के लिए बिजली कर्मचारियों के आने का इंतजार कर रहे थे। इस मौके पर उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम दिनेश ने कार्यालय में अनुपस्थित मिले अधिकारियों व कर्मचारियों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में समय पर ना आने वाले व समय से पहले जाने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आमजन का कार्य समय पर करें उनको बार-बार कार्यालय के चक्कर ना लगवाएं। इसके अलावा उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी के चेयरमैन एवं एसडीएम दिनेश ने ब्वाय कॉलेज, मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नगर पालिका व पब्लिक हेल्थ के कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया व हाजिरी रजिस्टर चेक किया गया। यहां इन सभी जगहों पर सभी कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित पाए गए।

# खोखे में आग लगाने के मामले में एक ओर आरोपित गिरफ्तार

### पीड़ित के गुटखा देने से मना करने पर आरोपितों ने दिया था वारदात को अंजाम

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। थाना शहर नारनौल पुलिस ने खोखे में आग लगाने के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने एक खोखे में आग लगा दी थी, जिसमें खोखे के अंदर रखी नकदी और किराना सामान जल गया था। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दिनेश उर्फ मोटा वासी मौहल्ला मिश्रवाड़ा नारनौल के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा इस मामले में पहले तीन आरोपितों विनोद उर्फ चन्नी, अभिषेक उर्फ काली और आशुराव को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित दिनेश उर्फ मोटा को शहर नारनौल क्षेत्र से पकड़ कर गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि बबलू वासी नारनौल ने थाना शहर नारनौल में शिकायत दर्ज कराई कि उसका रोजगार खोखे की दुकान है। शिकायतकर्ता ने नामजद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि गुटखा देने से मना करने पर बदमाशों ने उसके खोखे में आग लगा दी, जिसमें खोखे में रखी नकदी और सामान जल गया। इस पर थाना शहर नारनौल पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा तीन आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है, खोखे में आग लगाने की वारदात में शामिल एक ओर आरोपित को पुलिस ने कल गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पता लगाया कि आरोपित खोखे के पास बैठकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने पता लगाया कि शिकायतकर्ता द्वारा आरोपितों को गुटखा देने से मना करने पर उन्होंने पीड़ित के खोखे में आग लगा दी। आरोपित से पूछताछ कर आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# अमेरिका और डालर की दादागिरी समाप्ति की ओर



सनत जैन

सारे विश्व की अर्थव्यवस्था एवं तीसरे विश्वयुद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत है। रुस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने अमेरिका और नाटो देशों को सबसे कमजोर स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से सारी दुनिया के देशों में अमेरिका का वर्चस्व बढ़ता चला गया। अंतराष्ट्रीय संस्थाओं और डालर मुद्रा के बल पर पिछले 60 सालों में अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश बन गया था। ताकत के बल पर सारी दुनिया में अपने साम्राज्य को फैलाने के लिए 1990 में सोवियत-रुस को तोड़कर अपनी ताकत का डंका बजाने वाला अमेरिका-रुस- यूक्रेन युद्ध के बाद अपने ही जाल में फंसकर फड़फड़ा रहा है। यूक्रेन के सहारे रुस को कमजोर करने नाटो देश का सदस्य बनाकर जो मकड़जाल अमेरिका ने बुना था। उससे बाहर निकलने का रास्ता अमेरिका और नाटो संगठन के देशों का नहीं मिल रहा है। पिछले ---- दिनों में अमेरिका तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने प्रतिबंधों के माध्यमों से रुस पर नकेल कसने के जो प्रयास किये थे। वह सभी निष्फल साबित हुए है। उल्टे प्रतिबंधों के कारण दुनिया के कई बड़े देश जिनमें चीन और भारत जैसे शक्तिशाली देश भी रुस के साथ खड़े हो रहे हैं। इससे अमेरिका और नाटो संगठन हतप्रभ है। रुस के खिलाफ जो आर्थिक प्रतिबंध अमेरिका ने लगाये। उससे रुस को कुछ समय के लिए परेशानी जरुर हो रही है। वहीं अमेरिका का अस्तित्व और नाटो संगठन के बिखराव का नया खतरा पैदा हो गया है।

चीन की कूटनीति से रुस मजबूत

अमेरिका ने चीन को प्रतिबंध लागू करने और रुस की सहायता नहीं करने का भारी दबाव बनाया है। चीन अमेरिका के दबाव में नहीं आया। उल्टे चीन की कूटनीति से अमेरिका का संकट बढ़ता ही जा रहा है।

**इलेक्ट्रानिक उपकरण एवं दवाईयां**

चीन इलेक्ट्रानिक वस्तुओं एवं दवाईयों के निर्माण में बेसिक साल्ट का सबसे बड़ा निर्यातक है। चीन ने कोरोना की आड़ लेकर लाक-डाउन लगाकर सारी दुनिया के देशों का निर्यात रोक दिया है। चीन के इस निर्णय से अमेरिका और यूरोपीय देशों का संकट बढ़ गया है। महंगाई बढ़ी है, जरुरी सामानों की कमी शुरू हो गई है।

**तेल और गैस की कमी**

प्रतिबंधों के चलते यूरोपीय देशों को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ रहा है। रुस से लगभग 42 फीसदी गैस एवं कच्चे तेल का निर्यात यूरोपीय देशों में होता था। प्रतिबंध के कारण यूरोपीय देशों की सप्लाई प्रभावित हुई है। आने वाले कुछ दिनों में यूरोपीय देशों को एनर्जी संकट का सामना करना पड़ेगा। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। यूरोपीय देशों में घरों को गर्म रखने के लिए बड़ी मात्रा में रुसी प्राकृतिक गैस का उपयोग होता है। जो अब उपलब्ध नहीं हो रही है।

**डालर की दादागिरी खत्म होगी ?**

अमेरिका ने रुस पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने के साथ डिजिटल देनदेन पर रोक लगा दी है। प्रारंभिक स्तर पर रुस को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। रुस ने झुकने के स्थान पर रुबल और व्यापार करने वाले देशों के साथ उनकी मुद्रा में लेनदेन करने तथा डिस्काउंट देने के कारण अब रुस के साथ व्यापार करने वाले देश रुबल मुद्रा में समझौते और व्यापार करने लगे है। इससे अमेरिका और डालर मुद्रा के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है।

भारत जो अपनी जरुरत का 85 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। रुस के साथ भारत ने 25 फीसदी छूट के साथ रुबल मुद्रा में भुगतान करने का समझौता किया है। इस समझौते से भारत एवं रुस के बीच व्यापार काफी तेजी के साथ बढ़ेगा यही हाल चीन का है। ऐसी स्थिति में डालर मुद्रा को सबसे बड़ी चुनौती मिलना शुरू हो गई है।



**वैश्विक व्यापार संघि एवं भुगतान माडल पर बदलाव ?**

अमेरिका ने जिस तरह से रुस पर प्रतिबंध लगाते हुए उसकी सम्पत्तियां एंव लेनदेन को रोकने का काम किया है। उससे अमेरिका की दादागिरी को लेकर अन्य निर्गुट देशों पर इसका असर देखने को मिल रहा है। एशियाई देश अपने व्यापार व्यवसाय सुरक्षा इत्यादि को देखते हुए क्षेत्रीय आधार पर स्वालम्बी बनने की दिशा में सोचने विवश हुए है।

**अपने ही जाल में फंसा अमेरिका**

सोबियत रुस को तोड़ने के बाद पिछले 30 बर्षों में अमेरिका ने एकछत्र राज्य किया है। वैश्विक व्यापार संघि का सबसे ज्यादा लाभ अमेरिका ने उठाया। उसके बाद से अमेरिका एवं नाटो देश रुस-चीन- भारत-जापान एवं खाड़ी देशों में अपना प्रभुत्व बढ़ाने का काम कर रहे थे। सोबियत रुस का विघटन देखने के बाद रुस ने भी आर-पार की लड़ाई-लड़ने का मन बना लिया है।

**नहीं चलेगी अमेरिकी दादागिरी**

पिछले तीन दशक में रुस-भारत-चीन-जापान-उत्तरकोरिया सहित दर्जनों देश परमाणु हथियोरों से लेस है। नाटो देशों के माध्यम से अमेरिका से मिलने वाली चुनौतियों के साथ पड़ोसी देशों से सुरक्षा की दृष्टि से सारी दुनिया के बड़े देश आत्मनिर्भर है। ऐसी स्थिति में अमेरिका ने यूक्रेन को लेकर रुस को कमजोर करने की जो रणनीति बनाई थी। वह बुरी तरह फ्लाप होकर रह गई है।

## संपादकीय

### पाकिस्तान किस गरीब की जोरु है ?



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारतीय विदेश नीति की खुले-आम तारीफ करके अपना फायदा किया है या नुकसान, कुछ कहा नहीं जा सकता। इस वक्त पाकिस्तान की फौज और उनके गठबंधन के कुछ सांसद उनसे इतने नाराज हैं कि उनकी सरकार अधर में लटकी हुई है। यदि इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) के सम्मेलन में 50 देश भाग लेने के लिए इस्लामाबाद नहीं पहुंच रहे होते तो इमरान सरकार शायद अब तक गुड़क जाती। लगभग उनके दो दर्जन सांसदों ने बगावत का झंडा खड़ा कर दिया है। पाकिस्तानी संसद में वे सिर्फ 9 सांसदों के बहुमत से अपनी सरकार चला रहे हैं। पाकिस्तान के कई नेताओं और पत्रकारों ने मुझे बताया कि इमरान के बागी सांसद तभी पार्टी का साथ देंगे जबकि इमरान की जगह उनके विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी या परवेज खट्टक को प्रधानमंत्री बना दिया जाए। इनके नामों पर फौज सहमत हो सकती है। फौज के घावों पर इमरान ने यह कहकर नमक छिड़क दिया है कि पाकिस्तानी विदेश नीति हमेशा किसी न किसी महाशक्ति की गुलामी करती रही है जबकि भारत हमेशा आजाद विदेश नीति चलाता रहा है। भारत ने यूक्रेन के मामले में भी अमेरिका और नाटो देशों का समर्थन नहीं किया है। अमेरिका के साथ भारत के सामरिक रिश्ते घनिष्ट हैं लेकिन वह रूस से तेल आयात कर रहा है। जो यूरोपीय देशों के राजदूत पत्र लिखकर पाकिस्तान को उपदेश दे रहे हैं कि वह रूस की निंदा करे, वे ये ही सलाह भारत को देने की हिम्मत क्यों नहीं करते? पाकिस्तान को उन्होंने क्या गरीब की जोरु समझ रखा है? उन्होंने कहा है कि मैं पाकिस्तान का सिर ऊँचा रखूंगा। न किसी के आगे कभी झुका हूं, न पाकिस्तान को झुकने दूंगा। इमरान ने यह भी याद दिलाया कि अगस्त में जब अमेरिकी अफगानिस्तान खाली कर रहे थे तो उन्होंने पाकिस्तान से एक सैन्य अड्डे की सुविधा मांगी थी तो उन्होंने साफ इंकार कर दिया था। प्रधानमंत्री इमरान से जब-जब मेरी भेंट हुई है, भारत के प्रति उनका रवैया अन्य पाकिस्तानी नेताओं से मुझे भिन्न मालूम पड़ा है। प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद उन्होंने भारत के बारे में जो बयान दिए थे, उसमें भी वह प्रकट हुआ था। लेकिन पाकिस्तान की फौज और नेतागण हमेशा भारत से इतने डरे रहते हैं कि वे कभी अमेरिका या कभी चीन की गोद में बैठकर ही अपने आप को सुरक्षित समझते हैं। प्रधानमंत्री के तौर पर इमरान खान भी अभी तक इसी नीति पर चलते रहे हैं। दो-चार साल तक प्रधानमंत्री बने रहने पर हर पाकिस्तानी नेता फौज के वर्चस्व से मुक्त होना चाहता है लेकिन हमने बेनजीर भुट्टो और नवाज शरीफ का हश्र देखा है। क्या मालूम, इमरान खान भी उसी तरह उछालकर फेंक दिए जाएं। उन्हें तख्ता-पलट के द्वारा नहीं, वोट-पलट के द्वारा उलट दिया जा सकता है।

# जल संकट की गहराती समस्या



योगेश कुमार गोयल

**पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्त्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न पुस्तक में विस्तार से यह वर्णन किया गया है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पुस्तक के अनुसार पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है।**

जल एक ऐसा दुर्लभ प्राकृतिक संसाधन है, जो सिर्फ कृषि कार्यों के लिए ही नहीं बल्कि पृथ्वी पर जीवन के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि जल की कमी का संकट न केवल भारत बल्कि दुनिया के लगभग सभी देशों की एक विकट समस्या बन चुका है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए जल संरक्षण और रखरखाव को लेकर दुनियाभर में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है। सही मायने में यह दिन जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने तथा पानी बचाने का संकल्प लेने का दिन है। यह दिवस मनाए जाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 1992 में रियो द जेनेरियो में आयोजित ह्यपर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनह्न (यूएनसीईडी) में की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की उसी घोषणा के बाद पहला विश्व जल दिवस 22 मार्च 1993 को मनाया गया था। दरअसल दुनियाभर में इस समय करीब दो अरब लोग ऐसे हैं, जिन्हें स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा और साफ पेयजल उपलब्ध न होने के कारण लाखों लोग बीमार होकर असमय काल का ग्रास बन जाते हैं।

बात यदि भारत के संदर्भ में करें तो हमारा देश पहली बार 2011 में जल की कमी वाले देशों की सूची में शामिल हुआ था और अब स्थिति ऐसी हो चुकी है कि महाराष्ट्र हो या राजस्थान, बिहार हो या झारखण्ड या फिर देश की राजधानी दिल्ली, प्रतिवर्ष विशेषकर गर्मी के मौसम में देश के विभिन्न हिस्सों में पानी को लेकर लोगों के बीच आपस में झगड़े-फसाद की खबरें सामने आती रही हैं। कुछ ही साल पहले शिमला जैसे पर्वतीय क्षेत्र में पानी की कमी को लेकर हाहाकार मचा था और उसके अगले साल चेन्नई में वैसी ही स्थिति देखी गई। ये मामले जल संकट गहराने की समस्या को लेकर हमारी आंखें खोलने के लिए पर्याप्त थे किन्तु फिर भी इससे निपटने के लिए सामुदायिक तौर पर कोई गंभीर प्रयास होते नहीं दिख रहे। यही वजह है कि भारत में बहुत सारे शहर अब शिमला तथा चेन्नई जैसे हालातों से जूझने के कगार पर खड़े हैं।

प्रधानमंत्री द्वारा 2019 में देश के हर ग्रामीण क्षेत्र तक नलों के जरिये प्रत्येक घर में जल पहुंचाए जाने के लिए ह्यजल जीवन मिशनह्न नामक अभियान की शुरूआत की गई थी। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इस मिशन की शुरूआत से पहले देश के ग्रामीण इलाकों में केवल 3.23 करोड़ परिवारों के पास ही नल कनैक्शन थे और इस योजना के तहत 2024 तक 19.22 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक पानी पहुंचाए जाने का लक्ष्य है। आंकड़ों के अनुसार इस मिशन की शुरूआत से लेकर 28 महीनों की अवधि में कुल 5.44 करोड़ घरों तक नल से जलापूर्ति शुरू की जा चुकी है और इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या कुल 8.67 करोड़ हो चुकी है। हालांकि घर-घर तक जल पहुंचाने का वास्तविक लाभ तभी होगा, जब नलों से जलापूर्ति भी सुचारू रूप से हो और यह केवल तभी संभव होगा, जब जलस्त्रोतों की बेहतर निगरानी व्यवस्था होने के साथ-साथ जल संरक्षण के लिए कारगर प्रयास नहीं किए जाएं।



पृथ्वी का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी से लबालब है लेकिन धरती पर मौजूद पानी के विशाल स्त्रोत में से महज एक-डेढ़ फीसदी पानी ही ऐसा है, जिसका उपयोग पेयजल या दैनिक क्रियाकलापों के लिए किया जाना संभव है। ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न पुस्तक में विस्तार से यह वर्णन किया गया है कि पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की कुल मात्रा में से मात्र तीन प्रतिशत पानी ही स्वच्छ बचा है और उसमें से भी करीब दो प्रतिशत पानी पहाड़ों व ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा है जबकि शेष एक प्रतिशत पानी का उपयोग ही पेयजल, सिंचाई, कृषि तथा उद्योगों के लिए किया जाता है। बाकी पानी खारा होने अथवा अन्य कारणों की वजह से उपयोगी अथवा जीवनदायी नहीं है। पुस्तक के अनुसार पृथ्वी पर उपलब्ध पानी में से इस एक प्रतिशत पानी में से भी करीब 95 फीसदी पानी भूमिगत जल के रूप में पृथ्वी की निचली परतों में उपलब्ध है और बाकी पानी पृथ्वी पर सतही जल के रूप में तालाबों, झीलों, नदियों अथवा नहरों में तथा मिट्टी में नमी के रूप में उपलब्ध है। इससे स्पष्ट है कि पानी की हमारी अधिकांश आवश्यकताओं की पूर्ति भूमिगत जल से ही होती है लेकिन इस भूमिगत जल की मात्रा भी इतनी नहीं है कि इससे लोगों की आवश्यकताएं पूरी हो सकें। वैसे भी जनसंख्या की रफ्तार तो तेजी से बढ़ रही है किन्तु भूमिगत जलस्तर बढ़ने के बजाय घट रहा है, ऐसे में पानी की कमी का संकट तो गहराना ही है।

देश में जल संकट गहराते जाने की प्रमुख वजह है भूमिगत जल का निरन्तर घटता स्तर। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय दुनिया भर में करीब तीन बिलियन लोगों के समक्ष पानी की समस्या मुंह बाये खड़ी है और विकासशील देशों में तो यह समस्या कुछ ज्यादा ही विकराल होती जा रही है, जहां करीब 95 फीसदी लोग इस समस्या को झेल रहे हैं। पानी की समस्या एशिया में और खासतौर से भारत में तो बहुत गंभीर रूप धारण कर रही है। विश्वभर में पानी की कमी की समस्या तेजी से उभर रही है और यह भविष्य में बहुत खतरनाक रूप धारण कर सकती है। अधिकांश विशेषज्ञ आशंका जताने लगे हैं कि जिस प्रकार तेल के लिए खाड़ी युद्ध होते रहे हैं, जल संकट बरकरार रहने या और अधिक बढ़ते जाने के कारण आने वाले वर्षों में पानी के लिए भी विभिन्न देशों के बीच युद्ध लड़े जाएंगे और हो सकता है कि अगला विश्व युद्ध भी पानी के मुद्दे को लेकर ही लड़ा जाए। दुनियाभर में पानी की कमी के चलते विभिन्न देशों में और भारत जैसे देश में तो विभिन्न राज्यों में ही जल संधियों पर संकट के बादल मंडराते रहे हैं।

बहरहाल, पानी की महत्ता को हमें समय रहते समझना ही होगा। इस तथ्य से हर कोई परिचित है कि जल ही जीवन है और पानी के बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती लेकिन जब हम हर जगह पानी का दुरूपयोग होते देखते हैं तो बहुत अफसोस होता है। पानी का अंधाधुध दोहन करने के साथ-साथ हमने नदी, तालाबों, झरनों इत्यादि अपने पारम्परिक जलस्त्रोतों को भी दूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमें समझ लेना होगा कि बारिश की एक-एक बूंद बेशकीमती है, जिसे सहेजना बहुत जरूरी है। अगर हम वर्षा के पानी का संरक्षण किए जाने की ओर खास ध्यान दें तो व्यर्थ बहकर नदियों में जाने वाले पानी का संरक्षण करके उससे पानी की कमी की पूर्ति आसानी से की जा सकती है और इस तरह जल संकट से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

# (22 मार्च, विश्व जल दिवस) भूजल, मेघ से बाहर हो लेकिन मेधा से नहीं



हेमेन्द्र क्षीरसागर

हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अधिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही 22 मार्च का दिन विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरूआत की थी। विश्व जल दिवस के लिए इस वर्ष का प्रसंग ह्यवैल्यूइंग वाटरह्न है।

यानी लोगों के लिए पानी का क्या मतलब है। यह कितना कीमती है और हम इस महत्वपूर्ण संसाधन की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं, ताकि आगे आने वाली पीढ़ियों को भी साफ पानी मिल सके। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी की महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए।

लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है।



गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4 फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए।

वस्तुतः पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व इसी से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग के कारण मीठे पानी की कमी अब नजर आने लगी है। जल संकट एक ऐसी स्थिति है जहां किसी क्षेत्र के भीतर उपलब्ध पीने योग्य, अप्रदूषित पानी उस क्षेत्र की मांग से कम हो जाता है। भूजल पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत है जो हमारे जीवन को समृद्ध करता है। हालांकि, सतह के नीचे संग्रहीत होने के कारण, इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन बदतर होता जाएगा, भूजल अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। हमें इस बहुमूल्य संसाधन को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सचेत भूजल मेघ से बाहर हो सकता है, लेकिन यह मेधा से बाहर नहीं होना चाहिए। भूजल को प्रदूषण से बचाना चाहिए और लोगों और खुद की जरूरतों को संतुलित करते हुए इसका स्थायी रूप से उपयोग करना चाहिए। तभी जल हमें और हमारे कल को बचाएंगा। आखिर ! यह हमारी आने वाली पीढ़ी की अनमोल धरोहर है। इसे सार-संभाल कर रखने की जिम्मेदारी हमें ही मिलकर निभानी होगी। अन्यथा जल बिन सब सुन !

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएेगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### 128 किशोर- किशोरियों को दिया गया कोविड का टीका



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। सोमवार को विशेष शिविर आयोजित कर 12 से 18 वर्ष आयु वर्ग के कुल 128 किशोरों को कोविड 19 का टीका दिया गया. इसकी जानकारी देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोदावन्दपुर के स्वास्थ्य प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आदर्श मध्य विद्यालय मेघौल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिदुलिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय खोदावंदपुर एवं किसान प्लस टू विद्यालय तारा बरियारपुर में शिविर लगाकर किशोर किशोरियों को टीका दिया गया. खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीसीएम दयाशंकर पासवान ने युवाओं से अपील किया है कि वे लोग बिना भय के कोविड 19 का टीका अवश्य ले लें.

### आपसी रंजिश में मारपीट, पूर्व मुखिया समेत 10 लोग नामजद

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के जयथर गांव में आपसी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के दरवाजे पर चढ़कर हरबे हथियार के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में उक्त गांव निवासी धर्मेंद्र ओझा ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें पूर्व मुखिया गजेंद्र प्रसाद, शंभू सिंह, राजीव प्रताप उर्फ पप्पू सिंह, कुंदन सिंह, संजय सिंह, गुड्डू सिंह, नितिन सिंह, रौनक कुमार सिंह, पप्पू कुमार सिंह एवं विनोद सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि पूर्व मुखिया गजेंद्र सिंह कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के साथ उनके दरवाजे पर चढ़कर गाली गलौज व मारपीट करने लगे। इस दौरान लोहे की रड से मारकर उन्हें घायल कर दिया गया। दहशत फैलाने के उद्देश्य से आरोपियों द्वारा देसी कट्टा से हवाई फायरिंग किया गया। मारपीट के दौरान पॉकेट से पांच हजार रुपये और गले से सोने का चेन निकाल लिया। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### सड़क दुर्घटना व मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल, चार रेफर

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के अगल- अलग घटनाओं में चार महिला समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। पचरौड़ गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। घायलों में उक्त गांव के बद्री मियां, उनकी पत्नी रसूलन खातुन, सलमा खातुन, नूरी बेगम, लैला खातुन, और अली हुसैन शामिल है। वहीं सड़क दुर्घटना में मोतिहारी जिले के जमुनिया टोला निवासी अभिमन्यु यादव घायल हो गए हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया है। वहीं गंभीर रूप से घायल अभिमन्यु यादव, सलमा खातुन, बद्री मियां, और नूरी बेगम को बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस सम्बंध में पीड़ित पक्षो द्वारा स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### अनियंत्रित पिकअप गाड़ी की ठोकर से विद्युत पोल टूटा, बिजली आपूर्ति हुई बाधित

मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। अनियंत्रित पिकअप गाड़ी की ठोकर से विद्युत पोल टूट गया, जिसके कारण सोमवार को दिनभर सागी फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहा. विद्युत आपूर्ति नहीं होने से मिजार्पुर, बाड़ा, दौलतपुर, सागी, नुरूल्लाहपुर, सागीडीह, गोसाइमठ, नारायणपुर, तेतराही, चलकी, मोहनपुर, बेगमपुर, इस्माइला टोला के उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी.विभाग के कनीय अभियंता ललन कुमार ने बताया कि टूटे विद्युत पोल को बदला जा रहा है.जल्द ही विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी.

### शमशान घाट में लगता जा रहा लाशों का अंबार, जहरीली शराब ने ले ली कितनों की जान



मदरलैण्ड संवाददाता, भागलपुर। होली के दौरान पिछले 48 घंटे में भागलपुर जिले के अलग-अलग जगहों में 17 लोगों की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने से पूरा प्रशासनीक महकमा सवाल के घेरे में आ गई है। सवाल है आखिर बिहार में जहरीली शराब आ कैसे रही है। वही दुसरी ओर बांका में 12 और मधेपुरा में भी 3 लोगों की इसी तरह जान चली गई। सबों के मौत का सिस्टम एक ही, पहले पेट दर्द फिर उल्टी होना उसके बाद सांस लेने में परेशानी और सिर चकराने लगना उसके बाद मौत। कई परिजनों ने शराब पीने की बात भी बताई। कोविड के दो साल बाद होली का रंग चढ़ा ही था की पूरे सूबे को फिर से किसी की नजर लग गई। उसका दाग भागलपुर के अलावे कई शहरों को दागदार बना दिया। एक साथ कई लोगों की संदिग्घ मौत प्रशासन के सिस्टम पर सीधे सवाल खड़ा कर रही है। पूरे सूबे में सरेआम चर्चा है कि जहरीली शराब के पीने से ही मौत हो रही है। फिलहाल जांच किया जा रहा है। डीएम सुब्रत सेन और एसएसपी बाबू राम पूरी घटना के बाद अलर्ट हैं। लेकिन एक बात है कि शराब पीने वाला शराब ही नहीं पीता, माँ की खुशी, पत्नी का सुकून, बच्चों के सपने और पिता की प्रतिष्ठा भी पी जाता है। भागलपुर के बरारी शमशान घाट पर जलती लाश जो बयां कर रहा है, वह कोविड काल की याद दिला रहा है। अब सवाल यह उठता है कि जब पूरे बिहार में शराबबंदी है तो फिर बिहार के हर जिले में शराब आता कहां से है ? पूरे बिहार में शराबबंदी के बाबजूद है लोग शराब पीते क्यों हैं ?

## सूबे में जहरीली शराब पीने से दर्जनों लोगों की हुई मौत, मचा हड़कंप !

» मदरलैण्ड संवाददाता




भागलपुर। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद जहरीली शराब ने इस साल कई परिवारों की होली बदरंग कर दी. रविवार को भागलपुर के साहेबगंज मोहल्ले में शराब पीने से चार की मौत हो गई जबकि एक के आंख की रोशनी चली गई. मौत के बाद प्रशासनिक अमले में जहां बेचैनी है तो वहीं लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है. घटना से नाराज लोगों ने साहिबगंज-सुल्तानगंज सड़क को जामकर खूब हंगामा किया. अधिकारी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं. मरने वालों में संदीप यादव, मिथुन कुमार, निलेश कुमार व एक अन्य युवक शामिल है. वहीं, जहरीली शराब पीने से छोटू साह के आंखों की रोशनी चली गई है. जबकि वे इस संबंध में कुछ भी बोलने के परहेज कर रहे हैं।भागलपुर जिले में जहरीली शराब पीकर मरने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है. एक सप्ताह के अंदर जिले में अबतक डेढ़ दर्जन से भी अधिक लोगों की मौतें जहरीली शराब पीने से हो चुकी है, जिसमें थाने का एक ड्राइवर भी है. वहीं प्रशासन इसे संदिग्ध मौत बताकर पल्ला झाड़ते आ रहा है. लेकिन साहेबगंज में हुई चार की मौत पर परिजनों ने कहा है मरने वालों ने शराब पी थी. वहीं मुहल्ले वालों का कहना है साहिबगंज में खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है. एसएसपी से लेकर स्थानीय थाने से शिकायत की गई लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने साहेबगंज के ही मुन्ना चौधरी और श्याम चौधरी पर शराब बेचने का आरोप लगाया है. पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

वहीं जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने इस मामले में कहा कि अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि जहरीली शराब पीने से ही इन सबों की मौत हुई है, जिन परिवारों में ऐसी घटना हुई है उन्हें पोस्टमार्टम कराना चाहिए और तभी पता चलेगा कि आखिर मौत का क्या कारण रहा है, वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं लोगों से अपील करता हूं कि आपके आसपास भी अगर कोई गलत कार्य कर रहे हो तो इनकी सूचना आप पुलिस प्रशासन में अवश्य दें जिससे बड़ी घटना नहीं हो सके ।आज के इस घटना के बारे में उन्होंने कहा कि बिहार से सटे सभी राज्यों में पूर्णरूपेण नाकेबंदी कर दी गई है, कोई भी शराब लेकर बिहार नहीं आ सकेंगे, साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि पुलीस प्रशासन पूरी टीम बनाकर इस अभियान में जुट गई है, जो भी दोषी होंगे उन पर कार्रवाई होगी।

## होलिका दहन के बाद भी नप फारबिसगंज ने द्वारा नही साफ करवाया गया, कूड़ा कचरा



» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। फारबिसगंज में होली एवं शब-ए- बारात को लेकर विधिव्यावस्था पर पुख्ता प्रबंध पर किये जाने के दावे पर नगर परिषद फारबिसगंज ने पानी फेर दिया हैं। शहर के व्यस्तम चौराहों में से एक जहाँ रेल व रोड क्रॉसिंग होता हैं। तस्वीरों में जो आप देख रहे है यह दृश्य सुभाष चौक की हैं जहाँ होलिका दहन के दो दिन बीत जाने के बाद भी नगर परिषद फारबिसगंज के द्वारा बचे हुवे अवशेषो को होली के दो दिन बीत जाने के बाद भी साफ नही करवाया गया हैं, जिसके कारण कभी भी सड़क दुर्घटना घट सकती हैं। ज्ञात हो कि सुभाष चौक का चौराहा शहर का सबसे व्यस्तम चौराहों में से एक यहाँ जाम की समस्या लगभग बनी हुई रहती हैं। अब सवाल है कि बचे हुवे अवशेषों के कारण यदि कोई दुर्घटना घटती हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा- नप प्रसाशन या पब्लिक ?

**क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी फारबिसगंज,दीपक कुमार झा**

श्री झा ने कहा कि दो दिनों से मजदूर काम पर नही आये। इस परिस्थिति में हम क्या करे। कल साफ हो जाएगा।

## तरैया में पूर्व के विवाद को लेकर मारपीट, तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के भटौरा गांव में पूर्व के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। इस संबंध में पीड़ित महिला चिंता देवी ने तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें दरियापुर थाना क्षेत्र के चिलावे मठ निवासी उमेश गिरि तथा भटौरा निवासी प्रतिमा देवी एवं गीता देवी को नामजद अभियुक्त बनाया है। पीड़ता ने उक्त अभियुक्तों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## युवाओं ने किया मटका फोड़ का आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। बिहार में कुर्ता फाड़ होली के साथ-साथ, कहीं-कहीं मटका फोड़ होली का भी अलग ही महत्व है. राजधानी पटना के फतुहा के बाकीपुर मोहल्ले मे युवाओं ने मटका फोड़ होली खेली. रंगों के त्योहार होली के अवसर पर मटका फोड़ने का आयोजन किया गया था. जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा शामिल हुऐ। दरअसल बिहार में खासकर होली के अवसर पर कुर्ता फाड़ होली खेलने के साथ-साथ मटका फोड़ होली भी खेली जाती है. इसको लेकर जगह-जगह चौक-चौराहों पर युवा मटका फोड़ कर होली खेलते हैं. मटका में में रंग-गुलाल के साथ चंदन, पान-फूल, नारियल रखा जाता है और होली के अवसर पर युवा मटका को फोड़ते हैं और होली के त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं. वही फतुहा के वार्ड नः 12 में मटका फोड़ का आयोजन किया गया, आयोजनकर्ता में भाजपा के कार्यकारी सदस्य वीर सिंह, राजीव कुमार, मंटू जसवाल, बंटी, के अलावा सैकडों लोग मौजूद थे, वही विजेता टीम को शानदार शिल्ड दिया गया।

## आज गांधी मैदान में बिहार दिवस का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### दो दिन तक होंगे कई कार्यक्रम

» मदरलैण्ड संवाददाता




पटना। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान तथा श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में 22 मार्च से 24 मार्च तक बिहार दिवस 2022 का कार्यक्रम होना है. कार्यक्रम के शांतिपूर्ण आयोजन तथा सफल एवं सुचारू रूप से संपादन सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह द्वारा प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की ब्रीफिंग कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान में की गयी. सभी अधिकारियों को पूरी तत्परता से अपनी जवाबदेही का निर्वहन करने के निर्देश दिये गये हैं.

**आट्र्स, साइंस एवं कॉमर्स के टॉपर्स को किया जायेगा सम्मानित**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 22 मार्च को गांधी मैदान में कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे. 24 मार्च को राज्यपाल इस कार्यक्रम का समापन करेंगे. प्रेस ब्रीफिंग में बताया गया कि बिहार दिवस पर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय टॉपर को पुरस्कृत किया जायेगा. राज्य गीत एवं बिहार गौरव गान की प्रस्तुति दी जायेगी. जल-जीवन-हरियाली थीम पर लेजर शो का आयोजन होगा.

**आकर्षक लाइट शो**

ब्रीफिंग में बताया गया कि 120 मीटर की ऊंचाई पर 500 ड्रोन 9 मिनट तक भव्य एवं आकर्षक लाइट शो प्रस्तुत करेंगे. बिहार की गौरव गाथा पर आधारित चित्र बनायेंगे, जिसकी लाइव कमेंट्री होगी. इस अवसर पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सतर्क रहने तथा पूरी मुस्तैदी से सक्रिय एवं तत्पर होकर कार्यक्रम की प्रभावी मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया.

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे**

नामचीन कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये जायेंगे. 22 मार्च को कैलाश खेर एवं उनकी टीम की प्रस्तुति होगी, 23 मार्च को रेखा भारद्वाज तथा 24 मार्च को सुखविंदर सिंह की प्रस्तुति होगी. शाम 5:00 बजे तक नुक्कड़ नाटक, जन शिक्षा का कार्यक्रम तथा पर्यटन विभाग का कार्यक्रम निर्धारित है. दिन में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी.

**गांधी मैदान में बनाये गये हैं फूड कोर्ट**

गांधी मैदान परिसर में फूड कोर्ट बनाये गये हैं, जिसमें बिहार के प्रसिद्ध व्यंजन की व्यवस्था की गयी है. परिसर में कई महत्वपूर्ण विभागों के पैवेलियन लगाये गये हैं. बिहार दिवस के शांतिपूर्ण आयोजन, विधि व्यवस्था तथा भीड़ प्रबंधन के लिए गांधी मैदान को 4 जोन में बांटा गया है. हर जोन को सेक्टर में बांटकर दंडाधिकारी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गयी है.

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

गेट पर दंडाधिकारी द्वारा कड़ाई से फ्रिस्किंग की व्यवस्था की गयी है.

विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था तथा पुलिस अधीक्षक मध्य रहेंगे.

गांधी मैदान में निर्मित अस्थायी प्रशासनिक भवन परिसर में अस्थायी नियंत्रण कक्ष सह हेल्प डेस्क तथा अस्थायी थाना कार्य करेगा. जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0612-2219810/2219234/2219209 है.

गांधी मैदान में पूरे कार्यक्रम के दौरान 6 बेड का एक अस्थायी चिकित्सालय 24 7 कार्य करेगा. इसमें चिकित्सा पदाधिकारी, पारा मेडिकल स्टाफ एवं जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था रहेगी. गांधी मैदान/एसकेएम मे 7 एंबुलेंस की व्यवस्था आवश्यक डॉक्टर /नर्स/ दवा के साथ उपलब्ध रहेगा.

गांधी मैदान पटना समारोह स्थल में 8 फायर टेंडर तथा एसकेएम में 1 फायर टेंडर की प्रतिनियुक्ति तथा कार्यक्रम स्थल पर 25 पोर्टेबल अग्निशामक की व्यवस्था की गयी है. गांधी मैदान के चारों ओर सड़क तथा गेट के आसपास अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों/ठेला आदि को हटाने तथा आवागमन को सुचारु बनाये रखने का निर्देश दिया गया, ताकि गांधी मैदान के विभिन्न गेट के माध्यम से प्रवेश करने वाले लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो.

यातायात व्यवस्था/निर्बाध बिजली आपूर्ति/पेयजल/शौचालय आदि की समुचित एवं पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है.

## शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। रंगों आपसी मिलन का त्योहार होली बथनाहा ओपी थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। छिटफुट घटनाओं को छोड़ होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त होने से पुलिस-प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। जिले के सभी प्रखंडों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक लोगों ने जम कर एक दूसरे पर रंगों की बौछार की और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाए। बुजुर्गों ने होली के गीत के साथ माहौल को रंगीन बनाया तो युवा वर्ग के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ होली मनाया। शाम को सबों ने मिलकर अबीर की होली खेली जिसमें छोटे लोगों ने अपने से बड़ों से आशीर्वाद लिया। वही 56वीं वाहिनी एस. एस. बी. बथनाहा मुख्यालय में भी काफी उत्साह व जोश के साथ होली मनाया गया । इस अवसर पर वाहिनी के कमांडेंट श्री मुकेश कुमार सिंह मुंडा समस्त कार्मिकों के साथ पवित्र रंग व गुलाल के साथ होली मनाए । श्री मुंडा ने समस्त कार्मिकों व नव प्रशिक्षुओं को उनके परिवार सहित होली की हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि यह पर्व हमलोगों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरणास्वरूप है। मैं आप सभी के लिए मंगलकामना करता हूँ कि आपसभी इस पर्व की नई प्रेरणा, जोश व उमंग के साथ आने वाले समय में अत्यंत सुखमय जीवन व्यतीत करें।

मौके पर कमांडेंट/वेटी ई. चाओबा सिंह, उप कमांडेंट रोमेश याईखोम, सहायक कमांडेंट अमनेंद्र प्रताप सिंह, समस्त कार्मिक, नव प्रशिक्षु एवं फैमिली लाइन की समस्त संदीक्षा सदस्य उपस्थित । वही दूसरी ओर युवा व्यवसायी अमित गुप्ता,रवीं आर्या, मिट्ठू सोनी,गौरव गुप्ता, विशाल यदुवंशी, युवा समाजसेवी विजय कुमार मंडल, विजय दास,भाजपा नेता जुगेश यादव आदि उपस्थित थे।

**कर्तव्य पर मुस्तैद, दिखी बथनाहा पुलिस**

भारत में आज धूमधाम से होली का त्यौहार मनाया जा रहा है। वहीं, आज के दिन शब-ए-बरात का त्योहार भी है। इस दिन मुसलमान सारी रात जागकर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते और इबादत करते हैं। मुसलमानों के लिए ये दिन खास होता है। दूसरी तरफ पूरा देश होली की खुशियां मना रहा है। ऐसे में बथनाहा पुलिस मुस्तैद है। होली और शब-ए-बरात के त्यौहारों के बीच बथनाहा थाना क्षेत्र के बथनाहा चौक, मंडल चौक, स्टेशन चौक एवं हाट चौक आदि चौक-चौराहों व संवेदनशील जगहों पर पुलिस कर्मियों की पैनी नजर बनी हुई हैं, लगातार गश्ती की जा रही हैं।

## बिहार दिवस के अवसर पर मोतिहारी में विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

### आज मनाया जाएगा बिहार दिवस

» मदरलैण्ड संवाददाता



मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन में 22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।इस दौरान बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूप-रेखा तैयार की गई।बताया गया कि महिला एवं पुरुषों के लिए सुबह सात से आठ बजे तक मैराथन दौड़ का आयोजन होगा।यह दौड़ शहर के गांधी मैदान से प्रारंभ होकर कचहरी रोड,बलुआ ओवर ब्रिज भाया टाउन थाना से होकर गांधी बाल उद्यान पहुंचेगी।वहीं गांधी संग्रहालय में चित्रांकन प्रतियोगिता,क्विज व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।तीन से पांच बजे तक समाहरणालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता होगी।वहीं शहर स्थित नगर भवन मोतिहारी में संध्या पांच बजे से आठ बजे रात्रि तक सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम किया जाएगा।बिहार दिवस के अवसर पर उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में एडीएम,एसडीओ मोतिहारी सदर,एसडीपीओ मोतिहारी सदर,डीईओ,श्रम अधीक्षक राकेश रंजन,डीपीआरओ गुप्तेश्वर कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन की खबर से फतुहा वासियों में उम्मीद की लहर

» मदरलैण्ड संवाददाता

पटना। फतुहा 26 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री के फतुहा आने की खबर से स्थानीय लोगों में यह उम्मीद जगी है कि फतुहा को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा की घोषणा हो सकती है , मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह घोषणा वर्षों पूर्व कर रखा है कि जब भी कभी प्रदेश में जिला या अनुमंडल का गठन होगा फतुहा पहले स्थान पर होगा हालांकि मंत्रीमंडल द्वारा फतुहा को अनुमंडल बनाने का प्रस्ताव 2005 में ही स्वीकृत किया जा चुका है ।



फतुहा नगर राजद अध्यक्ष डॉ दयानन्द प्रसाद सिंह ने कहा कि फतुहा राजधानी के नजदीक रहते हुए भी फतुहा विकास से काफी दूर रही है फतुहा औद्योगिक क्षेत्र रहते हुए भी कई उद्योग बंद पड़े हैं सोनालिका जैसे ट्रैक्टर फैक्ट्री भी बंद पड़ा है जबकि प्रदेश में राज्य सरकार स्कूलों में साइकिल और पोशाक वितरण करती है जिसका हजारों करोड़ का कारोबार है सरकारी स्तर पर साइकिल एवं कपड़ा उद्योग लगाया जाए तो जहां लोगों को साइकिल और पोशाक कम लागत पर उपलब्ध होगा वही रोजगार का सृजन भी होगा। इसी तरह फतुहा में वर्षों से खेल मैदान( स्टेडियम) उच्च शिक्षा संस्थान एवं फोर लेन सर्विस लेन के पास पुलिस चौकी की मांग होती रही है । जिसकी प्रतीक्षा आज भी फतुहा वासियों को है।

फतुहा कई केंद्रीय मंत्रियों का कार्य क्षेत्र रहा है धर्मवीर सिन्हा ,नीतीश कुमार ,शत्रुघ्न सिन्हा, रविशंकर प्रसाद जैसे केंद्रीय मंत्री का संसदीय क्षेत्र से हुए भी कोई योजना नहीं नहीं लागू की गई जिससे फतुहा का विकास हो सके।प फिलहाल पुनपुन नदी पर बना पुराना पुल टूट जाने के बाद भी इसे पुनःबनाने के लिए पथ निर्माण विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है जिससे फतुहा के लोगों में नाराजगी देखी जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### समेली होल्ड का अभिलंब उद्घाटन को लेकर आप ने जीएम को सौंपा ज्ञापन




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आम आदमी पार्टी कटिहार जिला इकाई के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पूर्व मध्य रेलवे जोन हाजीपुर के महाप्रबंधक को अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा। सोपे गए मांग पत्र में कुरसेला स्टेशन पर फूड फुट ओवर ब्रिज का विस्तार जल्द से जल्द किया जाए ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आम लोगों को निजात मिल सके।कुसेर्ला पूर्वी केबिन के पास सर्वोदय डिग्री कॉलेज के संपर्क सड़क का एनओसी दिया जाए ताकि 4 माह बरसात में आवागमन की वजह से छात्रों को परेशानी ना करना पड़े।और ना ही पढ़ाई बाधित हो सके।साथ ही बरसों से बनकर तैयार समेली हाल्ट का उद्घाटन अभिलंब किया जाए।जिससे कि यहां के रेल यात्रियों को कुसेर्ला या बखरी जाने की जरूरत ना हो सके। शिष्टमंडल में आपके जिला प्रभारी विनोद राज झा, कुरसेला प्रखंड प्रभारी गोपाल साह, मनोज जायसवाल, पवन साह आदि शामिल थे।

### बिहार दिवस पर बिहार वासियों को शुभकामनाएं : सांसद



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी ने बताया कि हमारा बिहार विभिताओं में भी एकता है। यहां बोली जाने वाली कई बोलियां हैं अंगिका, मैथिली, खोरठा, मगही, संथाली, सुरजापुरी, बंगाली बहुत सारी भाषाएं जिसके शब्द बिहार में बोली जाने वाले सभी भाषाओं से मिली जुली हुई रहती है। भारत के कई महानताओं में श्रेष्ठ राज्य बिहार है। सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी ने कहा कि हमारे बिहार में प्राचीन विश्वविद्यालय, बिहार की धरती को छूती हुई मां गंगा, आर्यभट जैसे महान गणितज्ञ,फणीश्वर नाथ रेणु,अनूप लाल मंडल, लिली रे,जैसे कई महान हिंदी, बंगाली,मैथिली साहित्यकारों, कवियों का जन्म स्थली हमारा बिहार रहा है। सांसद दुलाल चंद्र गोस्वामी ने कहा कि बिहार के विकास में एनडीए सरकार की अहम भूमिका रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए गए योजनाओं से बिहार विकासशील राज्यों में अग्रणीय है। अच्छी शिक्षा,किसानों की हित के साथ, स्वास्थ, सड़क, बिजली, पानी, बेटियों की सुरक्षा, आसान सुविधा के लिए सरकारी कार्यों को ऑनलाइन पर पारदर्शी रूप से लाना, बिहार सरकार तथा भारत सरकार बिहार को समृद्ध राज्य बने इसके लिए हमेशा तत्पर है।

### अस्पताल में केम्प लगा कर किया जाएगा नशबंदी

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार कल्याण शिविर का आयोजन किया जायेगा। फलका चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पी0 के सिंह ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण करने को ले कर प्रत्येक मंगलवार को केम्प का आयोजन किया जाता है।इस केम्प में कुशल डॉक्टरों द्वारा बर्थ कंट्रोल के लिए इच्छुक महिला पुरुष का नशबंदी किया जाता है।उन्होंने कहा अबतक वितीय वर्ष 2021-2022 में 860 महिला लाभार्थियों ने ऑपरेशन करवा चुकी है। इसके अलावा तीन पुरुष ने भी नशबंदी करवाये है।इसी के तहत मंगलवार को भी केम्प लगा कर नशबंदी का ऑपरेशन किया जाएगा। आपरेशन किये लाभार्थियों को जो सरकार से सुविधा उपलब्ध है।वह मिलेगा इस मौके पर अस्पताल के प्रधान क्लर्क आशीष कुमार क्लर्क पवन कुमार मौजूद थे।

### सम्मान समारोह सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। समेली प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत राज मलहरिया पंचायत भवन के प्रांगण में इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों पानेवाले छात्र छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन में सम्मान समारोह सह अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मुखिया राज कुमार भारती ने किया। संचालन यूथ पावर, अध्यक्ष हरि प्रसाद मंडल ने किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षाविद शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ मीडिया के साथियों ने भाग लिया। उपस्थित छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ साथ बिहार में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने की बात कही। इस मौके पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता भोला प्रसाद मंडल, वयोवृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता दर्वेश्वर प्रसाद मंडल, गणेश मंडल,उप मुखिया चंदन कुमार आदि वक्ताओं ने छात्र छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि आप लोगों ने कड़ी मेहनत,लगन,व दृढ़ संकल्प के साथ माता पिता के साथ पंचायत के नाम का रौशन किया। बच्चे देश के भविष्य निमार्ता हैं। छात्र सम्मान व क्षमता वर्धन कार्यक्रम के आयोजन पर मुखिया भारती की भुरी भुरी प्रशंसा की है। मौके पर स्वरचित काव्य रचना की बेहतरीन प्रस्तुति से छात्र छात्र-छात्राओं का हौसला आफजाई की। मुखिया राज भारती ने अपने सम्बोधन में कहा कि इतने बड़े दायित्वों के निर्वहन के लिए जो जिम्मेदारी आपसबो ने सोपी है।इस अवसर पर कुल 95 छात्र छात्र-छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मीडिया सीतेश कुमार, सुमन शर्मा, राहुल कुमार को भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अवधेश कुमार आर्य, दिनेश यादव, अरविंद कुमार मंडल,भोला प्रसाद मंडल,अजय कुमार मंडल भुवनेश्वर प्रसाद राय,खुशी कुमारी, निवेदिता मंडल, प्रति देवी, महेश मंडल रुपेश कुमार मंडल,नवजागृति युवा क्लब,बखरी के सचिव गणेश मंडल, प्रमोसन साह आदि वक्ताओं ने अपने विचारों के माध्यम से कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। बेहतरीन अंक प्राप्त करने मनिष कुमार, कुसुमलता कुमारी,काजल कुमारी,सोनू कुमार, आरती कुमारी,एवं शिवानी कुमारी ने पंचायत के नाम को रौशन किया।इन सभी छात्र-छात्राओं सहित कुल 95 छात्र छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## 12-14 आयुवर्ग के टीकाकरण को लेकर प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों में होंगे सत्र आयोजित

### सिविल सर्जन द्वारा मध्य विद्यालय में किया गया टीकाकरण अभियान का उदघाटन

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। जिले में 12 से 14 साल तक के बच्चों को कोरोना का टीका लगाने का कार्य जारी है। सोमवार को कटिहार शहरी क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय वर्मा कॉलोनी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण अभियान का विधिवत उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ डीएन पांडेय, डीआईओ डॉ डीएन झा, डीपीएम स्वास्थ्य डॉ किसलय कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने सामूहिक रूप से किया। इस दौरान 12 वर्ष की बच्ची को टीका लगाकर 12-14 आयुवर्ग के बच्चों के टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। गौरतलब है कि जिले में 12 से 14 साल के 1.71 लाख बच्चों को कोरोना का टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी तैयारियां की गयी है। 12-14 आयुवर्ग के सभी बच्चों को टीकाकृत किया जा सके इसके लिए विद्यालयों में अभियान चलाया जाएगा जिससे कि सभी बच्चों को समय पर दोनों डोज का टीका लगाया जा सके। इसके लिए विद्यार्थियों के परिजनों को भी जागरूक किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में एसएमसी यूनिसेफ चंद्रविभा, डब्लूएचओ एसएमओ, उत्क्रमित मध्य विद्यालय वर्मा कॉलोनी के प्रधान अध्यापक, कटिहार शहरी क्षेत्र के हेल्थ कंसलटेंट, बीएमसी यूनिसेफ, एएनएम, आंगनवाड़ी सेविका व आशा भी उपस्थित रहे।



**संक्रमण से बचाव के लिये टीकाकरण जरूरी :**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ डीएन पांडेय ने बताया कि अब तक 16 साल से अधिक आयु वर्ग के तमाम लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा था। अब इस कड़ी में 12 से 14 साल के बालक-बालिकाओं को भी शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के खिलाफ जारी हमारी लड़ाई में टीकाकरण महत्वपूर्ण हथियार साबित हुआ है। अधिक टीकाकरण के कारण जिले में संक्रमण की तीसरी लहर का असर बेहद सीमित रहा। महामारी से जुड़ी चुनौतियों से पूरी तरह निजात पाने के लिये शत प्रतिशत लोगों का टीकाकरण जरूरी है। जिले में इसे लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं।

**28 दिनों के अंतराल पर लेना टीका का दोनों डोज :**

डीआईओ डॉ डीएन झा ने कहा कि 12 से 14 साल के बच्चों को कोबेवैक्स का टीका लगाया जाना है। निर्धारित उम्र के बच्चों को 28 दिनों के अंतराल में टीका की दोनों डोज दी जानी है। शतप्रतिशत बच्चों के टीकाकरण को लेकर विद्यालय स्तर पर टीकाकरण सत्र के संचालन को महत्व दिया जा रहा है। विद्यालय में अनामांकित बच्चों को विशेष रणनीति के तहत टीकाकृत किये जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि जिले में टीकाकरण को लेकर आम लोगों में जागरूकता आयी है। लिहाजा जल्द ही निर्धारित आयु वर्ग के शत प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण का भरोसा उन्होंने जताया।

**बेहद सुविधाजनक है टीकाकरण की प्रक्रिया :**

डीपीएम स्वास्थ्य डॉ किसलय कुमार ने कहा कि निर्धारित आयु वर्ग के शतप्रतिशत बच्चों के टीकाकरण को लेकर जरूरी तैयारियों की गयी हैं। टीकाकरण प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से सभी सत्रों पर ऑन स्पॉट पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इतना ही नहीं विद्यालयों में सत्र आयोजन से पूर्व संबंधित शिक्षक व अभिभावकों के साथ बैठक आयोजित कर क्षेत्र में आयोजित सत्र के व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराने को लेकर प्रयास किया जा रहा है। ताकि निर्धारित आयु वर्ग के अधिक से अधिक बच्चों को टीकाकृत किया जा सके।

## अचानक आग लगने से जनवितरण प्रणाली के दुकानदार का घर जलकर राख

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कदवा प्रखंड के धपरसिया पंचायत के वार्ड संख्या निवासी एवं जनवितरण प्रणाली के दुकानदार मो० महफूज आलम जिसका अनुज्ञप्ति संख्या-4/2000 है।के घर में अचानक आग लगने से चार कमरा सहित उपभोगताओं को दिए जाने वाले राशन एवं ट्रेक्टर तथा कई समान जलकर हुआ राख।घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि उक्त घटना देर रात्रि की है अचानक घर मे आग लग गई और धीरे-धीरे आग ने घर मे पूरी तरह कब्जा बना लिया तो गृह स्वामी द्वारा होहल्ला शुरू हो गया होहल्ला सुनकर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ इखठ्ठी हो गई और घर मे लगी आग को बुझाने का प्रयास करने लगा लेकिन जब तक लोगों ने आग पर काबू पता तबतक पूरा घर सहित घर में रखे राशन तथा ट्रेक्टर आदि जल कर राख हो चुका था।लेकिन अबतक उक्त घटना के घटित होने के कारणों का अबतक पता नहीं चल पाया है।घटना के लेकर जदयू नेता अंजार आलम,मुखिया संघ के अध्यक्ष मेराज आलम,समाजसेवी अखिलेश साह,मो० तौसीफ आलम आदि ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जांचोपरांत उचित मुआवजा देने का मांग किया है।वहीं इस बाबत अंचल पदाधिकारी रविशंक सिन्हा ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है जांच कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाएगा।



## पूर्व मध्य रेल जीएम ने सेमापुर का किया निरिक्षण,दिये निर्देश

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बरारी प्रखंड के सेमापुर में रेल जीएम ने किया घंटो किया निरिक्षण ,सेमापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे पूर्व मध्य रेल हाजीपुर रेल महाप्रबंधक अनुपम शर्मा की सैलून हाजीपुर से सीधे कटिहार सोमवार की सुवह पहुंची,प्रातः करीव साढ़े आठ बजे सेमापुर रेलवे स्टेशन सहित दुगार्पुर समपार संख्या - 2अ/उ पर रूके,समपार सहित रेल ट्रेक तकनीकी जाँच करते हुए आवश्यक दिशा निदेश देते रहे, स्टेशन का विधिवत निरिक्षण किया, सेमापुर रेलवे किराये पर स्थापित दुकानदार का प्रतिनिधि मंडल पूर्व उपप्रमुख अजय कुमार सिंह ,शोले,संतोष गिरि,मुखिया प्रतिनिधि मो० जोहेर आलम आदि ने रेल महाप्रबंधक से मिलकर सारी समस्या से अवगत कराया,रेल महाप्रबंधक ने दुकानदार को आश्वस्त किया ,बरारी विधायक विजय सिंह द्वारा लिखित मांग पत्र बरारी प्रतिनिधि राजीव चौधरी ने जीएम को मांग पत्र देते हुए बताया कि काढ़ागोला जीडी रोड समपार एवं सेमापुर में आरओबी का निर्माण,काढ़ागोला में अवध असम एवं सेमापुर में आम्रपाली का ठहराव की मांग पत्र सोंपा,पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के रेल महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने बताया कि रेल का निरिक्षण किया गया जो तकनीकी तौर पर किया गया,यात्री सुरक्षा,



यातायात, संरक्षा, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया, स्थानीय समस्या से भी रूबरू हुआ ,सुविधानुसार विस्तार की बात आई है ,जनहित में जरूरी कार्य किया जायेगा,जीएम करीब आधा घंटा सेमापुर रेलवे स्टेशन ,दुगार्पुर एलसी 2अ/उ ,सेमापुर काढ़ागोला पूल संख्या -6 ,15/9 व 15/16 का पूर्णतः निरिक्षण ट्रेक पर पैदल चलकर किया, पुनः सैलून में सवार होकर विण्डो इंन्सपेक्सन काढ़ागोंला, बखरी, कुरसेला, कटरिया करते हुए नौगछिया रेलवे स्टेशन का भी निरिक्षण किया, जीएम के साथ पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल रेल प्रबंधक नीलमणी,हाजीपुर आरपीएफ आईजी एस.मयंक,आरपीएफ कमांडेन्ट एच. श्रीनिवास राव,सहायक कमाण्डेंट सुकांत वर्धन,रेल आरपीएफ इंसपेक्टर मृणाल कुमार,सेमापुर एस एम शिवकुमार सहित जौन के सभी वरिय इंजिनियरिंग एवं अधिकारी मौजूद रहे ।जीएम के निरिक्षण से रेल कर्मी के बीच अफरा तफरी का माहौल रहा,पूरे लाव लस्कर के साथ थे रेल महाप्रबंधक ।

## सेंट्रल बैंक अग्निकांड जल्द खुलेगा राज एसपी ने की जांच टीम गठित

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेंट्रल बैंक की शाखा बागछल्ला में संदिग्ध परिस्थितियों में सोमवार को लगी आग जांच में आजमनगर पुलिस जुटी है।घटना में दस्तावेज जलने की कही जा रही बात कही जा रही थी।आग कैसे लगी या लगाई गयी अब-तक इसका खुलासा नही हो पाया है।संदिग्ध परिस्थितियों में आजमनगर थाना क्षेत्र के सैंट्रल बैक बगछल्ला शाखा में आग लगी जिसमें दस्तावेज व विद्युत उपकरण जलने की बात कही जा रही तो पुलिस को प्रारंभिक जांच और सीसीटीवी फुटेज जांच करने पर एक संदिग्ध व्यक्ति नकाबपोश की स्थिति में रात के अंधेरे में कैद हुआ है।जो दिख रहा है।उक्त व्यक्ति सर से लेकर पांव तक पूरी तरह नकाबपोश है।मानो ऐसा इस व्यक्ति को बैंक और बैंक के आस पास की गतिविधियों की पूरी जनकारी है।या कोई दे रहा आजमनगर पुलिस अगर इसकी बारीकी से जांच करे तो बैंक को लेकर कई खुलासे हो सकते हैं।पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।सीसीटीवी




फुटेज खंगाले जाने से पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लग सकता है।इसी शाखा में हाल के दिनों में भी इस तरह की घटना घटित होने की बात शाखा प्रबंधक अभय कुमार चौबे ने पत्रकारों से कहा कि इससे पूर्व भी इस रह की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।बावजूद उन्होंने इसकी लिखित शिकायत पुलिस में नहीं की जो आज फिर असफल घटना की वजह बन कर रह गयी।वहीं शाखा प्रबंधक अभय कुमार चौबे ने कहा पुलिस जल्द मामले का उद्भेदन करे।

***कहते हैं एसपी:-***

कटिहार एसपी जीतेन्द्र कुमार ने पत्रकारों से कहा आजमनगर थाना क्षेत्र में सेंट्रल बैंक प्रकरण की जांच को लेकर बारसोई एसडीपीओ के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर दी गयी है।जल्द हीं मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

## ट्रेडिंग एकाउंट खोलने के नाम पर महाराष्ट्र के मुंबई में 10 लाख ठगी

### मुंबई पुलिस ने तीन ठगबाजों को किया गिरफ्तार कर ले गयी महाराष्ट्र

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। महाराष्ट्र के अवधुतवाड़ी पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक हार्डवेयर व्यवसायी से ट्रेडिंग एकाउंट खोलने के नाम पर 10 लाख रुपये साइबर ठगी में मुंबई पुलिस नें आजमनगर थाना पहुंच थाना क्षेत्र से तीन ठगबाजों को गिरफ्तार किया है।आरोपित मो जमील अख्तर शाकिन रंगापोखर निमौल,उपदेश शर्मा शाकिन बुधौलमनी तथा यासिर अरफत शाकिन शेखपुरा,निस्ता को आजमनगर पुलिस की मदद से महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है।मामले की जानकारी देते हुए महाराष्ट्र पुलिस के इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह नें बताया अवधूतबाड़ी थाना के व्यवसायी असद जफर बाम्बेवाला से प्राप्त आवेदन के



अलोक में 1093/2021,420 मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र निवासी पीड़ित व्यवसायी असद जफर के अनुसार ट्रेडिंग एकाउंट खोलने के नाम पर उन्हें व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेजा गया और उन्हें इस लिंक पर अपना ब्यौरा दर्ज करने को कहा गया।जिसके बाद उनके खाते से 10 लाख रुपये उड़ा लिए गए।छानबीन के दौरान महाराष्ट्र पुलिस के साइबर एक्सपोर्ट्स को कुछ सुराग मिली, जिसके आधार पर महाराष्ट्र पुलिस की टीम आजमनगर थाना पहुंची।

वही महाराष्ट्र के इस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह नें कहा फिलहाल तीन आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है।पर और भी आरोपितों के संलिप्त होने की संभावना है।गिरफ्तार आरोपियों को कटिहार कोर्ट में पेशी करने के बाद महाराष्ट्र ले जाया गया।

## गंडक नदी में डूबे तीन युवकों की तलाश जारी

» मदरलैण्ड संवाददाता

मोतिहारी। केसरिया प्रखण्ड क्षेत्र के कढान स्थित गंडक नदी में स्नान करने के क्रम में डूबे तीन युवकों का पता नहीं लग सका है।सूचना पर घटना के करीब सात घंटे बाद पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक तीनों लापता युवकों की तलाश की।वहीं सोमवार की सुबह से हीं देर शाम तक पुनः इन युवकों की तलाश की पर सफलता हाथ नहीं लगी।पश्चिम चंपारण(बेतिया) से एचसी केदारनाथ यादव के नेतृत्व में पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने घटनास्थल से लेकर करीब 10 किमी दूर मुजफ्फरपुर जिले के बंगरा घाट तक दो रबड़ बोट के सहारे लापता युवकों की तलाश की।टीम में दरोगा कुमार,शमशाद खान,प्रकाश यादव,सुनिल कुमार, प्रमोद कुमार,राणा प्रताप सिंह आदि शामिल है।इधर,घटनास्थल पर मौजूद केसरिया के अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला में एसडीआरएफ की टीम नहीं रहने के कारण बेतिया से बुलाया गया है।टीम दो बोट से लापता युवकों की खोजबीन कर रही है।समाचार प्रेषण तक लापता युवकों की तलाश जारी थी।बता दें कि गंडक नदी में रविवार के दिन स्नान करने



करने गए पांच युवक पानी के तेज धार में चले गए थे।जिसमें से दो को साथी युवकों ने किसी तरह बचा लिया।वहीं तीन अन्य युवक पानी की धार में बह गए।जिनका पता नहीं चल सका है।इनमें कढान निवासी रामनरेश राय का 15 वर्षीय पुत्र कृष कुमार,बिंदा राय का 18 वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार व पताही के बेतौना निवासी अमृत साह का 14 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार शामिल है।

## शबे बरात की रात इबादत कर के अपने गुनाहों की माफी माँगें: शब्बीर

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक शब-ए-बारात शाबान महीने की 15वीं रात को मनाई जाती है। शब-ए-बारात दो शब्दों से मिलकर बनी है।जिसमें शब का मतलब रात और बारात का मतलब छुटकारा है।यानी शब-ए-बारात की पाक रात को इबादत कर के इंसान हर गुनाह से छुटकारा पा सकता है।यह रात बहुत ही मुबारक रात है। इस रात में अल्लाह तबारक व ताला की रहमत और बरकत ए उतरती है। और दुआएं कुबूल होती है।यह रात मग फिरत वाली रात है। अल्लाह ताला इस रात में तमाम इंसानों के गुनाहों को माफ कर देते हैं। शर्त यह है कि वह अल्लाह के सामने रोए और गिर गिर और अपने पिछले किए हुए कर्मों पर शर्मिंदा हो करके उससे तोबा करें।तो अल्लाह ताला



उसके तमाम पिछले करतूतों को माफ करके के अल्लाह ताला उसको बख्श देते हैं। इस रात के पहले हिस्से में अल्लाह ताला पहले आसमान पर आते हैं। और अपने बंदों से कहते हैं। कोई बख्शीश चाहने वाला मैं उसकी बख्शीश कर दूं। कोई मुझसे किसी चीज का तलब करने वाला मैं उसकी तलब को पूरी कर दूं है। कोई बीमारी से शिफा चाहने वाला मैं उसको बीमारी से शिफा दे दूं है। कोई मुझसे गुनाहों से माफी चाहने वाला मैं उसके गुनाहों को माफ कर दूं। यह आवाज अल्लाह ताला मगरिब के बाद से लेकर के फज्र की नमाज तक लगाते रहते हैं। मगर इस रात में अल्लाह ताला 6 लोगों के दुआओं को कुबूल नहीं करते है। शीरक करने वाला वालीदैन की नाफरमानी करने वाला शराब पीने वाला नाहक किसी को कत्ल करने वाला चुगल खोरी करने वाला पाजामा या पेंट नीचे लटका कर पहनने वाला इन 6 लोगों की दुआएं और इबादत इस रात में कुबूल नहीं होती है। जब तक वह सच्चे दिल से तोबा ना कर ले मुसलमानों को चाहिए कि इस रात में अल्लाह ताला की इबादत करें नफल नमाज में पढ़ है।कुरान शरीफ की तिलावत करें और कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम के लिए दुआ करें और दूसरे दिन रोजा रखें हदीसे पाक में आता है। जनाब मोहम्मद उर रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलेही वसल्लम ने इरशाद फरमाया जो शख्स इस रात में नफल नमाज पड़ता है। इबादत करता है और उस के दूसरे दिन रोजा रखता है।तो अल्लाह तबारक व ताला उसके गुनाहों को माफ कर देते हैं।इस सच्चे पेगाम से मालूम होता है जिस धर्म में यह बात लिखी हुई हो कि ना हक कत्ल करने वाले की दुआ अल्लाह कुबूल नहीं करता है और उसकी बख्शीश नहीं होतीहै तो यह दिन दूसरों को कत्ल करने की इजाजत और खून खराबा करने की इजाजत कैसे दे सकता है।इससे मालूम होता है कि इस्लाम एक सच्चा और अमन और शांति का पैगाम देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 12 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चों का किया गया टीकाकरण



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा 12 से 14 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रखंड के नव केंद्र सोनवर्षा, बखरी, गौनाहा, राजपुर, डुमरा, बरवा, भवानी पुर आदि विद्यालयों में टीकाकरण किया जा रहा है। इस अशय की जानकारी देते हुए अस्पताल प्रभारी डॉ शशि कुमार ने बताया कि 12 से 15 वर्ष के बच्चों को कोबेवैक्स वैक्सीन लगाई जा रही है। उंन्होने ने बताया कि अपनी सुविधा के अनुसार टीकाकरण केंद्र पर बच्चे पहुच कर टीका लगवा सकते है। वही स्वास्थ्य प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों का जन्म 15 मार्च 2010 को हुआ हो। उनका टीकाकरण करवा सकते है। वही टीकाकरण कार्य मे एएनएम रत्ना कुमारी,मुन्नी शुक्ला,संगीता कुमारी, पुष्पांजली कुमारी, रेशमा कुमारी आदि लगी थी।

### लोहार जाति को जनजाति से वंचित किये जाने पर किया गया बैठक



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा उच्चतम न्यायालय द्वारा लोहार जाति को जनजाति से वंचित किए जाने पर लोहार जाति एकता मंच द्वारा माधोपुर में एक बैठक की आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरिशंकर ठाकुर ने की। उन्होंने संबोधन करते हुए कहा की यह लड़ाई सड़क से संसद तक एवं न्यायपालिका से भी लड़ाई जारी रहेगी। बैठक के उपरांत प्रखंड स्तरीय लोहार कमिटी की गठन की गई जिसमें प्रखंड अध्यक्ष पूनम शर्मा, सचिव चंदेश्वर शर्मा, उप सचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष किशोरी शर्मा को बनाया गया। इस मौके पर राज किशोर शर्मा, जितेंद्र शर्मा, हरेंद्र शर्मा, नगीना शर्मा, रामनाथ शर्मा, भोला शर्मा आदि ने भाग लिया।

### शहरी जलापूर्ति को लेकर फिर दिखी राज्य सरकार की कटिबद्धता

मदरलैण्ड संवाददाता, राँची। देश के 500 शहरों में जलापूर्ति और अन्य शहरी संसाधनों को मजबूती प्रदान करनें के लिए हाल हीं में लॉंच अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन( अमृत ) 2.0 के लिए झारखंड सरकार की शत प्रतिशत योजनाओं को केन्द्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। पहले चरण में कुल छः राज्यों नें प्रस्ताव भेजा था जिसमें झारखंड पहला राज्य है जिसकी सभी योजनाओं को सबसे पहले स्वीकृति मिली है। इन योजनाओं की स्वीकृति से प्रदेश के 16 नगर निकायों की जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त होगी। इसके साथ हीं सात अमृत सिटी में अपशिष्ट जल प्रबंधन के क्षेत्र में भी कार्य तेज हो सकेगा। अमृत 2.0 के लिए राज्य सरकार की ओर से भेजी जानेवाली योजनाओं के चयन के लिए माननीय मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय उच्च शक्ति प्राप्त संचालन समिति का गठन किया गया है। इसी समिति नें योजनाओं को ग्रिन सिग्नल दिया था जिसके बाद केन्द्र के पास भेजा गया था। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शहरी क्षेत्र के हर घर तक टैप वाटर से पेयजलापूर्ति को लेकर बेहद संवेदनशील हैं और यही वजह है कि हर घर मे लगलेवाले मीटर कनेक्शन को पहले हीं निःशुल्क कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से नियंत्रित मात्रा में जल उपयोग करनेवाले परिवार को निः शुल्क जलापूर्ति की घोषणा पहले हीं की जा चुकी है,चाहे वो वाटर कनेक्शन किसी भी योजना के तहत मिला हो। शहरी क्षेत्र के हर घर को निःशुल्क पीने का पानी पहुंचाना, झारखंड के 7 प्रमुख शहरों में अपशिष्ट जल प्रबंधन करना,सभी निकायों में जल स्रोत का जिर्णोद्धार और 2025-26 तक हरियाली विकसित करना। अमृत 2.0 मिशन के तहत मिले दिशा निर्देश के तहत सितंबर 2021 में एक त्रिपक्षीय समझौता किया गया जो कि राज्य सरकार,केन्द्र सरकार और नगर निकायों के बीच हुआ। राज्य के 50 नगर निकायों और रामगढ़ छावनी परिषद के द्वारा सिटी वाटर बैलेंस प्लान को को तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जनवरी 2022 तक भारत सरकार को भेजा गया। राज्य के 16 नगर निकायों द्वारा सिटी वाटर ऐक्शन प्लान तैयार किया गया जहां के नागरिक पेयजलापूर्ति से वंचित थे। इस ऐक्शन प्लान को सार्वजनिक करते हुए स्टेट वाटर ऐक्शन प्लान भी तैयार किया गया जिसकी स्वीकृति राज्यस्तरीय उच्च शक्ति प्राप्त संचालन समिति द्वारा दिया गया। राज्य के 16 नगर निकायों में 190000 घरों को टैप वाटर के रुप में निःशुल्क जल देने की योजना। इन योजनाओं से 900000 से ज्यादा लोग होंगे लाभान्वित। इन योजनाओं में नवीन तक्नीकि जैसे स्काडा,जीआईएस और सेंसर का इस्तेमाल होगा। राज्य को अमृत 2.0 के तहत 1178 करोड़ रुपया केन्द्र के अंशदान राशि के रुप में प्राप्त है। प्रथम चरण में जिन योजनाओं के लिए स्वीकृति मिली है उनमें कुल 1122 करोड़ रुपया का लागत आएगा जिसमें केन्द्र के साथ साथ राज्य सरकार का अंशदान भी है। योजनाओं की स्वीकृति से लेकर प्रगति तक की मॉनिटरिंग राज्य के नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री विनय कुमार चौबे खुद कर रहे हैं। उन्होंने राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक श्री अमित कुमार को इससे संबंधित आवश्यक निर्देश और मार्गदर्शन दिया है। अमृत 2.0 के तहत लाभान्वित होनेवाले नगर निकाय हैं रामगढ़,सिमडेगा,लोहरदगा,गुमला,जामताड़ा, बरहरवा, बड़कीसरइया, बचरा, छत्तरपुर, हरिहरगंज, वंशीधर, धनवार, महगामा, डोमचांच, कपाली, विश्रामपुर।

### आलु व्यवसायी हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने एक देसी कट्टा एंव दो जिन्दा कारतुस के साथ किया गिरफ्तार!

मदरलैण्ड संवाददाता, भागलपुर। विधि व्यवस्था डीएसपी डॉ गौरव कुमार के निर्देश पर सुल्तानगंज थाना अध्यक्ष लाल बहादुर के नेतृत्व मे आलु व्यवसायी हत्याकांड के मुख्य आरोपी फंटूश चौधरी को सुल्तानगंज चौक बाजार के सब्जी मंडी से गिरफ्तार किया है। वही इस मामले मे डीएसपी डॉ.गौरव कुमार ने बताया कि आलु व्यवसायी गौतम चौधरी को गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दिया था। उसी का हत्या का आरोप फंटूश चौधरी पर था एंव कई लोगों से रंगदारी सहित आर्म्स एक्ट का मुकदमा था ॥आरोपी के पास से एक देसी कट्टा एंव दो जिन्दा कारतुस भी बरामद किया गया है। साथ ही डी.एस.पी बताया कि कई दिनों से आरोपी की तलाश थी और सघन छापेमारी की जा रही थी गिरफ्तार युवक को आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुए न्याय हिरासत मे जेल भेजने कि तैयारी कि जा रही है। साथ ही गिरफ्तार करनेवाले पुलिस कर्मी को सम्मानित करने कि बात कही गई।

## रूटिंग निरीक्षण करने पहुंचे एसपी अररिया बथनाहा ओपी

» मदरलैण्ड संवाददाता

अररिया। एसपी अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को बथनाहा ओपी थाना का रूटिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी एवं चौकीदारो व दफादारो बारी-बारी से क्षेत्र के सम्बंध में जानकारी ली। चौकीदार व दफादारो ने अपनी अपनी समस्याओं को एसपी सर से साझा किया। दफादार मो० आबिद ने कहा कि हमलोगों को अभी तक पहचान पत्र नही मीला हैं। जिस कारण हमलोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। खास कर वरीय पदाधिकारी के समक्ष एवं क्षेत्र में जाने पर। समस्या को सुनते ही पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारी संपर्क कर जिले के सभी दफादार एवं चौकीदारों का पहचान पत्र निर्गत करने का आदेश दिया। उन्होंने चौकीदारों व दफादारो से कई गांव के ग्राम सरपंच व मुखिया का भी नाम पूछकर क्षेत्र में पुलिस की पकड़ का जायजा लिया। साथ ही थाना में प्रगति रिपोर्ट के बारे में भी बारी बारी से जानकारी ली। उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने इस दौरान अभिलेख, मालखाने के रखरखाव के बारे में भी जानकारी ली। थाना में लंबित कई अभिलेखों की जांच की। उन्होंने थाना प्रभारी नंद किशोर नंदन को क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

इस बाबत पर पुलिस अधीक्षक अशोक



कुमार सिंह ने प्रेस को बताया कि बथनाहा थाने का रूटिंग निरीक्षण किया गया है थाने के लिए भवन निर्माण हेतु जल संसाधन विभाग के द्वारा लगभग 1 एकड़ जमीन दिया गया है जिसमें 6 करोड़ 20 लाख 46 हजार की लागत से ॠ3 पुलिस भवन का निर्माण होगा। उन्होंने शराब तस्करी के विषय कहा कि एसएसबी के साथ वर्चुअल मीटिंग हो चुकी है, जिसमें ओपी क्षेत्र के सैनिक रोड के समीप के गांव को संवेदनशील स्थान में रखा गया है। तस्करों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही पुलिस अधीक्षक ओपी थाना परिसर में स्वच्छ एवं उत्कृष्ट व्यवस्था को देख कर काफी सराहना की। ओपी थाना परिसर में स्वच्छ एवं उत्कृष्ट व्यवस्था करने में थाना मैनेजर ऋतु कुमारी का अहम योगदान रहा। मौके पर पुलिस निरीक्षक (अंचल) बैजनाथ शर्मा, डीएसपी रामपुकार सिंह, सब इंस्पेक्टर छोटे लाल चौहान, सहायक सब इंस्पेक्टर रामनाथ भगत,जयप्रकाश सिंह,हवलदार जगनारायण सिंह, जवान राजीव पासवान, संकेत कुमार, दिव्या कुमारी, सुकन्या भारती, चांदनी कुमारी,मिट्ठू पासवान, पप्पू पासवान, गिरजा पासवान, विद्यानंद पासवान,उपेंद्र सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ शुरू, निकली कलश यात्रा

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। ठकराहा प्रखण्ड के जगीरहा पंचायत के भेडीहारी टोला में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर कलश यात्रा को उप मुखिया विनोद यादव ने माथे पर कलश लेकर शुभारम्भ किया। कलश यात्रा यज्ञ स्थल भेड़िहारी टोला ब्रम्ह स्थान से निकलकर बेलवारीपट्टी,बजारी टोला, ठकराहा,बहेलिया होते हुवे पीपा पुल के समीप गंडक नदी के तट पर पहुंची,जहां यज्ञाचार्य पंडित श्री रामक्यास त्रीपाठी आमावदिगर,व यज्ञ में लगे पंडितों के द्वारा स्थानीय युवाओं के सहयोग से कलश यात्रा में शामिल महिलाओं के कलश में मंत्रोच्चारण के साथ जल भरवाया। कलश यात्रा पुनः उसी रास्ते से होते हुवे वापस यज्ञ स्थल पहुंची। कलश यात्रा को पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया। यज्ञाचार्य व उपमुखिया ने बताया कि 21 मार्च को श्री कृष्ण जन्मोत्सव,22 मार्च को गिरिराज पूजन,23 मार्च को रुक्मिणी मंगल,24 मार्च को सुदामा चरित्र व कथा विश्राम किया जाएगा। वहीं 25 मार्च को हवन एवं भव्य भण्डारे का आयोजन किया जायगा। कथा वाचक पंडित श्री राजेश मिश्रा शास्त्री ने बताया कि मान्यता है कि भागवत कथा का आयोजन करने व श्रवण करने से अनेकों लाभ हैं। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कराने वाले व सुनने वाले व्यक्तियों -परिवारों के पूर्वजों को शांति व मुक्ति मिलती है। इसे सुनने से श्रद्धालुयों की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। कलश यात्रा को सफल बनाने में नगीना यादव,जलेश्वर यादव,हीरा यादव, रामध्यान राम,मदन पाल,रामाकान्त यादव,सत यादव,जयप्रकाश कुमरेश यादव,जितेन्द्र पाल,सतन यादव समेत कई श्रद्धालु शामिल रहे।

## थानाध्यक्ष से नही चलता है बलथर थाना दलालों के इशारे से चलता है -विधायक वीरेंद्र गुप्ता

### विकास नाम के दलाल का बलथर थाना में चलता है राज। आखिर कौन है विकास

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। बेतिया बलथर थाना अन्तर्गत जो 19 मार्च 2022 को कांड हुई थी। जहां आर्यानगर के अनिरुद्ध यादव की मौत बलथर पुलिस हिरासत में हो गई। पुलिस दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय जनता पर दमन की कार्रवाई करने में लगी है। चौक से गांव तक दुकान और घर छोड़कर भागे हुए हैं लोग। बलथर बाजार आज तीन दिन से बंद है। गांव और बाजार में शांति व्यवस्था कायम करने के लिए समाज के न्यायप्रिय नागरिकों, प्रबुद्ध लोगों को सामने आना पड़ेगा।

दोनों मौतें दुखद है। सिकटा विधायक वीरेंद्र गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद उन्होंने कहा बलथर में सरकार पुलिस दमन बंद करें, सामान्य नागरिक जीवन बहाल करे, मृतक के परिजनों को मुआवजा व नौकरी देने की गारंटी करें। उन्होंने अनिरुद्ध यादव के मौत की वर्तमान या सेवानिवृत्त जज से जांच कराने की मांग किया।

दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग करता है। उन्होंने कहा बलथर कांड़ का तत्कालिक कारण जो भी रहा पर सच्चाई है कि थाना दलालों के द्वारा चलाया जाता है। ऐसे में जनता में पूर्व से पिछले कई थानेदारों के दौर से आक्रोश था जो अनिरुद्ध यादव के हिरासत में मौत के बाद आक्रोश में बदल गया जो बलथर कांड़ के रूप में दो मौतों के रूप में सामने




आया।

वही मृतक अनिरुद्ध यादव के पत्नी बताई की विकास नाम के एक व्यक्ति है जो खर्शवा गांव के रहने वाले है बलथर थाना में दलाली करते है उन्होंने फोन कर के बुलाए और मेरे पति को मरवा दिया। और हमारे चार बच्चे है जिसमे दो लड़का और दो लड़की है,एक लड़की की शादी हु है और दूसरे लड़की की शादी के दिन उतरने वाले ही थे जिसके खर्चा का पैसा मेरे पति अपने बहन के गांव से लोन पे उठा कर लाए थे वो भी पैसा अपने ही पास रखे थे जिसका कोई जानकारी नहीं है की वो रुपया कहा हैं।

## प्रखंड के टॉपर छात्रों को मुखिया प्रतिनिधि व अविनाश ने किया सम्मानित

### शिक्षा का प्रखंड में होना चाहिए सार्वजनिक मंच--अविनाश तिवारी

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा विगत दिनों बिहार बोर्ड की तरफ से 12वीं वर्ग का परिणाम घोषित किया गया है। परिणाम घोषित होने के बाद टॉपर छात्र एवं छात्राओं के घर परिवार में खुशी का माहौल है। टॉपर छात्र छात्राओं को जगह-जगह सम्मानित भी किया जा रहा है। शिक्षा के प्रति बच्चों में जागरूकता का माहौल बनाकर रखने वाले ठकराहा कौशल विकास केंद्र के समन्वयक अविनाश तिवारी व मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रखंड के टॉपर्स सूरज चौरसिया व अलका तिवारी को सम्मानित किया। वही समन्वयक अविनाश तिवारी ने बताया कि प्रखंड में शिक्षा का भी सार्वजनिक मंच होना चाहिए जिस मंच से मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किया जा सके। ताकि बाकी बच्चों में भी शिक्षा ग्रहण करने की ललक लगे। वहीं मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं की शिक्षा के प्रति झुकाव ही देश की भविष्य निर्धारित करता है। आपको बता दें कि



दसवीं वर्ग में भी अलका तिवारी व सूरज चौरसिया ने अच्छे नंबर लाकर प्रखंड टॉप किया था। छात्रा अलका तिवारी डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर की तो वही छात्र सूरज चौरसिया ने डिफेंस में जाने की बात कही।

## नियमो को ताक पर रख खर्ग पोखरिया मुखिया करा रहे नाला निर्माण कार्य

### विभागिय मिलीभगत से लोकल घटिया बालू और ईट का हो रहा प्रयोग

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। चनपटिया प्रखण्ड के खर्ग पोखरिया पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या- 14 में नाला निर्माण कार्य में व्यापक पैमाने पर अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण कार्य मे मानक की अनदेखी कर प्राक्कलन की धज्जियां उड़ा घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। घटिया निर्माण के शिकायत पर अधिकारी भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। निर्माण स्थल पर योजना का बोर्ड लगाए बिना पचास प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। निर्माण कार्य में घटिया ईट, लोकल बालू व निम्न किस्म के सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है। जबकि पंचायत के विकास करने का दावा कर जीत हासिल करनेवाले मुखिया द्वारा ही नाला निर्माण कराया जा रहा है। कार्यस्थल पर कनीय अभियंता भी मौजूद नहीं रहते। मिस्त्री व मजदूर ही अधिकारी व इंजीनियर बने हुए हैं। इनसब के जानकारी होने के बावजूद भी प्रखण्ड के अधिकारी कोई कारवाई नहीं करते। इतना ही नहीं घटिया नाला निर्माण का कार्य बेतिया-चनपटिया मुख्यमार्ग से सटे कैथवलिया



मुशहरी के समीप वार्ड संख्या 14 में हो रहा है। जहां प्रतिदिन प्रखण्ड से लेकर जिला तक के अधिकारी उसी रास्ते से गुजरते हैं फिर भी ना जनप्रतिधि को इस बात का डर है ना ही संबंधित अधिकारी को ही। नियम के मुताबिक निर्माण स्थल पर कार्य प्रारंभ के दौरान ही योजना संबंधी साइन बोर्ड लगाना होता है। उक्त बोर्ड पर योजना का नाम, निर्माण की लागत, लंबाई, संवेदक और अभिकर्ता का नाम, प्राक्कलित राशि व कार्य प्रारंभ व समाप्ति की तिथि अंकित किया जाता है। ताकि निर्माण की गुणवत्ता और लोगों के बीच अन्य जानकारी बनी रहे। फिर भी प्रखण्ड के अधिकारियों को नियमों की कोई परवाह नहीं है। इस सम्बंध में बीडीओ मनोरंजन पाण्डेय ने बताया कि घटिया निर्माण की जानकारी मिली है। संबंधित जेई को कार्यस्थल पर भेजकर तकनीकी व गुणवत्ता की जांच करा उचित कारवाई की जाएगी।

## हमारे खिलाड़ी हमारा गौरव हैं, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं: हेमन्त सोरेन

» मदरलैण्ड संवाददाता

- मुख्यमंत्री का मिला आदेश, कॉमनवेल्थ गेम्स कैंप में भाग लेंगे झारखण्ड पुलिस के जवान

राँची। खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के प्रति संजीदा मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद झारखण्ड पुलिस के वरीय अधिकारियों ने जवानों के कॉमनवेल्थ गेम्स कैंप-2022 के चयन शिविर में भाग लेने हेतु आदेश निर्गत कर दिया है। अब खिलाड़ी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है कि वे 28 जुलाई 2022 से बर्मिंघम लंदन में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 में झारखण्ड के लॉन बॉल खिलाड़ी का हिस्सा बन पाएंगे या नहीं।



**क्या है मामला**

झारखण्ड के लॉन बॉल खिलाड़ियों का चयन दिल्ली में 15 मार्च से शुरू हो चुके ऑल इंडिया सेलेक्शन कैंप में हुआ है। लेकिन बॉलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित इस सलेक्शन कैंप में शामिल होने के लिए पुलिस विभाग ने खिलाड़ियों को छुट्टी नहीं दी थी। जबकि झारखण्ड बॉलिंग एसोसिएशन ने जैप एडीजी को पत्र लिखकर खिलाड़ियों को कैंप में शामिल होने के लिए 12 मार्च से तीन महीने की छुट्टी देने के लिए पत्र लिखा था। इन खिलाड़ियों की नौकरी खेल कोटे से पुलिस में बतौर सिपाही हुई है। इस बाबत जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री ने झारखण्ड पुलिस के वरीय अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा कि मामले को अधिकारी जल्द से जल्द देखें। हमारे खिलाड़ी हमारा गौरव हैं, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उन्हें राज्य और राष्ट्र के लिए खेलने के सभी अवसर प्राप्त हो।

## कठिन परिश्रम व लगन से किया हुआ कार्य फलित जरूर होता है: डॉ. हिमांशु शेखर

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा नरकटियागंज अनुमंडल अंतर्गत गौनाहा प्रखंड के छोटे से गांव मंझरिया में जन्मे व नरकटियागंज सन्त मेरी मिशन स्कूल से अपनी शिक्षा प्रारम्भ कर असम में शिशु चिकित्सक के रूप सेवा दे रहे है डॉ. हिमांशु शेखर। डॉ हिमांशु शेखर शुरू से ही मेधावी छात्र रहे है। उनके जानने वालों का कहना है वे बचपन से ही पढ़ने में अव्वल है। उनके पिता कृष्ण कुमार पाठक (सेवानिवृत प्राचार्य मतिसरा कुंवर बालिका ऊंच विद्यालय नरकटियागंज) ने बताया कि डॉ. हिमांशु शेखर बचपन से ही बहुत कर्मठी व लगनशील रहा है। उन्होंने बताया कि डॉ. हिमांशु शेखर शुरू से ही अपने वर्ग में प्रथम श्रेणी से ही सफल हुआ है। इधर डॉ. हिमांशु शेखर से पत्रकारों ने जब उनके उपलब्धि के विषय मे पूछा तो उन्होंने बताया कि ₹कठिन परिश्रम व लगन के साथ किया हुआ हर कार्य फलित जरूर होता है₹। उन्होंने अपने उपलब्धि का सारा श्रेय अपने माता-पिता, अपने परिवार वालो तथा अपने गुरुजनो को दिया। उन्होंने बताया कि



डॉक्टरी करने के दौरान काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला लेकिन मन मे डॉक्टर बनने की ललक ने उस उतार-चढ़ाव की परवाह किये बिना आगे बढ़ता गया। डॉ. शेखर ने बताया कि इंटरमीडिएट पास करने के बाद मैं पटना में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने के लिए गया। दो वर्ष तैयारीकिया, फिर कोटा (राजस्थान) में तैयारी किया। तत्पश्चात मेडिकल प्रवेश परीक्षा क्वालीफाई कर के असम मेडिकल कॉलेज डिब्रूगढ़ में दाखिला कराया तथा वहां से एमबीबीएस किया। फिर मदन मोहन मालवीय हॉस्पिटल नई दिल्ली में 1 वर्ष जूनियर रेजीडेंसी के लिए कार्य किया। उसके बाद गुवहाटी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल असम से एमडी (स्त्रीर्‌३१‍२) शिशु रोग से किया। असम के कई जिलों में अपनी सेवा दे चुके डॉ. हिमांशु शेखर का कहना है कि मानव सेवा से बड़ा कोई दूसरा कार्य नही होता है और उसमें भी बच्चो की सेवा करना ये बहुत ही सौभाग्य की बात है। उन्होंने ये भी कहा कि बहुत जल्द मैं अपने जिले में शिशु हॉस्पिटल का निर्माण करूँगा, जिससे हमारे क्षेत्र का विकास होगा तथा बच्चों के ईलाज के लिए पटना या दिल्ली नही जाना पड़ेगा। उन्होंने ये भी कहा कि मैं मिट्टी से जुड़ा हुआ व्यक्ति हुँ और मैं अपने समाज के लिये कुछ करना चाहता हुँ और एक दिन मैं ऐसा करूँगा। आज भी ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्र में बच्चे कुपोषण के शिकार है, उनको समुचित उपचार नही मिल पाती है, जिसके कारण वे कई रोगों से ग्रसित हो जाते है। मुझे उनसब के लिये आधुनिक उपकरण के साथ एक अस्पताल का निर्माण करवाना है, जिससे समाज के हर वर्ग का उपचार किया जा सके।


# अफोर्डप्लान ने मिलन फर्टिलिटी एंड बर्थिंग हॉस्पिटल्स के साथ की पैन इंडिया पार्टनरशिप

चंडीगढ़ : अफोर्डप्लान, एक हेल्थकेयर फाइनेंस कंपनी, ने मिलन फर्टिलिटी एंड बर्थिंग हॉस्पिटल्स के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की, यह उन कपल्स को एक अफॉर्डेबल एवं सुलभ फर्टिलिटी सेवा प्रदान करेगा जो कि अपने माता पिता बनने के सफर के लिए तैयार हैं। इस साझेदारी के तहत, अफोर्डप्लान के स्वस्थ कार्ड धारक पूरे भारत में किसी भी मिलन सेंटर में फर्टिलिटी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं तथा चिकित्सा पर बचत का पूरा आनंद ले सकते हैं। इस साझेदारी पर अफोर्डप्लान के सीईओ आदित्य शर्मा ने कहा, अफोर्डप्लान का मिशन हेल्थकेयर फाइनेंस को आसान एवं किफायती बनाना है और इस पार्टनरशिप के साथ, हम देश की फर्टिलिटी आवश्यकताओं को लेकर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार कर रहे हैं। रिसर्च बताती हैं कि भारत में 10-15 प्रतिशत विवाहित जोड़ों को इंफर्टिलिटी अर्थात बांझपन का सामना करना पड़ता हैं। हमारी




उम्मीद है कि हम लोगों को मिलन फर्टिलिटी एंड बर्थिंग हॉस्पिटल्स के अत्याधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञों एवं अत्यधिक व्यक्तिगत उपचार योजनाओं तक पहुंच प्रदान करने में सक्षम हों ताकि अगर बच्चा होने का किसी भी प्रकार का कोई सयोंग मिलता है तो यह सुनिश्चित हो सके कि उसे जरूरी चिकित्सकीय सलाह प्राप्त हो।श्री शैलेश गुंटू, सीईओ - मिलन फर्टिलिटी एंड बर्थिंग हॉस्पिटल्स एवं डायरेक्टर-हेल्थकेयर सर्विसेज - एचसीजीईएल ने अफोर्डप्लान के साथ अपने गठजोड़ पर,कमेंट करते हुए कहा,ह्वअपनी स्थापना के बाद से ही, मिलन का प्रयास भारत में हाई-टेक फर्टिलिटी केयर को फिर से परिभाषित करना है, जो कि जोड़ों को एडवांस्ड मेडिकल डायग्नोसिस एवं सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी (एआरटी) के क्षेत्र को किफायती और सुलभ उपलब्ध उपचार का केंद्र बना सके।अफोर्डप्लान के साथ हमारी पार्टनरशिप हमारे मिशन को आगे बढ़ाती है और इसके साथ ही हम फर्टिलिटी सेवाओं को आवश्यक और किफायती बनाने के लिए भी लगातार प्रयास करते रहेंगे।


## सैमसंग ने भारत में पेश किया प्रीमियम पीसी लाइन-अप




चंडीगढ़ : भारत के सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी बुक2 सीरीज और 12वीं पीढ़ी के इंटेल कोर प्रोसेसर द्वारा संचालित गैलेक्सी बुक2 बिजनेसऔर स्नैपड्रैगन 7 सी जेन 2 कम्प्यूट प्लेटफॉर्म द्वारा संचालित गैलेक्सी बुक गो का अपना फ्लैगशिप पीसी लाइन-अप लॉन्च करने की घोषणा की। नोटबुक की यह नई रेंज उन्नत सुरक्षा उपायों से लैस है और अल्ट्रा-पोर्टेबल डिजाइन तथा प्रोडक्टिविटी फीचर्स के साथ आ रही है ताकि घर से ऑफिस का काम करने के हाइब्रिड वातावरण की नई सच्चाई का सामना करने में यह उपभोक्ताओं की मदद कर सके। सैमसंग इंडिया के मोबाइल बिजनेस विभाग में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजू पुल्लन ने कहा,सैमसंग में हम अपने उत्पादों में हमेशा नयापन और विशिष्टता लेकर आते हैं। हमने श्रेणी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, डिजाइन और गठजोड़ के साथ उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखकर नया पीसी लाइन-अप लॉन्च किया है ताकि हमारे यूजर्स को उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान किया जा सके। नोटबुक की हमारी नई रेंज ग्राहकों और एंटरप्राइज श्रेणियों के लिए है।माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के ग्रुप डायरेक्टर झ डिवाइसेज फरहाना हक ने कहा, पीसी हमारी जिंदगियों में पहले से भी ज्यादा सार्थक भूमिका निभा रहे हैं और विडोज 11 लोगों, विचारों और रचनाओं के बीच एक सेतु के तौर पर उभर रहा है। विंडोज हर महीने दुनिया भर के 1.4 अरब सक्रिय डिवाइसेज को चलाता है और इनोवेशन के लिए रीढ़ के समान है, इनोवेशन, रचनात्मकता और सुरक्षित उत्पादकता की मंजिल है। हम गैलेक्सी बुक सीरीज के माध्यम से एक विश्वस्तरीय अनुभव देने के लिए सैमसंग के साथ गठबंधन कर अत्यंत रोमांचित हैं, और एक नए पीसी युग में प्रवेश करते हुए हम हर व्यक्ति को सक्षम बनाने का इरादा रखते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मिंत्रा ने अपने प्लेटफॉर्म पर अपनी तरह का अलग- टींस स्टोर लॉन्च किया



चंडीगढ़ : एक और नई पहल में, मिंत्रा ने अपने प्लेटफॉर्म पर टीनेजर्स के लिए अपनी तरह की अलग, समर्पित शॉपिंग ऐली, ह्यटींस स्टोरह्व के लॉन्च की घोषणा की है। टींस के लिए इस समर्पित स्टोर का उद्देश्य टींस की विशिष्ट जरूरतों को संबोधित कर बाजार में मौजूद कमी को पूरा करना है और उन्हें स्टाईल, साईज, ब्रांड्स एवं फिटिंग में विभिन्न जरूरतों के अनुरूप ट्रेंडी फैशन उपलब्ध कराके एक्सपेरिमेंट करने में मदद करना है। मिंत्रा ऐप पर ह्यटींस स्टोरह्व एक ही छत के नीचे पहनावे की उनकी सभी जरूरतों को पूरा करेगा और उन्हें अन्य फायदे भी प्रदान करेगा, जिससे उनका शॉपिंग का अनुभव बहुत ही आसान और संतोषजनक बन जाएगा। ह्यटींस स्टोरह्व में जस्टिस, सीके, यूटीएच बाय रोडस्टर लाईफ एंड कंपनी, टॉमीहिलफिगर, एचआरएक्स, एचएंडएम, नाईकी, प्यूमा, एडिडास, एवं मैंगो टींस जैसे मशहूर अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड्स और घरेलू ब्रांड्स के विस्तृत संग्रह के साथ लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स, स्टाईलिंग टिप्स, और एंसेंबल्ड लुक्स मिलेंगे। खास टींस की जरूरतों के अनुरूप निर्मित इस स्टोर में सबसे ज्यादा ध्यान साईज़िंग पर दिया गया है, जो बढ़ते हुए टींस के लिए एक बड़ी दुविधा होती है। इस समस्या का समाधान किफायती मूल्यों में बेहतरीन स्टाईल और ट्रेंडी प्रोडक्ट लाईंस प्रस्तुत करके किया गया है। इस स्टोर में मौजूदा समय में 100 से ज्यादा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के 20,000 से ज्यादा स्टाईल्स हैं और इसका उद्देश्य अगले 6 महीनों में इस संग्रह का विस्तार 30,000 से ज्यादा स्टाईल्स तक करना है।नए ह्यटींस स्टोरह्व के लॉन्च के बारे में जुबी सैम्युअल, सीनियर डायरेक्टर, कैटेगरी मैनेजमेंट, मिंत्रा ने कहा, टींस सेगमेंट की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने वाली मुख्य श्रेणियों में एथलेजर, डेनिम वियर, इनर वियर, कैज्युअल वियर, पार्टी वियर, एथनिक वियर, फुटवियर, और एक्सेसरी हैं। टींस स्टोर के सबसे आकर्षक उत्पादों में जीन्स- एंटी फिट, डिस्ट्रेस्ड एवं वाईड लैग्ड डेनिम, टी-शर्ट ड्रेस, फिट एवं फ्लेयर ड्रेस, रिब्ड ड्रेस, टी-शर्ट - टाई एवं डाई, ओवरसाईज्ड और स्टेटमेंट मेकर्स हैं। यहां पर स्टाईलिश जंपसूट और डंगरीज का विस्तृत संग्रह भी मिलेगा। मिंत्रा विशेष थीम-बेस्ड कलेक्शंस बनाने के लिए ब्रांड्स के साथ काम कर रहा है और स्टोर्स को अद्वितीय प्रस्तुतियां प्रदान करने में समर्थ बना रहा है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने पुणे टाउनशिप में 1,002 करोड़ के घर बेचे

नई दिल्ली, एजेंसी। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित टाउनशिप में चालू वित्त वर्ष में अब तक 1,002 करोड़ रुपए के घर बेचे हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड (जीपीएल) ने सोमवार को शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि पुणे के महालुंगे में टाउनशिप परियोजना रिवरहिल्स में चालू वित्त वर्ष में 1,002 करोड़ रुपए की बिक्री हुई है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में इस टाउनशिप परियोजना में 1,550 से अधिक घर बेचे हैं जो 15 लाख वर्गफुट क्षेत्र में फैले हैं। टाउनशिप के पहले चरण की शुरूआत 2019 में हुई थी तब से जीपीएल ने 3,600 से अधिक घर बेचे हैं जो 34 लाख वर्गफुट क्षेत्र में फैले हैं और इनका बुकिंग मूल्य 2,100 करोड़ रुपए से अधिक है।

### सिंटेक्स के कर्जदाताओं ने रिलायंस, एसीआरई की संयुक्त समाधान प्रक्रिया को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी। कर्ज संकट से जूझ रही टेक्सटाइल निमार्ता सिंटेक्स इंडस्ट्रीज के कर्जदाताओं ने दिवाला समाधान प्रक्रिया के तहत इस कंपनी के अधिग्रहण के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज (एसीआरई) की संयुक्त बोली को मंजूरी दे दी है। शेयर बाजारों को मिली जानकारी के अनुसार सिंटेक्स इंडस्ट्रीज की कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसीआरई की संयुक्त समाधान योजना के पक्ष में आम सहमति से मतदान किया। इसमें बताया गया कि समाधान योजना को मंजूरी के लिए ई-मतदान की प्रक्रिया 19 मार्च को पूरी हुई और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड तथा एसीआरई की संयुक्त समाधान योजना को सीओसी के सभी सदस्यों ने मंजूरी दी। सिंटेक्स इंडस्ट्रीज ने संयुक्त बोली की राशि का खुलासा नहीं किया है लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बोली की राशि लगभग 3,000 करोड़ रुपए है।

### कोरोना की दवा के लिए स्ट्राइड्स फार्मा का मेडिसीन्स पेटेंट पूल से करार

नई दिल्ली, एजेंसी। स्ट्राइड्स फार्मा साइंस ने सोमवार को कहा कि फाइजर की ओरल (खाई जाने वाली) कोविड-19 दवा के जेनेरिक संस्करण के 95 निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में वाणिज्यिकरण के लिए उसने मेडिसीन्स पेटेंट पूल (एमपीपी) के साथ उप-लाइसेंस समझौता किया है। अमेरिका तथा अन्य देशों में उच्च जोखिम में आने वाले वयस्कों और रोगग्रस्त बच्चों के लिए फाइजर के इस उत्पाद के आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। इस दवा को खाया जा सकता है।

## दूसरी जिंदगी : जगुआर आई-पेस बैटरियों द्वारा शून्य-उत्सर्जन वाली एनर्जी स्टोरेज यूनिट का संचालन



करनालः जगुआर की इंजीनियरिंग टीम ने शून्य-उत्सर्जन ऊर्जा भंडारण यूनिट को विकसित करने के लिए प्रामैक के साथ मिलकर काम किया है। इस यूनिट को सेकंड लाइफ जगुआर आई-पैस बैटरीज से पावर मिलती है, जिन्हें मॉडल और इंजीनियरिंग टेस्ट वाहनों से लिया जाता है। जगुआर लैंड रोवर में सर्कुलर इकोनॉमी टीम के बैटरी मैनेजर, एंड्रयू व्हिटवर्थ ने कहा कि, ह्लयह घोषणा इस बात की शानदार मिसाल है कि किस तरह अपने भविष्य में स्थायित्व लाने और वास्तविक चक्रीय अर्थव्यवस्था को हासिल करने के लिए हम अपने सहयोगियों के साथ साझेदारी में काम करेंगे। हम जगुआर आई-पेस की बैटरियों को दूसरी बार प्रयोग करने के लिए प्रामैक के साथ काम करके काफी उत्साहित है, जो पोर्टेबल रूप में शून्य उत्सर्जन की ताकत देती है।ह्व

जगुआर टीम रेसिंग के टीम प्रिंसिपल, जेम्स बार्कले ने बताया कि, ह्लफॉमूर्ला-ई अपनी शुरूआत के बाद दुनिया का पहला शून्य कार्बन उत्सर्जन स्पोर्ट्स इवेंट हैं। जगुआर टीसीएस रेसिंग कार्बन उत्सर्जन में सुधार करने पर ध्यान देता रहा है।इसके स्टोरेज सिस्टम का प्रयोग हमें नए अक्षय ऊर्जा का समाधान उपलब्ध कराता है।' प्रामैक के निदेशक, डैनी जोंस ने कहा कि, ह्लजगुआर लैंड रोवर के साथ करीबी सहयोग से काम करने का सौभाग्य मिला है। जगुआर लैंड रोवर इस सफर में देश में हमारा बेहद महत्वपूर्ण सहयोगी है। इस साझेदारी से हमें मजबूत और ताकतवर वाहनों के निर्माण में मदद मिली है।'

## बीएफआई ने आईएनबीएल का 373 सीजन 1 प्रारम्भ किया




चंडीगढ़, 21 मार्च, 2022: बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया, जो भारत में बास्केटबॉल के ओलंपिक खेल की संचालन निकाय है, ने गुरुवार को 18 मार्च से 29 मई, 2022 तक आयोजित होने वाले इंडियन नेशनल बास्केटबॉल लीग 33-2022 के सत्र के उद्घाटन की घोषणा की। इंडियन नेशनल बास्केटबॉल लीग का आयोजन देश के 20 शहरों में किया जाएगा।ये 20 शहर एक साथ हैं: आइजोल, बेंगलुरु, भावनगर, भिलाई, चंडीगढ़, चेन्नई, कटक, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कांगड़ा, कोच्चि, कोलकाता, लुधियाना, लखनऊ, मुंबई, पणजी, पुडुचेरी।

एफआईबीए की 33 प्रतियोगिताएं चार वर्गों में आयोजित की जाएंगी झ पुरुष, महिला, 18 वर्ष से कम उम्र के पुरुष और 18 वर्ष से कम उम्र की महिलाएं। प्रत्येक शहर के चैंपियन बेंगलुरु में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय फाइनल में 27-29 मई, 2022 तक खेलने के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे। पुरुष और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं किसी भी खिलाड़ी के लिए एक टीम बनाने और भाग लेने के लिए खुली हैं और इसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ी शामिल होंगे। 18 वर्ष से कम की प्रतियोगिताओं में 01.01.2004 को या उसके बाद पैदा हुए खिलाड़ी शामिल होंगे।

18-20 मार्च के उद्घाटन वाले सप्ताहांत के बीएफआई - आईएनबीएल 3७3 सीजन 1 वाले खेल बेंगलुरु (श्री कांतिराव स्टेडियम (आउटडोर) में और कोलकाता के पश्चिम बंगाल बास्केटबॉल एसोसिएशन कोर्ट में खेले जाएँगे। 200 से अधिक टीमें खेलती हुई नजर आएंगी झ बेंगलुरु में 120 टीमें और कोलकाता में 90 से अधिक टीमें। राष्ट्रीय स्तर के फाइनल तक कम से कम दो शहरों और कुछ सप्ताहांत पर तीन शहरों में हर सप्ताहांत खेल खेले जाएँगे। चेन्नई में आयोजित 71वीं सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कारण यह सत्र अप्रैल 3 और अप्रैल के सप्ताहांत के लिए एक ब्रेक लेगा। राष्ट्रीय फाइनल के रूप में शहर के स्तर पर प्रत्येक वर्ग में शीर्ष चार टीमों को प्रचुर और अभूतपूर्व पुरस्कार राशि प्राप्त होगी।

## रनवीर सिंह- दीपिका पादुकोन अभिनीत 83 डिज्नी+ हॉटस्टार पर




चंडीगढ़ :मनोरंजन एवं क्रिकेट की पूजा करने वाले इस देश में, डिज्नी+ हॉटस्टार क्रिकेटेनमेंट डोज के लिए वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन गया है, जो व्यूईंग के अतुलनीय अनुभव के लिए एक ही प्लेटफॉर्म पर दोनों दुनिया का सर्वश्रेष्ठ मनोरंजन प्रदान करता है। क्रिकेटेनमेंट के अनुभव को नई ऊँचाई पर ले जाते हुए यह प्लेटफॉर्म अपने दर्शकों के लिए इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म - ह्ल83 लेकर आया है, जो 21 मार्च, 2022 कोकेवल डिज्नी+ हॉटस्टार पर दिखाई जाएगी। सुपरस्टार रनवीर सिंह और दीपिका पादुकोन के साथ 1983 के विश्वकप की जीत के सफर पर ले जाने वाली यह फिल्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर हिंदी, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़ और तमिल में उपलब्ध होगी। इस फिल्म का सफल टेलीविजन प्रीमियर स्टार गोल्ड पर 20 मार्च को हुआ। डिजिटल एवं टेलीविजन प्रीमियर के बेहतरीन संगम के साथ, भारत के हर कोने में मौजूद क्रिकेट और बॉलिवुड के फैंस अपनी यह चहेती फिल्म अपने चहेते प्लेटफॉर्म पर अपनी सुविधा के अनुरूप, अपनी भाषा में देख सकते हैं।गौरव बनर्जी, हेड, कंटेंट - डिज्नी+ हॉटस्टार, एवं एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार ने कहा, हमारे देश में मनोरंजन और क्रिकेट की पूजा की जाती है, इसलिए हम अपने दर्शकों के लिए इन दोनों क्षेत्रों से सर्वश्रेष्ठ सामग्री लेकर आते हैं। इस साल की सर्वश्रेष्ठ ब्लॉकबस्टर ह्ल83 टेलीविजन पर हिंदी में और डिज्नी+ हॉटस्टार पर हिंदी, मलयालम, तेलुगू, कन्नड़ और तमिल में प्रस्तुत करके हम अपने दर्शकों को उनके घरों पर बैठकर सर्वश्रेष्ठ कंटेंट देखना का अवसर दे रहे हैं। डिज्नी+ हॉटस्टार पर क्रिकेटिंग के सीजन में ह्ल83 रिलीज करके हमें उम्मीद है कि दर्शक क्रिकेट, ड्रामा एवं मनोरंजन के हमारे बेहतरीन पैकेज का पूरा आनंद लेंगे।

## गोदरेज एंड बॉयस ने बीते एक दशक में सफलतापूर्वक अपने कुल जल उपयोग से अधिक ऑफसेट किया



चंडीगढ़ : गोदरेज समूह की अग्रणी कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने उपयोग किए गए पानी की रिसाइकिलिंग करने और अपने औद्योगिक क्रियाकलापों एवं कैंपस में ताजे पानी का उपयोग नहीं करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया है। कंपनी ने 2016 में वाटर पोजिटिविटी हासिल की और 2020 तक पिछले एक दशक में अपने कुल जल उपयोग से अधिक सफलतापूर्वक ऑफसेट किया था।गोदरेज एंड बॉयस ने 2010 के बाद से अपने कैंपस और उन समुदायों में जहां हम काम करते हैं, वहां जमीन के भीतर भूजल को फिर से भरने और जलस्तर बढ़ाने के लिए 50 से अधिक स्ट्रक्चर के माध्यम से 5.6 बिलियन लीटर वर्षा जल का संचयन किया है। इसके अलावा, ऋ&इ कैंपस के भीतर और बाहर 6.5 बिलियन लीटर उपयोग किए जा चुके जल की रिसाइकिलिंग कर 2010 के बाद से अपने कुल मीठे पानी के उपयोग को खत्म करते हुए, वाटर पॉजिटिविटी हासिल की है।जल संसाधनों और भूजल की रिचार्जिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, तेजश्री जोशी, हेड, एन्वायरमेंट सस्टेनेबिलिटी, गोदरेज एंड बॉयस, ने कहा, ह्लकभी दिखाई न देने वाला, लेकिन फिर भी सभी जगह मौजूद भूजल संसाधन, दुनिया भर में पीने के पानी की लगभग आधी जरूरत को पूरा करता है। खेतों की सिंचाई के लिए लगभग 40% पानी की जरूरत है। वहीं उद्योगों के लिए लगभग 1/3 पानी की जरूरत है। यह पारिस्थितिक तंत्र स्थिर रखता है, साथ ही नदियों के प्रवाह को बनाए रखता है और जमीन के धंसने और समुद्री जल का स्थलीय भागों में भीतर घुसने से रोकता है। भूजल जलवायु परिवर्तन अनुकूलन प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन उल्लेखनीय वास्तविकताओं के बावजूद, अदृश्य होने के कारण, मानवीय गतिविधियों और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के चलते भूजल के चरित्र और मौजूदगी में बदलाव पर अक्सर ध्यान नहीं जाता है।

## स्मार्टफोन, टीवी और लैपटॉप के बढ़ सकते हैं दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना के फिर से बढ़ते मामलों का असर स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान की कीमतों पर देखने को मिल सकता है। कोरोना संक्रमण के चलते चीन के कई शहरों में फिर से लॉकडाउन लगाया गया है। चीन के टेक हब शेनझेन क्षेत्र में कोरोना वायरस के मामलों में ताजा उछाल के बाद लॉकडाउन से टीवी, लैपटॉप और स्मार्टफोन की कीमतें बढ़ सकती हैं, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के सबसे बड़े आपूर्तिकताओं में से एक है। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन के मुताबिक भारत के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की आपूर्ति का लगभग 20 से 50 फीसदी तक चीन के शेनझेन से आता है। अगर कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन जैसे हालात फिर से पैदा होते हैं तो निश्चित रूप से इसका असर तमाम तरह के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर देखने को मिलेगा. उत्पादों की लागत बढ़ रही है और बढ़ती कीमतों का बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। अगर शेनझेन शहर में लॉकडाउन तीन सप्ताह या उससे अधिक के पार जाता है, तो यह जून तिमाही के साथ-साथ सितंबर तिमाही में स्मार्टफोन और पर्सनल कंप्यूटर के शिपमेंट को प्रभावित करेगा। काउंटरपॉइंट रिसर्च के एक शोधकर्ता ने कहा है कि अगर लॉकडाउन 20 मार्च से आगे बढ़ता है तो कीमतें बढ़ना शुरू हो जाएंगी। स्मार्टफोन की कीमतें 5-7 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। बाजार के जानकार कहते हैं कि उत्पादों की कीमत और माल ढुलाई दरें पिछले एक साल में बढ़ी हैं, जिसका अर्थ है कि अधिकांश ब्रांड नई लागत के दबाव को सहन करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं और वे इस दबाव को उपभोक्ताओं के ऊपर डाल देंगे।

## रेडमी इंडिया ने शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 680 और 6000 एमएएच बैटरी के साथ नए रेडमी 10 की घोषणा की



चंडीगढ़ : देश के #1 स्मार्टफोन ब्रांड, शीओमी इंडिया के एक सब-ब्रांड रेडमी इंडिया ने आज अपनी व्यापक रूप से लोकप्रिय रेडमी श्रृंखला के तहत रेडमी 10 के लॉन्च की घोषणा की। हाल ही में लॉन्च किए गए रेडमी 10 में प्रभावशाली अपग्रेड शामिल हैं, जिसमें शक्तिशाली क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 680 चिपसेट के साथ-साथ लंबी बैटरी लाइफ तथा क्रिस्प फोटो खींचने के लिए 50 एमपी का शानदार कैमरा शामिल है। सबसे तेज एवं शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 680 चिपसेट और 6000 एमएएच की बड़ी बैटरी के साथ मनोरंजन का शौक रखने वालों के लिए बेहतरीन पेशकश है। विशाल डिस्प्ले और टेक्सचर्ड फिनिश्ड बैक के साथ, रेडमी 10 सरलता और शक्तिशाली कार्यक्षमता का एक सहज मिश्रण है।लॉन्च के बारे में बात करते हुए, स्नेहा टैनवाला, बिजनेस हेड, रेडमी इंडिया ने कहा, रेडमी में हमारे सभी शानदार प्रोडक्ट की कुंजी इनोवेशन है। हम हमेशा से प्रौद्योगिकी का सही इस्तेमाल करते हुए, हमारे भारतीय उपभोक्ताओं को भारत में ही बने हुए स्मार्टफोन का समृद्ध अनुभव देना चाहते हैं। रेडमी 10 के लॉन्च के साथ, हम एक और सेगमेंट की सर्वश्रेष्ठ पेशकश ला रहे हैं जिसे भारतीय उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका प्रदर्शन तथा लुक दोनों ही बहुत अच्छे हैं। शक्तिशाली प्रदर्शन, लंबी बैटरी लाइफ और बेहतर कैमरा क्षमताओं के साथ, रेडमी 10 के अंदर, दैनिक उपयोग को सरल बनाने के लिए कई तरह के इनोवेशन का इस्तेमाल किया गया है। हमारी सभी अन्य श्रृंखलाओं की तरह, हमें विश्वास है कि रेडमी 10, उपभोक्ताओं को अपने स्मार्टफोन का उपयोग करने के तरीके को बदल देगा और उन्हें बजट सेगमेंट में सुविधाओं का एक सूट प्रदान करेगा।

### कच्चे तेल की कीमत दो डालर उछली

# ब्रेंट क्रूड वायदा 1.96 डॉलर चढ़कर 109.89 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा



वॉशिंगटन, एजेंसी। कच्चे तेल की कीमतों में सोमवार को 2 डॉलर की बढ़ोतरी देखी गई है क्योंकि यूक्रेनी सेना ने रूसी हमलों के खिलाफ रक्षात्मक स्थिति अपनाई और वहीं दूसरी ओर प्रमुख तेल उत्पादकों ने बताया कि वह आपूर्ति समझौते के तहत अपने आवंटित कोटा का उत्पादन करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ब्रेंट क्रूड वायदा 1.96 डॉलर या 1.8 फीसदी चढ़कर 109.89 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। इसमें शुक्रवार को भी 1.2 फीसदी की वृद्धि हुई थी। यूएस वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड फ्यूचर्स 2 फीसदी बढ़कर 106.79 डॉलर हो गया। इसमें भी बीते शुक्रवार को 1.7 प्रतिशत की तेजी देखी गई थी। कीमतों में बढ़ोतरी तब हुई जब सोमवार सुबह यूक्रेन के उप प्रधानमंत्री इरिना वर्शचुक ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि देश की सेना पूर्वी बंदरगाह वाले शहर मारियो पोल में आत्मसमर्पण करेंगी। एएनजेड के विश्लेषकों ने कहा कि बाजार आपूर्ति में व्यवधान के बारे में चिंतित है, डेटा के अनुसार वह पहले से ही प्रभावित हो रहा है। रूस सहित पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और सहयोगियों (ओपेक प्लस) की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया कि कुछ उत्पादक अभी भी अपने सहमत आपूर्ति कोटा को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

ओपेक प्लस देशों का फरवरी में अपने उत्पादन लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए। इसमें एक मिलियन बैरल प्रति दिन (बीपीडी) से अधिक की कमी रही। तीन सूत्रों ने रॉयटर्स को यह जानकारी दी। उन्हें समझौते के तहत हर महीने 400,000 बीपीडी उत्पादन को बढ़ावा देना था क्योंकि इससे पहले वह 2020 में कटौती कर चुके थे और अब उसकी भरपाई करनी थी। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने अब तक प्रमुख उपभोक्ता देशों द्वारा तेल की कीमतों को कम करने में मदद के लिए उत्पादन में तेजी लाने के आह्वान का विरोध किया है। कम आपूर्ति और उच्च कीमतों ने शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को चार महीनों के भीतर तेल के उपयोग में 2.7 मिलियन बीपीडी की कटौती करने के तरीकों की रूपरेखा तैयार करने के लिए प्रेरित किया, जिसमें कार-पूलिंग, कम गति सीमा और सस्ता सार्वजनिक परिवहन शामिल है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस
नई दिल्ली, मंगलवार, 22 मार्च 2022



# आईसीसी महिला विश्व कप : बांग्लादेश पर आज जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम



हैमिल्टन, एजेंसी। आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम का मुकाबला मंगलवार को बांग्लादेश से होगा। भारतीय टीम इस मैच को जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम का विश्वकप का सफर अब तक मिला-जुला रहा है। उसने शुरूआती मुकाबले में पाकिस्तान को हराया था पर उसे दूसरे ही मुकाबले में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले दोनों मैचों में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम अब तक प्रदर्शन में निरंतरत नहीं दिखा पायी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में बल्लेबाजों ने अच्छा खेल दिखाया पर गेंदबाज नाकाम रहे। इसी कारण ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। उससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम के बल्लेबाज बेहद कम रन ही बना पाये।

भारतीय टीम ने पिछले मैच में ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा की जगह शैफाली वर्मा को अवसर दिया था पर इससे कोई लाभ नहीं हुआ। ऐसे में माना जा रहा है कि इस अहम मैच के लिए शैफाली को प्रवेश मिलेगा। शैफाली के बाहर रहने पर यास्तिका भाटिया ने स्मृति मंधाना के साथ पारी शुरू की थी।

वहीं बल्लेबाजी में हरमनप्रीत कौर के लय में होने से टीम को लाभ होगा। तक उपयोग नहीं किया गया है।

कप्तान मिताली राज के फार्म हासिल करने से भारतीय टीम को लाभ हुआ है। वहीं अनुभवी मंधाना से भी टीम को बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी।

भारतीय टीम के पास गेंदबाजी में झूलन गोस्वामी और राजेश्वरी गायकवाड़ जैसी खिलाड़ी है। इसके अलावा पूनम यादव, आलराउंडर स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर ने भी अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इस प्रकार देखा जाये तो हर लिहाज से भारतीय टीम बांग्लादेश पर भारी है। इसके बाद भी भारतीय टीम को इस मैच में कोई गलती नहीं करनी होगी। दूसरी और बांग्लादेश की बात करें तो वह भी इस मैच में जीत के लिए पूरा जोर लगा देगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले मैच में टीम लक्ष्य हासिल करने के दौरान लड़खड़ा गयी थी जिससे उसका मनोबल गिरा है। उसकी गेंदबाजी अच्छी है पर बल्लेबाजी कमजोर है जिसे उसे बेहतर करना होगा।

भारत : मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, रेणुका सिंह ठाकुर, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़ पूनम यादव।

बांग्लादेश : निगार सुल्ताना (कप्तान), सलमा खातून, रुमाना अहमद, फरगना हक, जहांआरा आलम, शमीमा सुल्ताना, फहीमा खातून, ऋतु मोनी, मुर्शिदा खातून, नाहिदा अख्तर, शर्मिन अख्तर, लता मंडल, शोभना मोस्तरी, फरिहा तृष्णा, सुरैया आजमिन, संजीदा अख्तर मेघला।

## नई संभावनाएं देखने छोड़ी पंजाब किंग्स : राहुल



नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब किंग्स के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल ने कहा है कि उन्होंने नई संभावनाएं तलाशने और अपनी क्षमताएं पता करने के लिए ही टीम का साथ छोड़ा है। पंजाब टीम राहुल को नये सत्र के लिए बनाये रखना चाहती थी पर इस खिलाड़ी ने मेगा नीलामी में जाने का फैसला किया। नीलामी में राहुल को नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजाइंटस ने 17 करोड़ रुपए में खरीदा है। इसके अलावा उन्हें टीम का कप्तान भी बनाया गया है। राहुल ने पंजाव का साथ छोड़ने को लेकर कहा कि वह देखना चाहते थे कि आगे क्या किया जा सकता है। राहुल ने कहा 'मैं पंजाब टीम के साथ चार साल से था और मैंने उनके साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं बस यह देखना चाहता था कि मेरे लिए आगे क्या है। यह फैसला आसान नहीं था क्योंकि मैं पिछले काफी समय से लंबे समय से पंजाब से जुड़ा हुआ था। मैं देखना चाहता था कि क्या मैं कुछ और कर सकता हूं।'

वहीं पंजाब किंग्स के कोच अनिल कुंबले ने बताया था कि वह राहुल को रिटेन करना चाहते थे पर राहुल ने इंकार कर दिया। वह स्वयं ही नीलामी में शामिल होना चाहते थे। इस कारण टीम ने भी उनके फैसले का सम्मान किया।

पंजाब किंग्स की ओर से राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा है। पिछले चार सत्र में उन्होंने 659, 593, 670 और 626 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल 2020 में ऑरेंज कैप भी जीती थी। अब राहुल लखनऊ सुपर जाइंट्स की ओर से भी इसी प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। लखनऊ की टीम आईपीएल के इस 15 वें सत्र में 28 मार्च को दूसरी नई टीम गुजरात टाइटंस से खेलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रो हॉकी लीग : भारत और नीदरलैंड की महिला टीमों के बीच अब अगले माह होगा मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम अब अगले माह अप्रैल में एफआईएच प्रो लीग हॉकी मुकाबले में नीदरलैंड से खेलेगी। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय महिला टीम भुवनेश्वर में 8 और 9 अप्रैल को एफआईएच प्रो लीग के ह्यडबल-हेडरह्न मुकाबले में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड का सामना करेगी। पहले यह मुकाबले 19 और 20 फरवरी को होने थे पर उस समय देश में कोरोना संक्रमण के हालातों को देखते हुए नीदरलैंड ने मैचों का कार्यक्रम आगे बढ़ाने की अपील की थी जिसे हॉकी इंडिया ने मान लिया था। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष ज्ञानेंद्रो निंगोम्बाम ने कहा, 'हम नीदरलैंड की राष्ट्रीय महिला टीम का अप्रैल में भारत में स्वागत करने को लेकर उत्सुक हैं। भारतीय टीम की खिलाड़ी विश्व की नंबर एक टीम का सामना करने को लेकर उत्साहित है।' इससे पहले दोनों टीमों ही टीमों को 19 और 20 फरवरी को एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबले खेलने थे पर गत चैंपियन नीदरलैंड ने देश में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की थी जिससे इन्हें स्थगित कर दिया गया था। भारतीय टीम ने अभी एफआईएच प्रो लीग में केवल 6 मैच खेले हैं। भारतीय महिला टीम ने इससे पहले नीदरलैंड से ओलंपिक खेलों में अपने ग्रुप चरण के मैच में खेला था जिसमें उसे 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था।

### राहुल को धीमी बल्लेबाजी से बचना होगा : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि आईपीएल के 15 वें सत्र में नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करने जा रहे लोकेश राहुल को धीमी बल्लेबाजी का तरीका छोड़ना होगा। राहुल इससे पहले आईपीएल 2020 में पंजाब किंग्स के कप्तान थे पर तब वह नाकाम रहे थे। चोपड़ा का कहना है कि राहुल के लिए कप्तान के तौर पर धीमी बल्लेबाजी की आदत छोड़नी होगी। उन्होंने कहा, राहुल के पास हार्दिक पांड्या जैसी ही क्षमताएं हैं पर उनके लिए बड़ी चुनौती होगी कि वह पंजाब किंग्स के लिए धीमी गति से खेल रहे थे क्योंकि टीम ऐसी ही थी। आकाश ने साथ ही कहा कि इस बार वह कोई बहाना भी नहीं बना सकते क्योंकि प्रबंधन ने उन्हें पसंदीदा टीम दी है। इसलिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास करना चाहिये। राहुल ने अब तक 94 आईपीएल मैच खेले हैं जिनमें 3273 रन बनाने में सफल रहे। इस दौरान उन्होंने 2 शतक भी लगाए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में उनका औसत 55.83 का है। आईपीएल 2020 में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 14 मैचों में 670 रन बनाए थे. वहीं बीते सत्र में वह 13 मैचों में 626 रन बनाने में सफल रहे थे।

### हैदराबाद एफसी आईएसएल की नई चैंपियन बनी


मडगांव, एजेंसी। हैदराबाद एफसी ने केरल ब्लास्टर्स को शूटआउट में हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल खिताब पहली बार जीता है। हैदराबाद ने पैनाल्टी शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। हैदराबाद ने पहली बार आईएसएल खिताब अपने नाम किया है। इस जीत में गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टिमणि की अहम भूमिका रही। इस मैच में तय समय तक कोई टीम गोल नहीं कर पायी। अतिरिक्त समय तक भी स्कोर 1-1 से बराबरी पर रहा। इस कारण पेनल्टी शूटआउट में मुकाबला पहुंचा जिसमें हैदराबाद ने 3-1 से जीत हासिल की। हैदराबाद की ओर से जोआओ विक्टर, खासा कमारा और हलीचरण नारजारी ने गोल किये जबकि केरल की ओर से एकमात्र गोल आयुष अधिकारी ने दागा। कट्टिमणि ने 3 गोल बचाकर हैदराबाद की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह तीसरी बार है जब केरल को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। इस मुकाबले में पहला गोल 68वें मिनट में केरल की ओर से केपी राहुल ने किया और अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मुकाबले के अंतिम मिनटों में हैदराबाद की ओर से साहिल तवोरा ने 88वें मिनट में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अतिरिक्त समय में भी दोनों में कोई टीम गोल नहीं कर पायीं तो मुकाबला पैनाल्टी शूटआउट में चला गया जिसमें हैदराबाद को जीत मिली।

## आईपीएल से प्रभावित हो रहा क्रिकेट : लॉयड



लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कोच डेविड लॉयड ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के कारण पारंपरिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम में बाधा आ रही है। इसका कारण यह है कि कई शीर्ष क्रिकेटर राष्ट्रीय टीम की ओर से नहीं खेलते हुए टी20 लीग में खेल खेलेंगे। साल 1996 से 1999 के बीच इंग्लैंड के कोच रहे इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि यह सही नहीं है। आईपीएल में दो नई टीमों आने के बाद मैच भी बढ़ जाएंगे, इसका और भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।

दक्षिण अफ्रीका की टीम कगिसो रबाडा, एडेन मार्कराम, रस्सी वैन डेर डूसन, लुंगी एनगिडी और मार्को जेनसन के बिना ही बांग्लादेश के खिलापफ सीरीज खेलेगी क्योंकि रबाडा और उनके साथ खिलाड़ी आईपीएल खेलेंगे। वहीं न्यूजीलैंड की टीम भी नीदरलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज में शीर्ष खिलाड़ियों के बिना ही उतरेगी क्योंकि उसके खिलाड़ी भी आईपीएल में व्यस्त रहेंगे। लॉयड ने लिखा, इस मामले पर सभी को ध्यान देना चाहिय। बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका अनुभवी खिलाड़ियों के बिना उतरेगी यही हाल न्यूजीलैंड का भी रहेगा। इससे साफ है कि आईपीएल से पारंपरिक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम बाधित हो रहा है। वहीं इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने भी कहा था कि आईपीएम में नई टीमों के आने से अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को नुकसान हो रहा है।




सर्बिया में इथोपिया के सैम्युअल पुरुषों की 1500 मीटर फाइनल दौड़ के बाद पोज देते हुए।


## एफआईएच प्रो लीग हॉकी : मनदीप के गोल से भारत ने अर्जेंटीना को 4-3 से हराया



भुवनेश्वर, एजेंसी। मनदीप सिंह के अंतिम समय में किये गये शानदार गोल से भारत ने एफआईएच प्रो लीग हॉकी में अर्जेंटीना को दूसरे मैच में 4-3 से हरा दिया। वहीं पहले चरण का मुकाबला अर्जेंटीना ने शूटआउट में जीता था। भारत की जीत में जुगराज सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई। जुगराज ने पेनल्टी कार्नर से 2 गोल किये थे। वहीं मनदीप ने अंतिम हूटर बजने से 26 सेकेंड पहले एक गोल किया जिससे भारतीय टीम को जीत मिली। इससे पहले जुगराज ने 20वें और 52वें मिनट में जबकि हार्दिक सिंह ने 17वें मिनट में गोल किया था। वहीं अर्जेंटीना की ओर से डेला टोरे निकोलस ने 40वें, डोमेन टॉमस ने 51वें और फेरेरो मार्टिन ने 56वें मिनट में गोल किये। इस जीत से भारतीय टीम 8 मैचों में 16 अंक हासिल कर दूसरे स्थान पर पहुंच गयी है जबकि अर्जेंटीना ने 6 मैचों में 11 अंक हासिल किये हैं और वह चौथे स्थान पर है।

इस मैच का पहला क्वार्टर गोलरहित रहा। भारतीय टीम ने इसके बाद दूसरे क्वार्टर में शानदार खेल दिखाया और दो गोल किये। हार्दिक ने पहला गोल किया। इसके 3 मिनट बाद ही पेनल्टी कार्नर पर जुगराज ने गोल दागा। वहीं अर्जेंटीना ने तीसरे क्वार्टर में शानदार वापसी की। उसकी ओर से पहला गोल डेला टोरे ने किया जबकि डोमेन टॉमस ने 51वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से गोल कर स्कोर 2-2 से बराबरी पर ला दिया। जुगराज ने इसके बाद एक और गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। वहीं अर्जेंटीना के मार्टिन फेरेरो ने गोल कर स्कोर फिर बराबरी पर पहुंचा दिया।

## लक्ष्य ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन के खिताबी मुकाबले में हारे



बर्मिंघम, एजेंसी। भारत के लक्ष्य सेन का ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में जीत का सपना टूट गया है। लक्ष्य को यहां विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपिक स्वर्ण विजेता डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन ने सीधे गेम में 10-21, 15-21 से हराया। यह मुकाबला करीब 53 मिनट तक चला। लक्ष्य इस चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे भारतीय थे।

खिताबी मुकाबले में डेनमार्क के एक्सेलसेन शुरूआत से ही हावी रहे। उन्होंने पहले गेम में ही 5-0 की बढ़त बनाकर भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बना दिया। इसके बाद एक्सेलसेन ने स्कोर 9-2 किया। यहां एक ब्रेक हासिल कर वह 11-2 से आगे हो गए। वहीं दूसरी ओर लक्ष्य ने एक दो अवसरों पर अच्छे शॉट लगाए पर पहले गेम में पूरी तरह एक्सेलसेन ने शिकंजा कस लिया। उन्होंने 22 मिनट में पहला गेम आसानी से जीत लिया। इसके बाद एक्सेलसेन ने दूसरे गेम में भी 4-2 की बढ़त हासिल की पर लक्ष्य ने जल्द ही स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। इसके बाद एक्सेलसेन ने फिर बढ़त बनाकर गेम ओर मैच जीत लिया।


## आईपीएल में भुवनेश्वर ने जीती है दो बार पर्पल कैप



नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल में सबसे अब तक सबसे ज्यादा दो बार पर्पल कैप जीतने का रिकार्ड तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार के नाम है। भुवनेश्वर ने साल 2016 और 2017 में लगातार दो बार यह उपलब्धि हासिल की थी। भुवनेश्वर ने साल 2016 में पहली बार लीग के 9वें सत्र में कुल 23 विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल किया था। इसी साल उनकी टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने पहली बार आईपीएल खिताब हासिल किया था।

आईपीएल के 9वें सत्र की तरह ही भुवी ने दसवें सत्र में भी टूनार्मेंट में कुल 26 विकेट लिए। भुवी ने लगातार दूसरी बार पर्पल कैप जीती। इसी के साथ ही वह लगातार दो सत्र में पर्पल कैप जीतने वाले पहले गेंदबाज बने थे। आईपीएल के 10वें सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ तक पहुंची थी। वहीं हैदराबाद ने इस बार आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में भुवी को रिलीज कर दिया था और फिर नीलामी के दौरान 4.2 करोड़ रुपये में उन्हें फिर से शामिल किया गया। भुवनेश्वर इससे पहले साल 2009 से साल 2010 तक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का हिस्सा थे हालांकि 2 सत्र के दौरान उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। इसके बाद साल 2011 में पुणे वॉरियर्स ने उन्हें खरीदा और 2011 में डेब्यू सत्र में भुवी ने 4 मैच में 3 विकेट लिए। अगले सत्र में उन्होंने 11 मैच में 8 विकेट लिए।

## वुड की जगह टाई, रिचर्डसन या अली को शामिल कर सकती है लखनऊ




मुम्बई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र से तेज गेंदबाज मार्क वुड बाहर हो गये हैं। इससे वुड को 7.5 करोड़ में खरीदने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स टीम को इससे करारा झटका लगा है। लखनऊ ने अभी तक वुड की जगह पर किसी अन्य खिलाड़ी को शामिल नहीं किया है। वुड की जगह लखनऊ ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एंड्रयू टाई, पूर्व तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन या पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज अली खान में से किसी एक को शामिल कर सकती है।

एंड्रयू टाई : एंड्रयू टाई तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह शामिल किये जा सकते हैं। टाई ने 27 आईपीएल मैचों में अब तक 40 विकेट लिए हैं। उन्होंने साल 2018 में पंजाब किंग्स की ओर से खेलते हुए 14 मैचों में कुल 24 विकेट लिए थे। यह कंगारू गेंदबाज डेथ ओवर्स में प्रभावी साबित हो सकता है।

केन रिचर्डसन : पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज केन रिचर्डसन भी आईपीएल की मेगा नीलामी में नहीं बिके थे। वुड की जगह रिचर्डसन भी सुपर जायंट्स के लिए एक अच्छा विकल्प साबित हो सकते हैं। इस तेज गेंदबाज ने 15 आईपीएल मैचों में कुल 19 विकेट लिए हैं। रिचर्डसन के 142 टी20 मैचों में कुल 180 विकेट हैं।

अली खान : पाक मूल के तेज गेंदबाज अली खान अमेरिका की ओर से खेलते हैं। वह दुनिया भर में फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलते हैं। इसके साथ ही दो बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के दल में भी रहे हैं। केकेआर ने उन्हें 2020 में अपने साथ जोड़ा था पर चोट की वजह से वह बाहर हो गए थे।

## अय्यर को अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



नई दिल्ली, एजेंसी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के नये कप्तान श्रेयस अय्यर को उम्मीद है कि उनकी टीम आईपीएल के इस 15 वें सत्र में अच्छा प्रदर्शन करेगी। अय्यर को केकेआर ने मेगा नीलामी में 12.25 करोड़ रुपए में खरीदा है। अय्यर पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में थे। अय्यर के अनुसार वह आईपीएल के इस सत्र में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। अय्यर के अनुसार उनका पसंदीदा स्थान नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना है पर वह किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। अय्यर ने अपनी टीम के खिलाड़ियों से भी कहा है कि किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहें ओर हर प्रकार की जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा, ह्लआप हमेशा एक प्रकार की ही भूमिका नहीं निभा सकते। मैं किसी भी दिन एक पावर हिटर की भूमिका निभा सकता हूं और जरूरत पड़ने पर टीम को संभालने वाले खिलाड़ी के तौर पर भी नजर आ सकता हूं। यह सब हालातों पर निर्भर करता है। यदि आपका दिन है तो आप बाहर जाकर टीम के लिए मैच जीता सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी और अन्य खिलाड़ियों के भरोसे पर रहने की जगह स्वयं मैच जीतने के प्रयास करने होंगे।ह्व केकेआर को आईपीएल में अपना पहला मुकाबला गत विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) से खेलना है। पिछले सत्र में केकेआर उपविजेता रही थी।

**आईपीएल 2022 के लिए केकेआर टीम इस प्रकार है :**

आंद्रे रसेल, वरुण चक्रवर्ती, वेंकटेश अय्यर, सुनील नरेन, श्रेयस अय्यर, पैट कमिंस, अभिजीत तोमर, सैम बिलिंग्स, एलेक्स हेल्स, रमेश कुमार, मोहम्मद नबी, अमन खान, उमेश यादव, नीतीश राणा, शिवम मावी, शेल्डन जैक्सन, अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह, अनुकुल रॉय, रसिख डार, चमिका करुणारत्ने, बाबा इंद्रजीत, अशोक शर्मा, प्रथम सिंह।

## ब्रेथवेट की शानदार बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज हार से बची, दूसरा टेस्ट ड्रॉ

ब्रिजटाउन, एजेंसी। कप्तान क्रेग ब्रेथवेट की शानदार बल्लेबाजी से यहां मेजबान वेस्टइंडीज टीम इंग्लैंड के खिलाफ हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को ड्रॉ कराने में सफल रही है। पहली पारी में 160 रन बनाने वाले ब्रेथवेट ने दूसरी पारी में भी नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की हार को टाल दिया। इस मैच में इंग्लैड ने वेस्टइंडीज को जीत के लिए 282 रनों का लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान इंडीज टीम अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 135 रन ही बना पायीं। अंतिम दिन मेजबान टीम पर हार का खतरा बढ़ता जा रहा था पर दूसरी पारी में लगभग 4 घंटे क्रीज पर रहकर ब्रेथवेट ने अपनी टीम को हार से बचा लिया।

ब्रेथवेट ने कुल 16 घंटे क्रीज पर रहकर 673 गेंदों का सामना किया। इस दौरान ब्रेथवेट ने पूर्व ब्रायन लारा का 18 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। लारा ने अपनी 400 रन की रिकॉर्ड पारी में 582 गेंदों का सामना किया था। लारा ने यह रिकॉर्ड साल 2004 में बनाया रिकॉर्ड तोड़ा था।

मेजबान टीम ने 39 रन पर ही अपने तीन विकेट खो दिये थे पर इसके बाद ब्रेथवेट ने संयम से खेलते हुए मैच को ड्रॉ कराने में सफलता हासिल की। ब्रेथवेट ने 184 गेंदों पर नाबाद 56 रन बनाए। उन्होंने जर्मेन ब्लैकवुड के साथ चौथे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी बनायी। इसके बाद पांचवें विकेट के लिए जोशुआ डि सिल्वा के साथ नाबाद 42 रन भी बनाये। वहीं डिसिल्वा 63 गेंदों पर 30 रन बनाकर आउट नहीं हुए। ब्लैकवुड 84 गेंदों पर 27 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 507 रन पर घोषित की थी जबकि वेस्टइंडीज टीम अपनी पहली पारी में 411 रन ही बना पायी। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में जैक लीच और साकिब महमूद ने 2-2 विकेट लिए।

# भोजन में शामिल करें मशरूम



सेहत के लिए मशरूम एक बेहतरीन विकल्प है। इसके स्वाद के अलावा यह आपकी सेहत को भी कई तरह से पोषण देता है। यहीं वजह है कि मशरूम एक बेहद लोकप्रिय व्यंजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मशरूम बेहद चाव से खाते हैं। आपको अगर मशरूम के ये फायदे मालूम हों तो आप भी रोजाना मशरूम को अपने भोजन में शामिल जरूर करना चाहेंगे। सेहत के लिए मशरूम एक बेहतरीन विकल्प है। इसके स्वाद के अलावा यह आपकी सेहत को भी कई तरह से पोषण देता है। यहीं वजह है कि मशरूम एक बेहद लोकप्रिय व्यंजन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मशरूम बेहद चाव से खाते हैं। आपको अगर मशरूम के ये फायदे मालूम हों तो आप भी रोजाना मशरूम को अपने भोजन में शामिल जरूर करना चाहेंगे। मशरूम को कई तरह से यानी सलाद, सूप और सब्जी के तौर पर खाया जाता है। मशरूम कई सारे औषधीय गुणों का खजाना है। यह आपके पेट संबंधी कई बीमारियों के अलावा कई अन्य शारीरिक समस्याओं में भी फायदा पहुंचाता है। मशरूम को विटामिन डी का भी अच्छा स्रोत माना जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। एक तरफ मशरूम स्वाद में बेहद अच्छा लगता है, वहीं यह हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है। मशरूम के नियमित सेवन आपको कई गंभीर बीमारियों से लड़ने में मददगार हो सकता है। मशरूम, फाइबर, प्रोटीन और एंटीऑक्सीडेंट का एक अच्छा स्रोत है। मशरूम अल्जाइमर, हृदय रोग, कैंसर और मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मददगार हो सकता है। इसके साथ ही वजन घटाने की सोच रहे लोगों के लिए मशरूम बेहतर विकल्प हो सकता है। मशरूम में मौजूद कुछ एन्जाइम्स और रेशे शरीर से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। मशरूम में हाई न्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होते हैं। इसके साथ ही मशरूम पेट संबंधी कई समस्याओं को दूर करने में मददगार होता है।

# उबले नींबू भी होते हैं फायदेमंद



क्या आपने कभी पिया है उबले नींबू का पानी, और अगर नहीं पिया हैं तो जल्दी पीना शुरू करे क्युकि इस से जबरदस्त फायदे होते है, वैसे तो नींबू के फायदों से आपने अनजान नहीं होंगे, मगर उबले नींबू भी आपके लिए बहुत फायदेमंद साबित हो सकते हैं ये आप नहीं जानते होंगे। हम आप को बताते हैं इस के फायदे

नींबू को छिलके सहित उबालने के बारे में आपने कभी सोचा है? सुनने में आपको थोड़ा अजीब लग रहा हो, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस तरह नींबू का इस्तेमाल करके आप नींबू के सभी पोषक तत्व बहुत आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप नींबू को उबालकर पिएंगे तो कई तरह की बीमारियों से दूर रहेंगे, लेकिन जिन लोगों को नींबू से एलर्जी है, उन लोगों को इसके इस्तेमाल से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

### ठीक रखता है हाजमा :-

नींबू को उबालकर पीने से शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं, जिससे आपकी पाचन क्रिया दुरुस्त होती है।

### एनर्जी बूस्टर:-

नींबू एनर्जी को बढ़ाने में मदद करता है। उबलने के बाद नींबू के पानी के गुण कहीं ज्यादा बढ़ जाते हैं। इसके अलावा नींबू में 'विटामिन-सी' की अधिक मात्रा पायी जाती है।

# हिप्स को परफेक्ट शेप देने के लिए जरूर करें ये एक्सरसाइज



**साइड लंग्स एक्सरसाइज विद डंबल्स :** इस एक्सरसाइज में कई एक्टीविटीज हैं। यह वर्कआउट मसल्स को टोन करने के लिए दबाव डालता है। सबसे पहले अपने वजन के हिसाब से हल्के या मीडियम डंबल लें। पैरों को मिलाकर सीधें खड़े हा जाएं। अपने राइट पैर आगे रखें और धीरे धीरे इसे बाहर निकालना शुरू करें। अब अपने घुटने को मोड़ें और हिप को पीछे की ओर करें। आगे देखते हुए अपने हाथों को पुश करें, हाथों को दाहिने पैर के पास रखें, दाहिने पैर से पुश करें फिर वजन को बाएं पैर पर ले जाएं, रिपीट करें। इसे 12 बार करना है और दोनों पैरों के साथ 3-3 बार करें।

**स्प्लिट लेग स्क्वाट्स:** स्प्लिट लेग स्क्वैट्स ग्लूट्स पर दबाव डालते हैं और आपकी स्टेबिलिटी को बढ़ाती हैं। इसे करने से आपके हिप्स गोल और अधिक आकर्षक भी बनाते है। सबसे पहले अपने अपने पैरों को चौड़ाई में फैलाएं। अपने शरीर के ऊपरी हिस्से को सामने के पैर पर टिकाएं।

**स्क्वाट्स :** यह आपके निचले शरीर और आपके कूल्हों की मसल्स को टोन करने के लिए एक बहुत फेमस एक्सरसाइज है। ये आपके हिप्स की मसल्स को चौड़ा करने में मदद करती है और इससे एक अच्छी शेप मिलती है। इसे करने के लिए सबसे पहले दोनों पैरों को खोलकर सीधे खड़े हो जाएं। फिर अपने दोनों हाथों को आगे की ओर खींचे, अब कुर्सी पर बैठने जैसा प्रयास करें। इस दौरान अपने हिप को पीछे की ओर बाहर निकालें। धीरे धीरे घुटनों को मोड़ें, कमर सीधी रहे, हिप्स बाहर, हाथ सीधे और केवल घुटनों से नीचे-ऊपर होइये। 15-15 के तीन सेट करने है।

**साइड लेग लिफ्ट्स :** ये एक्सरसाइज आपके मसल्स को खिंचाव देती है और उन्हें शेप में दिखाती है। इस एक्सरसाइज के लिए आप पहले एक मैट या थोड़ी नरम सतह पर लेट जाएं।अब एक करवट लें और अपनी हथेली को सिर के नीचे रखें।अब अपने पैरों को एक के ऊपर एक करके रखें, धीरे-धीरे अपने बाएं पैर को जितना हो सके ऊपर उठाएं और इसे 1 सेकंड के लिए रोक कर रखें।

**हिप राइज एक्सरसाइज:** ये एक्सरसाइज हिप को आकार देने और उन्हें टोन करने के लिए बहुत फायदेमंद है। हिप राइज आपको गोल बट हासिल करने में मदद कर सकता है। हालांकि, ध्यान रखें कि इस एक्सरसाइज को आप सही पोस्चर में करें क्योंकि यह आपकी पीठ और गर्दन की मसल्स को इफैक्ट कर सकती है। सबसे पहले फर्श पर सीधे पीठ के बल लेट जाएं। अपने हाथों को शरीर के साथ में सीधा रखें, अब सांस रोकते हुए अपने हैमस्ट्रिंग और पेल्विक फ्लोर को ऊपर उठाएं।अपने ऊपरी शरीर को कंधों पर टिकाएं और एक सीधी रेखा बनाएं।

# चश्मा लगाने पर भी आप दिख सकती हैं खूबसूरत



चश्मा लगाने वाली लड़कियों को अक्सर इस बात से नाराजगी होती है कि चश्मे के नीचे उनकी आंखें दब जाती हैं और उन्हें सही से स्टाइल करने का मौका नहीं मिलता। लेकिन ये बात सही नहीं है। आपको बता दें कि आंखों पर चश्मा लगाने से स्टाइल में कोई कमी नहीं आती। चश्मा लगाने वाली लड़कियां भी भरपूर स्टाइलिश बन सकती हैं।

### आंखों का मेकअप

चश्मा पहनने वाली लड़कियों को आपनी आंखों को सबसे ज्यादा हाईलाइट करना चाहिए। इसके लिए आप सबसे पहले आंखों पर आई शैडो लगाएं। आई शैडो आपकी त्वचा के रंग से थोड़ा सा हल्का लें क्योंकि चश्मे के साथ आई शैडो ज्यादा लगाने से आप की आंखें छोटी लगने लगेंगी। आईशैडो में नैचुरल लुक के लिए हल्का शेड व ग्लैमरस लुक के लिए चश्मे के फ्रेम का कलर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आईलाइनर जरूर लगाएं

चश्मा लगाने वाली लड़कियों का आईलाइनर लगाना जरूरी है। इसके लिए लिक्विड लाइनर का इस्तेमाल करना बेहतर रहता है क्योंकि यह आंखों को अननैचुरल शाइन नहीं देता। लाइनर को जितना हो सके लैशलाइन के करीब लगाएं ताकि आप की आंखों की खूबसूरती अलग से दिख सके।

### ऐसा रखें हेयरस्टाइल

चश्मे के साथ खुले बाल ज्यादा अच्छे लगते हैं। बालों को बाउंसी व पफी लुक भी दे सकते हैं। रोलिंग कॉम्ब या क्रिपिंग मशीन का इस्तेमाल भी किया जा सकता है।

### लंबे ईयररिंग्स का न करें इस्तेमाल

चश्मा पहनने वाली लड़कियों पर ज्यादा लंबे ईयररिंग्स अच्छे नहीं लगते। चश्मे के शेप के अनुसार आप ईयररिंग्स पहने। आपको बता दें कि चश्में के साथ झुमके बहुत अच्छे लगते हैं। आज के मॉर्डन टाइम में जीन्स टॉप के साथ भी झुमका पहना जा सकता है। इसके अलावा छोटी कान की बालियां भी अच्छी लगती हैं।

# कई समस्याओं का समाधान है नीम

धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो नीम के पेड़ को भगवान के रूप में पूजा जाता है। और वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो नीम कई समस्याओं का समाधान है। जी हाँ नीम बहुत सारी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल किया जाता है, परंतु इसके साथ-साथ नीम के बीज से भी बहुत से लाभ होते हैं इसके पत्तों में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ने वाले गुण मुंहासे, छाले, खाज-खुजली, एक्जिमा को दूर करने में मदद करते हैं । इतना ही नहीं आप नीम के बीज के तेल के उपयोग से त्वचा कि अच्छी तरह से देखभाल कर सकते हैं।

नीम के बीज का तेल काफी लाभकारी होता है। यह हमें तेल, साबुन, क्रीम, लोशन और फेसवॉश के रूप में भी मिलता है। नीम के तेल का इस्तेमाल आप त्वचा कि विभिन्न प्रकार की समस्याओं को ठीक करने के लिए भी कर सकते है। इसके गुण से आप अपनी त्वचा को स्वस्थ और उसके दाग धब्बो से छुटकारा पा सकती है। नीम के बीच का प्रयोग आँख और कान की समस्या को दूर करने के लिए एक ड्रॉप के रूप में भी किया जाता है। इसे आप अपने बालों में लगाकर बालों में जान डाल सकती हैं। और बालों में हो रही कई समस्याओं को भी दूर कर सकती हैं।



# अरंडी का तेल बालों और चेहरे के लिए अच्छा

औषधीय गुणों से भरपूर, अरंडी के तेल का उपयोग स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं में किया जाता है। इसे अरंडी के तेल के रूप में भी जाना जाता है। ज्यादातर लोग स्वस्थ रहने के लिए घरेलू उपचार की मदद लेते हैं। इसके लिए कई तरह के उपाय आजमाए जाते हैं। उनमें से एक अरंडी का तेल है। इससे कई तरह के लाभ मिलते हैं।

अरंडी का तेल भी त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होता है। शुष्क त्वचा में इसका उपयोग नमी को बरकरार रखता है। इसके अलावा यह चेहरे पर एक चमक लाता है। इसमें मौजूद रालोलिक एसिड बैक्टीरिया को मुंहासों में बढ़ने से रोकने में उपयोगी हो सकता है। यह चेहरे को दमकता हुआ दिखाने वाले मुहासों को दूर करने में भी मदद करता है।

अरंडी का तेल भी बालों के लिए बहुत उपयोगी है। यह मॉइस्चराइजर और कंडीशनर के रूप में भी काम करता है। इसमें इसका उपयोग बालों को स्वस्थ बनाता है और टूटने से बचाता है। साथ ही यह बालों में चमक भी लाता है। कब्ज एक आम समस्या है। अरंडी का तेल कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं में फायदेमंद है। हालांकि, यह केवल एक डॉक्टर की सलाह पर लिया जाना चाहिए।

अरंडी का तेल पेट दर्द और पेट फूलने से भी राहत दिलाता है। इसलिए अरंडी के तेल की कुछ बूंदों को गर्म करें और हल्के हाथों से पेट की मालिश करें। आराम मिलेगा।



# घी में मिलाकर खाएं ये दो चीजें मिलेंगे गजब के फायदे

घी हर भारतीय रसोई में पाया जाता है, इसके बिना दाल, करी और सब्जी में स्वाद नहीं आता है और ना ही चपाती खाने में अच्छी लगती है। यहां हम आपको ऐसी दो चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनसे घी का स्वाद और बढ़ जाएगा और आपकी स्वास्थ्य को कई तरह के फायदे मिलेंगे।

**दालचीनी :** दालचीनी एंटी-वायरल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होती है, जो आपको कई बीमारियों से बचा सकते है। दालचीनी से ब्लड शुगर लेवल को कम किया जा सकता है, इससे पेट से जुड़ी समस्याओं से काफी राहत मिलती है।

### कैसे मिलाएं घी में दालचीनी

**सामग्री :** घी-एक कप, दाल चीनी - दो

**विधि :** -एक पैन में घी डालें और उसमें 2 दालचीनी की छड़ें डालें।

-मध्यम आंच पर घी को 4-5 मिनट तक गर्म करें और फिर इसे पूरी तरह से ठंडा होने दें। इससे घी दालचीनी के स्वाद को सोख लेगा।

-वहीं अगर आप घर पर मक्खन से घी बना रहे हैं, तो बस मक्खन को उबालते समय दालचीनी डाले और जब घी तैयार हो जाए तो छलनी से छानकर किसी बर्तन में रख लें।

**हल्दी :** एक्सपर्ट्स की मानें तो अगर घी में हल्दी मिलाकर खाई जाएं इससे आपको वजन घटाने में मदद मिल सकती है। हल्दी और घी का यह मिश्रण नई रक्त वाहिकाओं को बनाने में मदद करता है। जिससे हर्ट हेल्थ अच्छी होती है और गुर्दे के कार्य में सुधार होता है। इसका सेवन करने से सभी प्रकार के जोड़ों के दर्द से छुटकारा मिल सकता है। बता दें कि हल्दी में करक्यूमिन पाया जाता है, जो सूजन के इलाज में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### कैसे बनाएं ये हल्दी वाला घी

**सामग्री :** घी - एक कप, हल्दी -एक छोटा चम्मच , काली मिर्च पाउडर - आधा छोटा चम्मच

**विधि :** एक जार ले उसमें घी, हल्दी और काली मिर्च पाउडर को डालकर अच्छे से मिला लें। इसके बाद इसे एयर टाइट जार में भरकर रख लें और रोजाना इसका सेवन करें।



# ब्रेकफास्ट से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ऐसा कहा जाता हैं की सब खाना छोड़ दो लेकिन ब्रेकफास्ट हमेशा भरपेट अवश्य करना चाहिए। ब्रेकफास्ट करने से स्वास्थ्य भी विल्कुल सही रहता हैं। ब्रेकफास्ट में बहुत सी बिमारियों से बचने की क्षमता होती हैं।

अक्सर आपने कुछ लोगों को यह कहते सुना होगा कि ब्रेकफास्ट हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। दूसरी ओर कुछ लोगों का मानना है कि ब्रेकफास्ट करने और न करने से कोई भी अंतर नहीं पड़ता है। इस संदर्भ में मेदांता द मेडिसिटी, गुडग़ांव की चीफ न्यूट्रिशनिस्ट एवं डायबिटीज एजूकेटर शुभदा भनोत कहती हैं कि अगर आप स्वस्थ रहना चाहती हैं तो हर दिन बगैर किसी अवरोध के ब्रेकफास्ट करना बहुत आवश्यक है।

कई शोध-अध्ययनों से भी यह बात साबित हुई है कि ब्रेकफास्ट करने वाले लोगों का ब्रेकफास्ट न करने वाले लोगों की तुलना में न केवल शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है और वजन भी नियंत्रित रहता है। ब्रेकफास्ट करने से बॉडी फिट और स्लिम रहती है।

साथ ही दिमागी तनाव भी नहीं होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि ब्रेकफास्ट करने से शरीर में दिनभर चुस्ती-फुर्ती बनी रहती है। रात में सात-आठ घंटे की नींद लेने के बाद सुबह ब्रेकफास्ट लेना इसलिए आवश्यक है क्योंकि इससे शरीर के मेटाबॉलिज्म को सुचारु रूप से सक्रिय करने में मदद मिलती है।



# डेंगू बुखार और कमजोरी से बचाएंगे ये स्पेशल फूड

**विटामिन सी –** खाने में जितना हो सके विटामिन सी से युक्त पदार्थों का सेवन करें। विटामिन-सी आपको स्वस्थ रखने के साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इसके अलावा यह किसी भी प्रकार के संक्रमण को फैलने से भी रोकता है।



**हल्दी का प्रयोग –** किसी भी रूप में खान-पान में हल्की का सेवन करें। सामान्यतः सब्जी या दाल में हल्दी का प्रयोग तो होता ही है, इसके अलावा आप चाहें तो हल्दी वाले दूध का सेवन कर सकते हैं।इसमें मौजूद एंटीबायोटिक तत्व आपके प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत कर बीमारियों से आपकी रक्षा करते हैं।

**तुलसी और शहद –** तुलसी और शहद का प्रयोग करने से भी डेंगू से बचाव किया जा सकता है। इसके लिए तुलसी को पानी में उबालकर, इसमें शहद डालकर पिया जा सकता है।इसके अलावा आप काढ़ा या चाय में तुलसी का प्रयोग कर सकते हैं। इसमें मौजूद एंटी बैक्टीरियल गुण बीमारियों से बचाव में सहायक है।


**पपीते के पत्ते –** डेंगू के इलाज में पपीते की पत्तियां बेहतर इलाज के रूप में जानी जाती हैं। पपीते के पत्ते का रस निकालकर दिन में दो बार लगभग 2-3 चम्मच की मात्रा में लेने से डेंगू से बचाव किया जा सकता है। इसमें प्रोटीन से भरपूर पपेन नामक एंजाइम पाया जाता है, जो पाचन शक्ति को ठीक करता है इसके अलावा लाल रक्त कणों में भी वृद्धि करता है।

**अनार –** डेंगू बुखार में शरीर में होने वाली रक्त की कमी और कमजोरी को दूर करने के लिए, अनार का सेवन फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद विटामिन ई, सी, ए और फोलिक एसिड और एंटी ऑक्सीडेंट बेहद लाभप्रद साबित होते हैं। यह लाल रक्त कणों के निर्माण में भी महत्वूर्ण भूमिका निभाता है, जो खून की कमी को पूरा करने में सहायक है।

**मेथी –** मेथी की हरी पत्तियों का सेवन डेंगू से बचाव में मददगार होते हैं। इसके प्रयोग से शरीर से सभी हानिकारक और विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इसके अलावा शारीरिक दर्द और अनिद्रा की समस्या में भी यह लाभकारी होती है। इसकी सब्जी या इसे पानी में उबालकर प्रयोग किया जा सकता है। इसके अलावा मेथीदाने का प्रयोग भी किया जा सकता है।

## आज की रेसिपी

# आलू-हरे लहसुन की सब्जी



हरे लहसुन के साथ आलू और मसालों के मिश्रण से बनने वाली एक सिंधी सब्जी है. इसे बनाना बहुत ही आसान है और हरे लहसुन की वजह से इस अनोखा स्वाद मिलता है, अगली डिनर पार्टी में आप इस सब्जी को बनाकर सर्व कर सकते हैं.

**सामग्री :**

- 250 ग्राम हरा लहसुन, टुकड़ों में कटा हुआ
- 2 आलू
- 1/2 टी स्पून जीरा
- 2 हरी मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ
- 1/2 टी स्पून हल्दी पाउडर
- 1 टी स्पून धनिया पाउडर
- 1/2 टी स्पून आम का पाउडर
- स्वादानुसार नमक
- स्वादानुसार लाल मिर्च पाउडर
- धनिया पत्ती गार्निश करने के लिए

**विधि :**

- एक पैन में तेल गर्म करें। जीरा डालें और चटकने तक का इंतज़ार करें।
- आलू डाले और आलू को नरम न हो लेकिन पूरी तरह से पकाया नहीं जाता है।
- सभी मसालों और लहसुन के पत्तों को डालें। ढककर 5-10 मिनट तक पकने दें। जरूरत हो तो पानी डालें।
- धनिया पत्ती से गार्निश करें और सर्व करें।

# क्या आप अपने बच्चों का कद बढ़ाने की सोच रहे हैं?

1 और प्यूबर्टी के बीच ज्यादातर बच्चे हर साल ऊंचाई में दो इंच प्राप्त करते हैं। प्यूबर्टी में दाखिल होने पर कद प्रति साल 4 इंच की दर से बढ़ सकता है। हालांकि, हर शख्स अलग-अलग रफ्तार से बढ़ता है।

आपके बच्चे के कद को पर्यावरण, डाइट समेत कई फैक्टर प्रभावित करते हैं। सभी प्रमुख योगदानकर्ताओं में आपकी जीन भी है, जो आपके बच्चे की अंतिम ऊंचाई का 60 से 80 फीसद होता है। जीन के बारे में कुछ नहीं किया जा सकता, लेकिन सही पोषण और शुरुआती उम्र से डाइट देना आपके बच्चे के कद को कुछ इंच बढ़ाने में मदद कर सकता है।

एक साल से लेकर प्यूबर्टी के पहुंचने तक हर साल उसका करीब दो इंच कद बढ़ता है। 12-14 की उम्र यानी प्यूबर्टी में दाखिल होने पर उसकी ऊंचाई प्रति साल 4 इंच की दर से बढ़ना शुरू होती है। ये चरण पार होने के बाद कद का बढ़ना रुक जाता है। इसका मतलब हुआ कि अपने बच्चे की ऊंचाई बढ़ाने के लिए आप सिर्फ 1 से 14 साल की उम्र के बच तक ही उपाय कर सकते हैं।

पौष्टिक डाइट-चाहे व्यस्क हों या बच्चे, हर शख्स के लिए पौष्टिक डाइट बुनियादी जरूरत है। पोषक तत्वों से भरपूर 3 भोजन और 2 स्नैक्स दिमाग और शरीर के विकास में मदद करते हैं। सही प्रकार का पोषण के साथ बच्चे की डाइट में कई फूड देने की कोशिश करें। ज्यादा ताजा फल, साबुत अनाज, डेयरी और प्रोटीन के स्रोत उसकी डाइट में इजाफा करें। शुगर और प्रोसेस्ड फूड से परहेज करें।

सप्लीमेंट्स की अनदेखी करें- ये सुनिश्चित करने के लिए कि बच्चा पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा ले रहा है, माता-पिता उसको सप्लीमेंट्स भी देते हैं, जो जरूरी नहीं है। बच्चे को सप्लीमेंट्स डॉक्टर की सलाह से उसी वक्त दिए जाने चाहिए जब उसे कुछ पोषक तत्व की कमी हो या वृद्धि संबंधित समस्याओं से जूझ रहा है। प्राथमिकता फूड से पोषक तत्वों को देने की होनी चाहिए।

व्यायाम- अपने बच्चे को शुरुआती उम्र से रोजाना व्यायाम की शिक्षा देना सबसे अच्छा है। शारीरिक रूप से एक्टिव रहने के कई फायदे हैं, जिसमें कद बढ़ाना शामिल है। योग, स्ट्रेचिंग और मेडिटेशन भी शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पर्याप्त है। व्यायाम रीढ़ की हड्डी को फैलाने में मदद करता है।

बार से लटकना- लटकना हमेशा बच्चे की लंबाई बढ़ाने का सबसे अच्छा उपाय माना यगया है। बार पर लटकने से रीढ़ लंबी होती है, जो कद को बढ़ाती है। बार से निरंतर लटकना समय के साथ कद को बढ़ा सकता है। उसके अलावा, मसल को मजबूत करने में भी मदद कर सकता है।

रात की अच्छी नींद- लोग अपनी जिंदगी में अच्छी नींद के महत्व को अक्सर कमतर समझते हैं। उसके कारण उनको कई स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का ज्यादा खतरा होता है। 7-8 घंटे सोना सभी के लिए जरूरी है। व्यस्कों के मुकाबले बच्चों को नींद की ज्यादा जरूरत होती है। सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा समय पर सोए और रात भर चैन की नींद ले।

